ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 10 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-54 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

रश्मिका 13 को अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2... पेज 10 पर

लोहरदगा मंडल कारागार में छापेमारी नहीं मिलीं आपत्तिजनक चीजें

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा मंडल कारागार में प्रशासन की टीम ने शनिवार की सुबह छापेमारी की। इस दौरान जेल के कैदी वार्डों की तलाशी ली गई। प्रशासन की टीम ने गहनता से जेल की जांच की। करीब एक घंटे तक जेल में छापेमारी चली। इस दौरान डीसी ने जेलर और जेल कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने सुरक्षा के बिंदुओं पर जेल कर्मियों से जानकारी ली। लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक घंटे से ज्यादा समय तक पूरे जेल परिसर की जांच की। इस दौरान कैदियों के सामान की भी जांच की गई। इसके अलावा पूरे जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का

अवलोकन किया गया। हालांकि, जेल की जांच के दौरान पैसा, खैनी सहित छोटे-मोटे समान ही बरामद हुए हैं। किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया है। छापेमारी के दौरान जेल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात नजर आए। छापेमारी टीम में डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां के अलावा छापेमारी में एसडीओ अमित कुमार, डीटीओ सौरभ प्रसाद, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सदर बीडीओ प्रतिभा कुजूर, कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह, सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार, किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

नक्सलियों को विस्फोटक पहुंचाने वाला भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

गुमला। नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुमला पुलिस को शनिवार को सफलता हाथ लगी है। गुमला थाना के टोटो गांव निवासी परवेज आलम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परवेज आलम नक्सली समर्थक है। सक्रिय रूप से भाकपा माओवादी के लिए काम करता था।नक्सलियों तक विस्फोटक व जरूरत की सामग्री पहुंचाने के अलावा लेवी वसूलने का भी काम करता था। लेवी का पैसा वसूलने के बाद परवेज उन पैसों को नक्सली कमांडरों तक पहुंचाता था। गुमला के एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परवेज आलम लगातार नक्सलियों के संपर्क में था। इसके साथ ही कुरूमगढ़ इलाके में नक्सली संगठन को फिर से मजबूत करने के लिए प्रयास कर रहा था। नक्सलियों तक सूचना पहुंचाने के अलावा हर नक्सली को आपस में जोड़कर रखने का काम करता था। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्ता सूचना मिली थी की परवेज आलम संवेदकों को डरा-धमकाकर नक्सलियों के लिए लेवी वसूलने का काम करता था और पूर्व में भी इसका आपराधिक इतिहास रहा है। नक्सली समर्थक परवेज आलम गिरफ्तारी के डर से छिपते फिर रहा था। परवेज को पकड़ने के लिए कुरूमगढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। पुलिस ने रणनीति के तहत परवेज आलम को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू में असलहे के साथ तीन गिरफ्तार सोना बेचने के बहाने करते थे लूटपाट

दो लोडेड कट्टा, हथियार बनाने के औजार व नकली सोना का टुकड़ा बरामद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने सोना बेचने के झांसे में लेकर व्यवसायियों को हथियार के बल पर लूटने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए इस गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस को दो एक नाली व दोनाली लोडेड कट्टा, हथियार बनाने के औजार, नकली सोना का कटपीस व एक बाइक बरामद किया गया है। पकड़े गये अपराधियों में जिले के हुसैनाबाद के कुसुआ गांव निवासी चंदेश्वर राम का पुत्र पिंटू कुमार रवि, चैनपुर

थाना के सेमरटाड़ गांव के स्व. नीरज भुईया का पुत्र गुड्डू भुईया एवं इसी गांव के स्व. मुन्ना राम का पुत्र राजा चंद्रवंशी शामिल हैं। एसपी रिष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि शहर में कुछ अपराधियों द्वारा नकली सोना बेचने के नाम पर धोखाधड़ी कर लोगों से लूटपाट किये जाने की सूचना मिली थी। इसके उपरांत तत्काल गश्ती दल को निर्देशित कर चियांकी में चेकनाका के पास चेकिंग शरू कराई गईं। इस दौरान डालटनगंज की तरफ आ रहे बाइक सवार चेकिंग देख बाइक मोड़कर पीछे की ओर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक सवार तीन युवक जोरकट के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गागर में सागर

दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो युवकों की मौत, एक घायल, रेफर

लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र के टाटी - कैरो मुख्य पथ पर दोबा बरटोली के समीप शनिवार को दो बाइक के आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक बाइक सवार घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।दोनों बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि कैरो थाना क्षेत्र के नगजुवा गांव निवासी बजरंग यादव तथा रूपेश यादव अपने बाइक से नगजुवा से गढ़वा जा रहें थे। इसी बीच लाल रंग के होंडा फैशन पर सवार कुडू थाना क्षेत्र के रोन्हेया गांव निवासी निवारण उरांव टाटी की तरफ से अपनें घर जा रहा था। दोबा बरटोली के समीप दोनों बाइक में आमने-सामने की भिंड़त हो गई।इस घटना में नगजुवा गांव निवासी बजरंग यादव तथा रूपेश यादव की मौके पर मौत हो गई जबकि निवारण उरांव गम्भीर रूप से घायल हो गया।सूचना के बाद थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा घायल निवारण उरांव को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। साथ ही दोनो शवों को कब्जे में करते हुए कुडू थाना लेकर पहुंचे। शव का इंक्वेस्ट बनाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

टॉपर घोटाला के मास्टमाइंड बच्चा राय के ठिकानों पर ईडी की रेड

वैशाली (एजेंसी)। बिहार के चर्चित टॉपर घोटाला के किंगपिन अमित कुमार उर्फ बच्चा राय पर ईडी ने दबिश बढ़ा दी है। उसके ठिकानों पर शनिवार को ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। बच्चा राय के भगवानपुर के किरतपुर स्थित आवास और उसके विभिन्न कॉलेजों पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। वैशाली जिले के भगवानपुर में विशुन राजदेव टीचर ट्रेनिंग कालेज में ईडी का छापा चल रहा है। इस बीच बड़ी खबर यह है कि छापेमारी की टीम द्वारा नोट गिनने की मशीन मंगाई गई है। इसे लेकर ईडी की ओर से कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन इतना तो साफ हो गया है कि बच्चा राय के ठिकानों से भारी मात्रा में नगद मिले हैं। सूत्रों के अनुसार संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज भी मिले हैं। शनिवार की सुबह 04 गाड़ियों और पुलिस फोर्स के साथ ईडी की टीम पहुंची। बच्चा राय के घर पर भी ईडी टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। शिक्षा माफिया बच्चा राय बिहार के वैशाली में शिक्षण संस्थानों के नाम पर टॉपर बनाने की फैक्ट्री चलाते है। मुंहमांगी कीमत लेकर वह किसी को भी टॉप कराने का दावा करता है। साल 2016 में इंटर आर्ट्स की बिहार टॉपर वैशाली जिले के भगवानपुर स्थित विशुन राय कॉलेज की छात्रा रूबी राय घोषित हुई थी। एक इलेक्ट्रॉनिक चैनल से बातचीत में रूबी ने विषय के नाम के रूप में पॉलिटिकल साइंस को प्रॉडिकल साइंस कहा तो चकराए रिपोर्टर ने पूछ लिया कि इसमें क्या पढ़ाया जाता है? इसका जवाब रूबी ने दिया कि इसमें खाना बनाने के बारे में बताया जाता है। उसके बाद बच्चा राय के कारनामों की परतें खुलती चली गईं और बिहार में रुपए के बल पर टॉपर बनाने के वर्षों से चल रहे खेल का पदार्फाश हो गया। टॉपर घोटाले की खबर सामने आने के बाद कई जांच एजेंसियों ने बच्चा राय पर कार्रवाई की। उसे जेल भेज दिया गया और ईडी ने उसकी कई संपत्तियों को जब्त कर लिया।

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर चौथे दिन भी आईटी की छापेमारी

रांची। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से तीन सौ करोड़ से अधिक की नकदी मिल चुकी है। इन ठिकानों में झारखंड, ओडिशा और पश्चिमी बंगाल के दस ठिकाने शामिल हैं। आईटी की छापेमारी चौथे दिन शनिवार को भी चली। आईटी की टीम के साथ सीआईएसएफ के जवान भी मौजूद रहे। धीरज साहू के रांची में रेडियम रोड स्थित आवास में तीन बैग भी बरामद हुए। हालांकि, उसमें क्या है इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी गई। धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी खत्म हो गयी है। बताया गया है कि ओडिशा के आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम चार गाड़ियों में कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरे कई बैग लेकर वापस गई है। उस बैग में क्या है, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है। हालांकि, अनुमान है कि इन बैग में नकदी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर ने मीडिया को बताया कि कैश इतना ज्यादा है कि इसकी गिनती में अभी दो दिन और लगेंगे। इसके बाद ही आधिकारिक रूप से इसपर जानकारी दी जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि आईटी की टीम ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित कंपनियों के झारखंड, ओडिशा और बंगाल के 10 स्थानों पर छह दिसंबर सुबह छापेमारी शुरू की थी।

मुख्यमंत्री देवघर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल

झारखंड को वर्ष 2025 तक एक ताकतवर राज्य बनाएंगे : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

देवघर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को वर्ष 2025 तक एक ताकतवर राज्य बनाएंगे। पिछले दो दशकों से झारखंड पर पिछड़ेपन का जो टैग लगा था, उसे खत्म करेंगे। हम इस राज्य के लोगों को आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से इतना सशक्त बनाएंगे कि वे अपने दम पर अपना रास्ता तय कर सकें। जब यहां के लोग मजबूत होंगे तो निश्चित तौर पर राज्य भी मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ हम अपनी नीतियों और योजनाओं को न सिर्फ बना रहे हैं, बल्कि उसे धरातल पर पूरी शक्ति के साथ उतार रहे हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को देवघर जिले के गौरीपुर पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से कहा कि झारखंड एक युवा राज्य है। ऐसे में आपके सहयोग से झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदल सकते हैं। मुख्यमंत्री

ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब यह सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। बल्कि वर्ष 2021 और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार इस वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों में लग रहे शिविरों के सकारात्मक और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विभिन्न माध्यमों से जन सेवा करना ही राज्य सरकार का लक्ष्य है। उनकी समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ इसका लाभ भी प्रदान करना है। कार्यक्रम के पिछले दो चरणों में 80 लाख आवेदन मिले थे। इन आवेदनों के आधार पर हमने समस्याओं की प्राथमिकता तय की और फिर योजनाओं के माध्यम से उसका समाधान करने का कार्य किया। इसी का नतीजा है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

शिवराज को केंद्र में कृषि मंत्री का ऑफर, मामा राजी नहीं

वसुंधरा ने भी केंद्र में मंत्री पद का प्रस्ताव ठुकराया

- कृष्णमोहन सिंह

नई दिल्ली। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भोपाल छोड़कर दिल्ली आने और केंद्र में नरेंद्र सिंह तोमर की जगह कृषि मंत्री बनने के लिए कहा गया है। लेकिन शिवराज ने विनम्रतापूर्वक पूर्वक कहा है कि राज्य की जनता चाहती है कि मुझे मध्यप्रदेश की सेवा में ही रहना चाहिए। इन हालात में शिवराज कब तक अपनी बात पर अड़े रहते हैं और यदि वह मप्र छोड़ने को राजी नहीं होते हैं, तो केन्द्रीय नेतृत्व आगे क्या कदम उठाता है, यह कुछ दिन में पता चल जाएगा। इसी तरह से राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को भी केन्द्र में मंत्री बनने का प्रस्ताव दिया गया है। लेकिन उन्होंने भी राजस्थान छोड़ने से मना कर करते हुए कह दिया कि मुझे राज्य में ही रहने दिया जाए। इन हालात में केन्द्रीय आलाकमान का वह प्लान फिलहाल फंस गया है जिसमें वह ताश के पत्ते की तरह फेटते रहने का गुजरात मॉडल राजस्थान व मप्र में भी लागू करना चाहते हैं। आशंका यह भी होने लगी है कि यदि मप्र में शिवराज और राजस्थान में वसुंधरा के विरूद्ध कुछ कठोर कार्रवाई की गई ,तो एक तो संघ नाराज हो जाएगा, क्योंकि दोनों के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खड़ा है। दूसरा- तीन माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में मप्र में शिवराज और राजस्थान में वसुंधरा ने यदि कड़ा रुख अपनाया तो इन दोनों राज्यों में इसका असर तो पड़ेगा ही, अन्य राज्यों में कुछ असर पड़ सकता है। इन हालात में केन्द्रीय नेतृत्व लोकसभा चुनाव तक दोनों दिग्गज नेताओं के विरूद्ध कोई बड़ा कदम उठाने की पहल करेंगे ,इसकी संभावना कम है। लोकसभा चुनाव के बाद पूर्ण बहुमत मिलने पर ही कर सकते हैं। तब तक के लिए? यही बड़ा सवाल है, जिस पर पेंच फंसा हुआ है।

सांसद ने लोहड़ा में किया कार्यक्रम का उद्घाटन

अंतिम व्यक्ति का विकास ही विकसित भारत का संकल्प : वीडी राम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। समाज के अंतिम व्यक्ति का सर्वांगीण विकास ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रमुख ध्येय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। पड़वा प्रखंड के लोहड़ा में शनिवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू के सांसद वीडी राम ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना आदि योजनाओं के माध्यम से समाज

के निम्न तबके के लोगों को सशक्त बनाया जा रहा है। वहीं संकल्प यात्रा के माध्यम से उन्हें योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 आजादी के शताब्दी वर्ष तक देश को विकसित देश बनाने के पीएम मोदी के सपने को हर हाल में साकार करना है। इससे पूर्व सांसद ने भाजपा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

'इंडिया गठबंधन' को सनातन, राम मंदिर, राष्ट्रीय सुरक्षा व भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरती रहेगी भाजपा

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव में भाजपा ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जहां कांग्रेस से सत्ता छीन ली, वहीं मध्य प्रदेश में अपनी सरकार को बचाने में कामयाब रही। दक्षिण भारत राज्य तेलंगाना में भले ही भाजपा को उस तरह की जीत नहीं मिली हो, जिस तरह के दावे उसके नेता करते रहे थे। लेकिन, इसके बावजूद तेलंगाना में भाजपा का विधान सभा में संख्या बल और वोट प्रतिशत भी बढ़ा है।

कुछ महीने बाद होने वाले लोक सभा चुनाव से पहले मिली यह जीत भाजपा के लिए बहुत ज्यादा मायने रखती है क्योंकि इनमें से तीन राज्यों में भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस के साथ था, जिसमें कांग्रेस की हार हुई है। यहां तक कि कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य विपक्षी दल भी विधान सभा चुनाव में मिली हार को लेकर कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद भाजपा विपक्षी गठबंधन को लेकर कोई रिस्क लेने को तैयार नहीं है।

विपक्षी गठबंधन को लेकर भाजपा की रणनीति बिल्कुल साफ है कि भले ही विपक्षी गठबंधन में एकता नजर आए या न आए, उनके बीच आपस में टकराव नजर आए, लेकिन भाजपा के निशाने पर पूरा विपक्षी गठबंधन रहेगा और भाजपा के शीर्ष स्तर के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक विपक्षी गठबंधन को 'इंडी अलायन्स ' और 'घमंडिया गठबंधन' के नाम से संबोधित करते रहेंगे।

भाजपा ने विपक्षी गठबंधन के खिलाफ रणनीति को लेकर अपने कैडर तक को यह संकेत दे दिया है कि भले ही पार्टी शानदार तरीके से विधान सभा चुनाव जीती हो, लेकिन पार्टी विपक्षी गठबंधन को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा सनातन, राम मंदिर, राष्ट्रीय सुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन को घेरती रहेगी और पार्टी के निशाने पर खासतौर से कांग्रेस रहेगी।

जब डीएमके सांसद ने सदन में विवादित बयान दिया तो भाजपा ने कांग्रेस और गांधी परिवार से सवाल पूछा। विधान सभा चुनावों की जीत को सनातन विरोधियों की हार करार दिया। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को दशकों तक कांग्रेस द्वारा लटकाने, अटकाने और भटकाने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधान सभा चुनावों की तरह इसे लगातार अपनी रैलियों में कहती रहेगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के डीएनए वाले बयान को भी बड़ा मुद्दा बनाते हुए भाजपा लोगों को अमेठी हारने के बाद राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान की भी याद दिलाएगी और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मेट्रो की दौड़ में शामिल झारखंड में मेट्रो रेल क्यों नहीं?

सुनील बादल

झारखंड बनने के बाद पूरी दुनिया की मीडिया और व्यवसाय जगत की निगाहें इस पर लगीं थी कारण यह था कि खनिज और प्राकृतिक संपदा के मामले में सबसे धनी भारत के 28 वें राज्य के औद्योगिक और पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनने की संभावना अनेक विशेषज्ञ व्यक्त कर चुके थे और तत्कालीन केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिलने की संभावना थी। इसमें सबसे बड़ी बाधा थी राजधानी रांची की ट्रैफिक जो जिला मुख्यालय से अचानक राजधानी बनने के कारण बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी थी और अचानक रोजगार या व्यवसाय की तलाश में आनेवाली भीड़ के अलावा देश भर से आनेवाले लोगों से अटी पड़ी थी। अस्थिर सरकारों और बार बार बदलती अस्पष्ट नीतियों के कारण कभी अंडरग्राउंड ट्यूब तो कभी मोनो रेल तो कभी भारी

संख्या में बसों को चलाने की घोषणाएं होतीं रहीं और सार्वजनिक यातायात व्यवस्था में कमी या ट्रैफिक के दबाव में बिना परमिट वाले हजारों ऑटोरिक्शों ने एक तरह से पूरी राजधानी को कब्जे में ले लिया।

24 नवंबर 2019 को कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में रांची में मेट्रो ट्रेन की थी जो अभी सरकार में शामिल है । अगले चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है पर मेट्रो की फाइलें कहीं धूल फांक रहीं हैं । लंबे समय तक सत्ता में रही भाजपा भी इस मुद्दे को झारखंड से लेकर संसद तक उठा चुकी है पर परिणाम कुछ भी नहीं है जबकि पटना मेट्रो के दो फेज के 24 स्टेशनों के निर्माण की प्रक्रिया तेजी पर है। कुछ लोग रांची में मेट्रो के औचित्य पर ही सवाल उठा रहे थे जबकि दिल्ली एनसीआर से लगे नोएडा और गुरुग्राम के सबसे उपेक्षित से विदेशों की तरह विकसित होने के पीछे मेट्रो की सबसे बड़ी भूमिका है। रांची को यदि खूंटी, हजारीबाग, कोडरमा, जमशेदपुर, गुमला, बोकारो, धनबाद से लेकर डाल्टनगंज,गढ़वा को तेज गति के मेट्रो से दिल्ली की तरह जोड़ दिया जाए तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी तेजी से आवागमन होगा और बड़े शहरों पर दबाव काम होगा जिससे रास्ते के सभी शहर विकसित होंगे और विदेशी कंपनियां भी मेट्रो शहरों की तरह रांची में निवेश करने के लिए तैयार हो जाएंगी।

झारखंड में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने की संभावना को नकारने वालों को सांसद संजय सेठ का 17 मार्च 2021 संसद में उठाया प्रश्न पढ़ना चाहिए - ह्यरांची की आबादी अनुमानित तीस लाख के पार चली गई है। कुछ एक वर्षों में यह पचास लाख हो जाएगी। रोजाना रांची में लगभग पन्द्रह से बीस लाख लोग पूरे झारखण्ड से आते हैं। वहां समस्या बहुत गम्भीर है क्योंकिक्यों हमारे यहां फ्लाइओवर्स नहीं हैं, एलिवेटेड रोड्स नहीं हैं। इसलिए रोज जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इससे छात्र, महिलाएं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इसरो के सौर मिशन को बड़ी कामयाबी, आदित्य एल-1 ने खींचीं सूर्य की पूर्ण-डिस्क तस्वीरें

बेंगलुरु (एजेंसी)। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान पर लगे 'सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी) उपकरण ने 200-400 एनएम तरंगदैर्ध्य रेंज में सूर्य की पहली पूर्ण-डिस्क तस्वीरें सफलतापूर्वक खींची हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, एसयूआईटी ने विभिन्न वैज्ञानिक फिल्टर का उपयोग करके इस तरंगदैर्ध्य रेंज में सूर्य के प्रकाशमंडल और वर्णमंडल की तस्वीरें खींचीं। इसरो ने एक बयान में शुक्रवार को कहा, '20 नवंबर, 2023 को, एसयूआईटी उपकरण को चालू किया गया था। दूरबीन ने छह दिसंबर, 2023 को पहली प्रकाश विज्ञान तस्वीरें लीं।'

गागर में सागर

करकट्टा में आपकी सरकार शिविर का आयोजन

ऊंटारी रोड। प्रखंड अंर्तगत शनिवार को करकट्टा पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का उद्धघाटन ज़िला समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार राम, ज़िला परिषद सदस्य अरविन्द कुमार सिंह, करकट्टा मुखिया कमला देवी,20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, लहर बंजारी मुखिया अशोक सिंह, समाजसेवी कृष्णा पाल, ऊंटारी रोड थाना के एसआई रमेश चंद्र महतो, बीपीओ आबेदीन अंसारी, सतेश्वर मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टालों पर जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गयी। वहीं परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया।

पारा लुढ़का, बढ़ गई कंपकंपी

मेदिनीनगर। बंगाल की खाड़ी में उठे मिचौंग तूफान के कारण जिले में दो दिन हुई बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी है। इससे कंपकंपी में वृद्धि होने के कारण नागरिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। शनिवार शाम को एक बार फिर से आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादलों को देख धान की फसल को संभावित नुकसान की आशंका से किसान सहमे हैं। मौसम में परिवर्तन के साथ ही जिले में ठंड अपने पूरे रौ में आ गयी है। इससे अभी तक ठंड को लेकर बेपरवाह बने लोग भी सचेत हो गये हैं। हालांकि कड़ाके की ठंड शुरू होने के बाद भी अभी तक नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अलाव का प्रबंध नहीं किये जाने से राहगीरों व यात्रियों की परेशानी बढ़ गयी है। देर रात ट्रेन अथवा बस से उतरने वाले यात्री ठिठुरते हुए देखे जा रहे हैं।

फैमिली रेस्टोरेंट के नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ

विश्रामपुर। जिले के प्रसिद्ध बाबा ढ़ाबा एन्ड फैमरी रेस्टोरेंट के नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ विश्रामपुर छिपादोहर कला में शनिवार को किया गया। उद्घाटन वरीय समाजसेवी सह राजनेता छोटन उपाध्याय व बीजेएमसी के जिला अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। छोटन उपाध्याय ने कहा कि छोटे जगह पर इतने बड़े रेस्टुरेंट का खुलना क्षेत्र के व्यवसायिक विकास का प्रतीक है। ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि विश्रामपुर नप मुख्यालय के छिपादोहर कला में भी व्यापार की अपार सम्भावनायें है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

जल एवं स्वच्छता विभाग ने 11 गांवों के मुखिया को सौंपी चाभी

अब ई-रिक्शा से गांवों में होगा कचरे का उठाव

स्वच्छता अभियान के तहत अब पंचायतों को स्वच्छ करने की कवायद शुरू कर दी गयी है

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा प्रदत्त ई-रिक्शा का वितरण शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड परिसर में हरिहरगंज तथा पीपरा प्रखण्ड के 11 गांवों के मुखिया के बीच किया गया। इस दौरान विभाग के पलामू जिला समन्वयक धर्मेन्द्र कुमार दुबे व ब्लाक वाश कोआर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा, सलैया, सरसोत, खड़गपुर, सिमरवार, कुलहिया, कटैया, तुरी एवं पीपरा प्रखण्ड के सरैया, तेंदुई, बभंडी पंचायत के मुखिया सहित उनके प्रतिनिधिओं को ई-रिक्शा का चाभी सौंपा। वहीं ब्लॉक वाश कोआर्डिनेटर ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत अब पंचायतों को स्वच्छ करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। सभी पंचायतों में ई-रिक्शा के जरिये कूड़ा-कचरा ेका उठाव किया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, बलराम भुइंया, सत्येन्द्र भुइंया, बसपा नेता अमित यादव उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

हरिहरगंज। शहर अंतर्गत सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक डा. विन्देश्वरी प्रसाद चौधरी को भावपूर्ण विदाई दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक व्यास नारायण सिंह तथा संचालन शिक्षक डा. ओरेन्द्र कुमार यादव ने किया। मुख्य अतिथि शिक्षक युगेश प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि नंदकुमार सिंह तथा प्राचार्य अजय राय की उपस्थिति में वक्ताओं ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक डा. चौधरी की विद्वता, व्यवहार कुशलता से पूर्ण सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ जीवन व दीघार्यु होने की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मदन सिंह, हरिद्वार मेहता, अभिलाषा कुमारी, रवि यादव, धर्मेंद्र सिंह, अभय कुमार, शिक्षक नागदेव यादव, नीरज सिंह, कन्हैया प्रसाद सिंह, गोपाल शरण राणा, डा. राजकुमार उपस्थित थे।

अध्यापकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

सीएम छात्रवृति योजना में मिडिल स्कूल के 14 बच्चे सफल

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना 2023 के तहत ली गयी प्रखंड स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में राजकीय कृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के 14 बच्चों ने सफलता हासिल की है। उत्तीर्णता हासिल करने वाले बच्चों में मनीष कुमार ,धीरज कुमार शर्मा,अमरेश कुमार शर्मा ,रुद्राक्ष कुमार,जय प्रकाश कुमार, आदित्य कुमार, पप्पू कुमार ,अमर कुमार, किरण कुमारी ,सानिया कुमारी ,शालिनी कुमारी का नाम विशेष रुप से उल्लेखनीय है। विद्यालय परिसर में एक सादे समारोह में एचएम कन्हैया प्रसाद ने प्रतिभागियों को पेन व कॉपी देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता जुबैर अंसारी, शिक्षिका सुषमा पांडेय व रश्मि प्रकाश ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। मालूम हो कि इस परीक्षा के180 प्रश्नों में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित व रिजनिंग से प्रश्न पूछे जाते हैं।

गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन से दो-पहिया वाहन की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। गढ़वा रोड जंक्शन रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के समीप से एक टू व्हीलर लूना बाइक शनिवार सुबह चोरी हो गई है। जिसे लेकर भुक्तभोगी ने स्थानीय पुलिस को आवेदन के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर के सोरडीहा निवासी विकास कुमार अपनी टीवीएस लूना बाइक से एक रिश्तेदार को ट्रेन पकड़ाने गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन गये थे। जहां इन्होंने टिकट काउंटर के समीप बाइक को पार्क कर टिकट लेने के लिए गये। वापस लौटने पर उन्होंने वाहन गायब पाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

बोनीफाश लकड़ा की मनायी पुण्य तिथि

मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने जिला कार्यालय में संविधान सभा के सदस्य बोनीफाश लकड़ा की 47 पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया किया। कार्यकताओं ने सर्व प्रथम बोनीफास लकड़ा के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकम की शुरूआत की। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि बोनीयफास लकड़ा आदिवासियों के न्याय दिलाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। वे आदिवासी समाज के आवाज थे। झारखंड राज्य आंदोलन के प्रथम पंक्ति के नेता थे।

काके कला पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार शिविर

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार फेज टू शिविर का काके कला पंचायत मे आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे, मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में ग्रामीणों की सुविधा के मद्देनजर 18 स्टॉल लगाये गये। इस दौरान जेएसएलपीएस के सखी मंडलों को 40लाख रूपये के चेक प्रदान किये गये। शिविर में 695 अबुआ आवास, दो म्यूटेशन, चार चेक स्लिप, ठंड को देखते हुए दस आंगनवाड़ी स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। साथ ही 10 बच्चों के बीच 4500 रूपये का चेक वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड सहायक मृत्युंजय सिंह, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सुनीता कुमारी, दरोगा सिंह उपस्थित थे।

बिहार, यूपी होते हुये पहुंचेंगे नई दिल्ली

पर्यावरण बचाने को लेकर सीआरपीएफ जवान ने शुरू की 1300 किमी साइकिल यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सीआरपीएफ के एक जवान ने छुट्टी लेकर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए 1300 किलोमीटर का साइकिल यात्रा शुरू किया है। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के नावाटोली के रहने वाले निशाद आलम वर्ष 2004 से सीआरपीएफ में कार्यरत हैं। उनका शौक बचपन से ही सेवा करने का रहा है। वहीं अब छुट्टी लेकर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता हेतु पलामू जिले के ऐतिहासिक छः मुहान चौक से नई दिल्ली के नए संसद भवन तक का सफर शुरू किया है। जवान निशाद ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाने के प्रति जागरुक करना है, ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण बच सके। पृथ्वी पर 75 प्रतिशत जल है, लेकिन पीने योग्य महज 3 प्रतिशत ही है। वहीं भू-गर्भीय जल स्तर दिन ब दिन नीचे जा रहा है। इसलिए पानी को बर्बाद न करें। उन्होंने बताया कि वो झारखंड, बिहार व उत्तर प्रदेश से सफर करते हुए नई दिल्ली पहुचेंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में 27 सितंबर को डोरंडा रांची से डालटनगंज तक का 180 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके हैं। इसके साथ साथ पुणे में पोस्टिंग के दौरान छत्रपति शिवाजी से हाजियाली तक 13 किलोमीटर व जबलपुर से मदन महल तक 16 किलोमीटर पद यात्रा कर चुके हैं।

कार्यालय–जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू
(महात्मा गांधी नरेगा कोषांग)

आवश्यक सूचना
(विज्ञापन संख्या–01/2023)

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक–4729 दिनांक–04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक–6440 दिनांक–17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक–848 दिनांक–21.03.2017 के आलोक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियन्ता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियन्ता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक, ग्राम रोजगार सेवक के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदक के द्वारा दिनांक 13.12.2023 से दिनांक 02.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक वेबसाईट http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर केवल ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं रिक्त पदों के लिए वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी पलामू जिला के वेबसाईट palamu.nic.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 313097District(23-24)#D

भाकपा नेताओं ने जन समस्याओं पर की चर्चा

बिनहुआ टोले के पार बने रेलवे अंडर पासः रुचिर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो व नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने सदर प्रखंड के ग्राम सुआ में सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो के घर बैठक कर सदर प्रखंड के जन समस्याओं की जानकारी हासिल की। बैठक में जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि यहां सबसे बड़ी जन समस्या लोगों के मेदिनीनगर जाने के लिए रेल पटरी को पार कर जाने की समस्या है। यहां अंडर पास बनाना बहुत जरूरी हो गया है । इससे आये दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। पिछले रामनवमी में भी बिनहुआ टोला के लोग रेलवे क्रॉसिंग पार करने में दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा चुके हैं। भाजपा के सांसद व विधायकों का इस ओर ध्यान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी 17 दिसंबर को हजारों ग्रामीणों के साथ रेलवे अंडरपास बनाने के लिए रेलवे लाइन के समीप बैठक कर रणनीति बनायी जायेगी। बैठक में अर्जुन सिंह,दिनेश राम, बसंत सिंह, मोहन सिंह, रंजीत सिंह चेरो, अनुज सिंह, निरंजन सिंह, सरवन सिंह चेरो उपस्थित थे।

कैंपस प्लेसमेंट में 59 विद्यार्थियों का चयन

विश्रामपुर। आरसीआईटी के सभागार में दो दिनी कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर पुणे के सुब्रोस इंडिया लिमिटेड ने 59 छात्रों का चयन किया। आरसीयू के चांसलर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आरसीयू की ओर से छात्रों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह एवं उप-निदेशक अनुराग चंद्रवंशी के प्रयास से छात्रों का प्लेसमेंट संभव हो पा रहा है।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज
E-Mail ID:- dscopalamu2019@gmail.com

आम सूचना

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में पलामू जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को योजना लागत कुल रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत (अधिकतम रू0 5.00 लाख) अनुदान पर **छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राइस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों** को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू0 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू0 1.60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् है:–

S. No.	Detail of Agri. Machine	Total Packege cost for group (Rs in lakhs)	Maximum subsidy for group (80%) (Rs in lakhs)	Target
1	2	3	4	5
1	Mini Tractor (12.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachement etc.	6.25	05.00	कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य (सं0) OSP– 05 SCSP– 04
2	Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power- ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame.			
3	Power weeder/ rotary tiller			
4	Self Propelled Rice transplanter.			
5	Self Propelled Reaper			
6	Rice Huller with Polisher.			
7	Mini Rice mill			
8	Mini Tractor Compatible - Rotavator (2.5-4.0 ft)			
9	Mini Tractor Compatible - Cultivator (5-7 tynes)			कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य (सं0) OSP– 06 SCSP– 02
10	Mini Tractor Compatible - Disc Harrow (8-10)			
11	Mini Tractor Compatible seed cum fertilizer Drill			
12	Mini Tractor Compatible Cage Wheel			
13	Mini Tractor Compatible Universal mounting Frame.			
14	Paddy thresher			
15	Wheat thresher			
16	Paddy thresher			
17	Post harvest equipments - Flour Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller			
18	Alternator 10-15 Kw			
19	Centrifugal Pumps with suction pipe 5-8 kw compatible power source			
	63mm/75mm HDPE Pipe maximum upto 500 feet (BIS Certification)			
	Total cost:-	6.25	05.00	

लाभुक का चयन की पात्रता:–

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, पलामू द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी/कृषक समूह जिसमें कम से कम 10–12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायकता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पलामू के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा या बैंक ऋण के माध्यम से कृषि यंत्र क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा या लाभुक समूह के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के बैंक खाते में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। कुल औसत लागत 80 प्रतिशत अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड, स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कार्यालय पलामू के माध्यम से निशुःल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ईच्छुक कृषक दिनांक 20.12.2023 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज से आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरा हुआ आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते है।

विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता:–कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज ।
पलामू समाहरणालय, **BLOCK - C** के उपरी तल्ला
फोन नं0–06562–230223

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज।

PR **313091** (District) 23-24 (D)

पहल | तूरी पंचायत में शिविर का आयोजन

आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

शिविर में 7 स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना का लाभ देने के साथ ही लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व कंबल वितरित किया गया

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के तूरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ रवि कुमार, सीओ यामुन रविदास, आकांक्षी ब्लाक कोआर्डिनेटर प्रणव कुमार, मुखिया संदीप यादव द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया गया। शिविर के माध्यम से आमजनों ने अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन दिया। शिविर में 7 स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना का लाभ देने के साथ ही लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व कंबल वितरित किया गया। वहीं बाल विकास परियोजना अंतर्गत चार महिलाओं का गोदभराई तथा छह बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। मौके पर एमओ ब्रजेश कुमार, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, निरंजन सिंह, प्रगति प्रकाश, रंजन, पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, पंकज चौधरी, अशोक कुमार, मिथिलेश पासवान, जमाल वारिस के अलावे रामू यादव, महादेव यादव, महेंद्र यादव, डा. ओमप्रकाश सिंह, रामजी पासवान, मिथिलेश यादव, उमा यादव, रवि यादव, सुनील कुमार, विजय यादव मौजूद थे।

गागर में सागर

20 सूत्री उपाध्यक्ष ने नवागत बीडीओ से की मुलाकात

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक के नेतृत्व में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी से औपचारिक मुलाकात कर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग काफी अनुभवी एवं मिलनसार महिला पदाधिकारी हैं। निश्चित ही इनके कार्यकाल में प्रखंड का विकास होगा एवं सरकार की चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की मासिक समीक्षा बैठक के बारे में भी चर्चा की। समिति सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर एवं जतरू उरांव भी मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष ने किया गर्म कपड़े का वितरण

मेदिनीनगर। ठंड के प्रकोप देखते हुए शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ के पलामू जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया ने कार्यकर्ताओं के साथ बाजार क्षेत्र में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद सभी का नैतिक दायित्व है। पार्टी के उपाध्यक्ष साकिब सिद्दीकी,उपाध्यक्ष जिम्मी, युवा नेता इरशाद खान,राहुल,मनोज मौजूद रहे।

भवन निर्माण में अनियमितता की हो जांच : रेणु देवी

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच की केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड की पूर्व प्रमुख रेणु देवी ने प्रखण्ड के रबदा मध्य विद्यालय भवन निर्माण में संवेदक द्वारा बरती जा रही भीषण अनियमितता के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों रबदा पंचायत के वार्ड सदस्यों,गणमान्य लोगों व राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों द्वारा निर्माण स्थल पर पहुंचकर नाराजगी भी जताई जा चुकी है। इसके बावजूद अभी तक प्रखण्ड के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व जिला प्रशासन के किसी अधिकारी द्वारा घटिया निर्माण कार्य की जांच नहीं करना निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भवन निर्माण की नींव से लेकर सभी कार्यों में गुणवत्ता की घोर अनदेखी की गयी है। यदि इस संबंध में तत्काल पहल नहीं की गई तो आंदोलन छेड़ा जायेगा।

धूमधाम से मनी सैमफोर्ड हॉस्पिटल की पांचवीं वर्षगांठ

मेदिनीनगर। रांची के सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल सैमफोर्ड ने अपनी पांचवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी। हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर अमित चंदेल द्वारा वर्षगांठ के मौके पर पलामू जिला अन्तर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच भाषण, गायन, पेंटिंग सहित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 5 बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अमित चंदेल ने कहा की हमारे अस्पताल प्रबंधन का सदैव प्रयास होता है कि आमजनों को इलाज में सहुलियत हो। मध्यम वर्गीय परिवार का भी बेहतर इलाज हो सके। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य परशुराम तिवारी, सहायक शिक्षक विजय ठाकुर, निशा रानी, आर्यभट्ट मैथमेटिक्स ओलंपियाड के निदेशक आनंद कुमार, युवा समाजसेवी अमित कुमार पांडेय उपस्थित थे।

किशुनपुर पंचायत सचिवालय में केसीसी शिविर लगा

मेदिनीनगर। प्रखंड के किशुनपुर पंचायत सचिवालय में केसीसी को लेकर शुक्रवार को विशेष शिविर लगाई गई। इस क्रम में आवेदकों में मात्र दो को योग्य पाया गया। मुखिया सुमन गुप्ता तथा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार ने शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार ने केसीसी लोन लेने वाले किसानों को जमीनी दस्तावेज साथ जमा करने को कहा ताकि ऋण यथाशीघ्र स्वीकृत किया जा सके। शिविर में केसीसी लेने और समय से ऋण रोटेशन करने, ऋण किस्तों की अदायगी करने पर बैंक से मिलने वाले लाभ की जानकारी शाखा प्रबंधक ने दिया। शिविर में फ्रॉड ट्रांजक्शन से बचने के लिये जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक ने अपील की कि अपनी बैंक खाता की जानकारी किसी भी फ्रॉड कॉल पर नही दें।

पुलिस ने किया जल्द मामले के खुलासे का दावा

अनसुलझी है वनांचल ग्रामीण बैंक में चोरी के प्रयास की गुत्थी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड वनांचल ग्रामीण बैंक की कुंदरी शाखा में 6 दिसंबर की रात हुये चोरी के प्रयास की गुत्थी अभी भी अनसुलझी है। दूसरी तरफ पुलिस ने जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर देने का दावा किया है। बताया जाता है कि कुंदरी शाखा में छह दिसंबर की मध्य रात्रि अज्ञात चोर गैस कटर से मुख्य द्वार के ताले को काटने के बाद ग्रिल को तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। वहां पड़ी बंद आलमारी में रूपया भरा होने की बात सोचकर चोरों ने इसे भी गैस कटर से काट डाला, लेकिन उन्हें तब बहुत बड़ी निराशा लगी। जब आलमारी को कागजातों से भरा पाया। संभवतः देर हो जाने अथवा किसी की आहट पाकर रूपया लिये बिना ही चोर वापस लौट गये थे। 7 दिसंबर की सुबह बैंक पहुंचे शाखा प्रबंधक विजय राम ने तत्काल लेस्लीगंज थाने में मामले की लिखित सूचना दी। थाना



प्रभारी गौतम राय ने बताया कि सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से बैंक में लगा सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील नहीं होने के कारण चोरों की पहचान में दिक्कत आ रही है। इसके साथ ही चोरों ने मौके पर कोई निशान भी नहीं छोड़े हैं। हालांकि चोरों की कार्यशैली से वे नौसीखिये प्रतीत हो रहे हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ़्तार कर लिया जायेगा।

पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

मेदिनीनगर। शुक्रवार की देर रात पिकअप वाहन की चपेट में आकर छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सड़मा गांव निवासी महेंद्र उरांव के पुत्र मोहन उरांव उम्र 20 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना एनएच 98 फोरलेन चौखड़ा मोड़ के समीप हुई है। जहां एक अज्ञात पिकअप वैन ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में घटनास्थल पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की बाइक पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। मौके पर पहुंची छतरपुर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। नगर पंचायत के समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने छतरपुर प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने व वाहनों की तेज रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग की है।

बैठक कर बनायी रणनीति, शहीदों को किया जायेगा नमन

आम नागरिकों के साथ विजय दिवस मनायेंगे पूर्व सैनिक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा बैठक कर आगामी 16 दिसंबर को विजय दिवस आम नागरिकों के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान समारोह भव्य स्वरूप प्रदान करने की रणनीति बनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र ने कहा कि 1971 में पाकिस्तान पर भारत की अभूतपूर्व विजय की याद में प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार शहर के छहमुहान स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद चौक पर युद्ध के दौरान शहीद हुये वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। इस दौरान जिले में निवास करने वाले शहीदों के परिजनों व

वीर नारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। बैठक में आयोजन के लिये सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गयी। कार्यक्रम का संचालन महासचिव दिनेश गुप्ता ने किया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गयानंद पांडेय, उपाध्यक्ष गिरिवर प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, कोआर्टिनेशन अधिकारी रमन श्रीवास्तव, मो. रफीक अंसारी, अशोक कुमार दुबे, जनार्दन सिंह, मुक्तेश्वर कुमार, ददन सिंह, अगस्त तिवारी, मणिभूषण तिवारी मौजूद थे।

भंडारे के साथ पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

श्री राणी सती दादी के अनुपम श्रृंगार ने मोहा मन, भक्तों में उत्साह

मां को 56 भोग चढ़ाकर सर्व मंगल की कामना की गयी

मां का दर्शन कर सैकड़ों नर-नारी निहाल हो उठे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय रेड़मा चौक के समीप नव निर्मित श्री राणी सती दादी मंदिर प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शनिवार को विशाल भंडारे के साथ समापन किया गया। इससे पूर्व प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री राणी सती दादी के अनुपम श्रृंगार ने भक्तों का मन मोह लिया। इस दौरान मां को 56 भोग चढ़ाकर सर्व मंगल की कामना की गयी। मां का दर्शन कर सैकड़ों नर-नारी निहाल हो उठे। रांची स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर के मुख्य ट्रस्टी रतन जी जालान ने दादी मां का श्रृंगार किया। तीन गंबदों वाले विशाल नवनिर्मित मंदिर में श्री राणी सती दादी, हनुमान जी व

श्रीगणेश की पुर्न प्राण प्रतिष्ठा के साथ 12 सतियों की विधि-विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा की गयी। रांची से आये आचार्य श्याम सुंदर जी के नेतृत्व में यज्ञ शाला में पूर्णाहुति आहुति अर्पित की गयी। महायज्ञ के समापन पर आयोजित विशाल भंडारे में 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य कार्यक्रम संयोजक मनोज तुलस्यान ने बताया कि भव्य मंदिर आज से संपूर्ण सनातन समाज को समर्पित कर दिया गया है। पुजारी श्रवण पांडेय द्वारा पूर्व की तरह मंदिर में पूजन-अर्चन किया जायेगा। आयोजन में सुरेश भिवानिया, आलोक सांवरिया, गोपाल छापड़िया, संजय केजरीवाल, मंदिर ट्रस्ट के मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, पीयूष तुलस्यान, सुशील तुलस्यान, गोपाल हाजीपुरिया, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, बद्री सिंघानिया, मनोज भिवानिया, मनीष भिवानिया, संदीप केजरीवाल, विकास उदयपुरी, यश सर्राफ, दीपक नेमाला, प्रभात अग्रवाल आदि ने अहम भूमिका निभाई।

पलामू बार एसोसिएशन चुनाव बना रोमांचक

पलामू बार अध्यक्ष पद पर पूर्व व निवर्तमान अध्यक्ष आमने-सामने

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद पलामू बार एसोसिएशन चुनाव की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गयी है। अध्यक्ष पद पर सिर्फ दो उम्मीदवार होने से निवर्तमान व पूर्व अध्यक्ष में आमने-सामने की टक्कर से इस बार चुनाव अत्यंत रोमांचक हो गया है। निवर्तमान अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव व पूर्व अध्यक्ष बलराम तिवारी दोनों अपने-अपने कार्यकाल के विकास कार्य के आधार पर चुनाव मैदान में हैं। पिछले कार्यकाल में बार हित में कराये गये कार्यों के आधार पर जहां श्री यादव जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं वर्ष 2013-15 के दौरान अध्यक्ष रहे श्री तिवारी अधिवक्ताओं को अपने कार्यकाल की याद दिला रहे हैं। इससे पूर्व श्री तिवारी वर्ष 2003-05 में बार के महासचिव व वर्ष 1995-96 में उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि अंतिम दिन निर्धारित समय तक किसी

उम्मीदवार ने भी अपना नाम वापस नहीं लिया। इससे बार एसोसिएशन के 16 विभिन्न पदों पर 50 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमायेंगे। अध्यक्ष के साथ सहायक लेखाकार व संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर भी दो-दो उम्मीदवार रहने से लड़ाई रोचक हो गयी है। 11 दिसंबर को उम्मीदवारों के नामों का अंतिम रूप से प्रकाशन होने के बाद चुनाव प्रचार पूरे उफान पर आ जायेगा। बार एसोसिएशन चुनाव 16 दिसंबर को किया जायेगा। 17 दिसंबर को मतगणना के बाद उसी दिन परिणामों की भी घोषणा कर दी जायेगी। चुनाव कार्यों में अधिवक्ता संजय दुबे पूरे तन्मयता से जुटे हैं।

डा. आरके झा को मिला वित्तीय अधिकारी का प्रभार

डा. मृत्युंजय कुमार बने एनपीयू के प्रभारी कुलसचिव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में शनिवार को दो बड़े फेरबदल किए गये। कुलाधिपति के आदेश व सहमति से विवि के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य द्वारा जारी अधिसूचना के तहत स्थानीय जीएलए कालेज के मनोविज्ञान विभाग में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत डा. मृत्युंजय कुमार को प्रभारी कुलसचिव व जीएलए कालेज के ही भौतिक विभाग के सहायक अध्यापक डा. आरके झा को वित्तीय अधिकारी का प्रभार दिया गया। दोनों पदों का कार्यकाल छह महीने अथवा स्थाई नियुक्ति तक निर्धारित की गयी है।

स्कूल, कॉलेज, साप्ताहिक हाट, रेलवे स्टेशन जाने में सुविधा प्रदान करना उद्देश्य : डीटीओ

सीएम ग्राम गाड़ी योजना को लेकर डीटीओ ने बस संचालकों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सभी बस संचालकों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना पर चर्चा की गई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों का चयन करने को लेकर एमव्हीआई व बस संचालकों के साथ विचार-विमर्श किया। कहा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों को शहर से जोड़ने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत की जा रही है। इसके लिए मार्ग का निर्धारण इस तरह से किया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शहर के स्कूल, कॉलेज,साप्ताहिक हाट,रेलवे स्टेशन व अस्पताल आने -जाने में कोई परेशानी न आये। साथ ही इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक,झारखंड

आंदोलनकारी,दिव्यांग व विधवा महिलाओं को बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावे निर्धारित रूटों पर बस संचालित करने वाले बस संचालकों को वाहन खरीदने पर सब्सिडी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्हें परमिट तथा फिटनेस शुल्क पर भी रियायत दी जायेगी। इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के लिए मार्ग कर, परमिट शुल्क व वाहन निबंधन शुल्क मात्र 1 रुपये देना होगा। बैठक में मोटर यान निरीक्षक लाल बिहारी यादव, बस एसोसिएशन के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, बस संचालक पंकज कुमार तिवारी, उमाकांत सिंह, जनेश्वर प्रसाद सिंह, मनोज तिवारी, डीटीओ कार्यालय के प्रधान सहायक मनोज पासवान व कर्मी प्रकाश राम आदि उपस्थित थे।

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

दृष्टि दिव्यांग नंदिनी की उम्मीदों को लगे पंख

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना जहां आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा में मददगार साबित हो रहा है। वहीं सावित्रीबाई फुले किशारी समृद्धि योजना गरीब बालिकाओं के लिए आशा की किरण साबित हो रही है। दृष्टि दिव्यांग नंदिनी की उम्मीदों में भी इस महत्वाकांक्षी योजना ने पढ़ाई के क्षेत्र में उड़ान भरने के पंख लगा दिये हैं। झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत बरडंडा पंचायत के बरवाडीह गांव निवासी नंदिनी कुमारी को तीसरे किश्त की राशि 5000 रूपए का चेक प्रदान किया गया। करीब 60% से अधिक दृष्टि दिव्यांग होने के बावजूद नंदिनी में पढ़ाई का जज्बा देखने लायक है। उसके चेहरे की आभा से ही उसकी पढ़ाई की रूचि का आकलन किया जा सकता है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरडंडा पंचायत में लगे शिविर में नंदिनी को योजना का लाभ मिला। शिविर में नंदिनी उत्साह से लबरेज थी। उन्होंने बताया कि उसके पिता का नाम नंदलाल राम है, जो दैनिक मजदूरी करते हैं। वहीं मां सुशीला देवी ग्रहिणी है। आमदनी नहीं होने के कारण पढ़ाई जारी रखने में बहुत ही कठिनाई होती थी, लेकिन सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ से वह पढ़ाई को अब तक जारी रखे हुये है। उन्होंने झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सीधे शब्दों में धन्यवाद दिया है। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि आपके द्वार कार्यक्रम में ऑन स्पॉट सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनों को दिया जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। योजना के तहत बालिकाओं को अच्छी शिक्षा के लिए 40,000 रुपए तक की सहायता राशि दी जाती है।

राहत पीडीजे ने लाभुकों से द्वीप प्रज्ज्वलित करा लोक अदालत का कराया उद्घाटन

23010 मामलों का निस्तारण, दो करोड़ 91 लाख 20 हजार 933 रुपये का मामला सेटल

वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

अधिक से अधिक रियायत देते हुए वादकारियों के मामलों का निस्तारण करे : पीडीजे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झालसा के निर्देश पर चालू वर्ष के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को स्थानीय व्यवहार न्यायलय परिसर में किया गया। इसका उद्घाटन पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति में लाभुकों से द्वीप प्रज्ज्वलित कर कराया। उन्होंने कहा कि लाभुक लोक अदालत के अतिथि के समान है। उन्होंने बेंच के पीठासीन पदाधिकारियों को कहा कि आज अधिक से अधिक रियायत देते हुए वादकारियों के मामलों का निस्तारण करें। सुलभ न्याय पाने का इससे बेहतर कोई मंच नही हो सकता। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले

निस्तारण के लिए 13 पीठों का गठन किया गया था। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 23010 मामले का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि इस दौरान कोर्ट में विभिन्न मामलों के लंबित 2347 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं प्री लिटीटिगेशन के 20466 मामले व बैंक रिकवरी के 197 मामले का निष्पादन किया गया। लोक अदालत में दो करोड़ 91 लाख 20 हजार 933 रुपए के मामले सेटल हुए। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा,डीजे विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, अमरेश कुमार, प्रेमनाथ पांडेय, संजय सिंह यादव,आनंदा सिंह, अमित गुप्ता, संदीप निशित बारा, निशिकांत, शिखा अग्रवाल, रितु कुजूर, मनोज कुमार,सतीश कुमार मुंडा, अमित बंसल, मिस रूबी ,मिस अपेक्षा ,चंदन कुमार गोस्वामी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह,डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय उपस्थित थे।

गागर में सागर

प्रखंड कार्यालय के सुंदरीकरण में राशि की बंदरबांट, प्रमुख ने की शिकायत

केतार। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने शनिवार को उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर

आनंद शंकर इंटरप्राइजेज पर प्रखंड कार्यालय के सुंदरीकरण के नाम पर राशि की बंदरबांट करने की शिकायत की है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने उल्लेख किया है कि आनंद शंकर इंटरप्राइजेज के द्वारा प्रखंड कार्यालय केतार में प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष, प्रमुख कक्ष और प्रखंड मीटिंग हॉल का सुंदरीकरण में भारी अनियमितता बरतते हुए सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है। यहां संवेदक द्वारा सिर्फ 70-80 हजार रुपये का काम किया गया है। लेकिन संवेदक द्वारा 4 लाख 34 हजार 552 रुपये का वाउचर सेव कराया गया है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए वेंडर द्वारा कराये गये कार्य की जांच करते हुए मानक के अनुरूप कार्य का भुगतान कराने का आग्रह किया है। वहीं जब तक सुंदरीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हो, तब तक वेंडर की भुगतान पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

केतार थाने में की गई तीन पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना

केतार। केतार थाना में पदस्थापित एसआई उस्मान सेख, अरूण यादव और सतीश चंद्र मांझी का स्थानांतरण गढ़वा और मझीआंव थाना में हो गया है, जबकि अलग-अलग थाना में पदस्थापित तीन पुलिस अधिकारी सुदामा पांडे, विश्वनाथ हेंब्रम और अमरेन्द्र कुमार को केतार थाना में पदस्थापित किया गया है।

कोल मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान

केतार। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर केतार पुलिस ने शनिवार को कोल मोड़ और बी मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस क्रम में पुलिस ने सड़क से गुजरने वाली दर्जनों दो पहिया वाहनों की कागजात, हेलमेट, इंश्योरेंस, वाहन की डिकी,और ड्राईवरी लाइसेंस जांच की। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बीना हेलमेट और लाइसेंस के सफर कर रहे करीब दो दर्जन वाहनों को जब्त किया। पुलिस ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और लाइसेंस लेकर सफर करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा की वाहन चालकों को आज जागरूक किया गया अगले दिन से नियम का पालन नहीं करने पर वाहन जब्त किया जायेगा।

मुखिया ने किया कंबल का वितरण

कुदा (चतरा)। कुंदा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती मरगड्डा पंचायत मुखिया उपेन्द्र पासवान ने बढते ठंढ को देखते हुए बुजुर्ग व जरूरतमंदों के बीच लगभग 20 कम्बल का वितरण किया। मुखिया ने काहा की बढ़ते ठंढ में वैसे जरूरतमंद बुजुर्ग जो कम्बल खरीदने में असमर्थ है उन्हें हर सम्भव सहयोग करने का प्रयास किया जाएगा। जरुरतमंदों को भी आगे सहयोग की बात कही।

जल सहिया व महिलाओं को प्रशिक्षण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दुवारी पंचायत भवन में जल जीवन मिशन के तहत शनिवार को मुखिया के जगदीश यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मंजू देवी ने जल सहिया व सक्रिय महिलाओं को जल जीवन मिशन से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही सभी को शुद्ध पेयजल पीने के लिए गांव में लोगों को जागरूक करने की बात कही। जबकि पानी की स्वच्छता की जांच से संबंधित विस्तृत जानकारी भी सभी प्रतिभागियों को दिया गया। प्रशिक्षण में वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

मुखिया ने गरीबों के बीच बांटा कंबल

बारियातु। प्रखंड के साल्वे पंचायत के मुखिया राजीव भगत ने बारिखाप ग्राम मे 90 गरीब असहाय लोगों के बीच शनिवार को कंबल का वितरण किया। मुखिया भगत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्राप्त हुए कंबल में से 90 कंबल बारिखाप ग्राम में रहने वाले अत्यंत गरीब असहायों के बीच वितरण किया गया ताकि कड़कड़ाती शीत लहरी व ठंड से बच सके। मौके पर कई पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर थाना के नजदीक शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने 200 छोटे-बड़े वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। दो पहिए वाहन चालकों से किसी भी स्थिति में हेलमेट लगाने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि जीवन अनमोल है और वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना आपका कर्तव्य है। थोड़ी सी लापरवाही में आपकी जान जा सकती है। अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी थे।

डंडई प्रखंड में आयोजित शिविर में लाभुकों के नाम को लेकर मुखिया पति व पूर्व मुखिया के बीच चले दीप स्टैंड व कुर्सी

'रणक्षेत्र' में बदला सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

प्रखंड की झोतर पंचायत में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब बिरसा हरित कूप संवर्धन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति आदेश प्रमाण पत्र वितरण के दौरान मुखिया पति विष्णु यादव और पूर्व मुखिया प्रिंस कुमार यादव के बीच लाभुकों के नाम को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के कार्यकर्ताओं ने कुर्सी से लेकर दीप स्टैंड भी चलाने शुरू कर दिये। मौके पर उपस्थित सभी लोग यह सब देखकर सन्न रह गए। जो कर्मी जिस स्टॉल पर बैठा था वह पूरी तरह वहीं पर दुबक गया। इस दौरान दीप स्टैंड से अंचलाधिकारी के अंगरक्षक सुदामा राम का हाथ कट गया। उनका बाया हाथ खून से लथपथ हो गया। इस संबंध में बीडीओ राहुल कुमार ने बताया कि मुखिया पति और पूर्व मुखिया प्रिंस कुमार यादव के बीच बिरसा कूप योजना के लाभुकों के नाम को लेकर विवाद हुआ है। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि शिविर में पुलिस प्रशासन होता तो इस तरह की घटना नहीं घटती। उक्त दोनों

प्रतिनिधियों के बीच विवाद को देखकर बहुत सारे ग्रामीण बिना आवेदन जमा किये ही अपने-अपने घर लौट गए। उन्होंने कहा कि यह एक सरकारी कार्यक्रम था। इसमें विवाद की कोई आवश्यकता नहीं थी।

वहीं झोंतर गांव के मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू, सीओ चुनाराम हेम्ब्रम, सीआई राजेंद्र यादव, प्रधान लिपिक अभयानंद सिन्हा, एई राहुल कुमार, जेई मुकेश दुबे के साथ साथ बड़ी संख्या में पंचायत के महिला व पुरुषों ने भाग लिया। शिविर में मनरेगा, शिक्षा, 15वें वित आयोग, कल्याण, कृषि, सावित्रीबाई फुले, पेंशन, अबुआ आवास, खाद आपूर्ति, चिकित्सा सहित दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे। हालांकि इंटरनेट काम नहीं करने के कारण अधिकांश आवेदनों को ऑनलाइन नहीं किया जा सका। शिविर में कुल 1549 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 238 को निष्पादित कर दिया गया, जबकि 1311 आवेदन पेंडिंग रह गए। इस बीच, बीडीओ राहुल कुमार द्वारा कई वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इससे पहले बिरसा हरित कूप संवर्धन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति आदेश प्रमाण पत्र वितरण हो ही रहा था कि मुखिया पति विष्णु यादव और पूर्व मुखिया प्रिंस कुमार यादव के बीच लाभुकों के नाम को लेकर नोकझोंक होना शुरू हो गया। मौके पर दयानंद ठाकुर, आनंद यादव, अखिलेश चौधरी, अखिलेश पासवान, श्यामलाल पासवान, उपेंद्र यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

सरकार आपके द्वार शिविर में आए सैकड़ों आवेदन

धुरकी। प्रखंड की अम्बाखोरेया पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया, जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, कल्याण, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, जेएसपीएल, कृषि, निर्वाचन, श्रम विभाग सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। कुल आवेदन 1300 प्राप्त किए गए। बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सूर्य नारायण वन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कल

केतार। प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के सूर्य नारायण वन मंदिर परिसर में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी मुखिया मुंगा साह ने दी। शिविर में राशन, पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मनरेगा, पंद्रहवें वित्त, श्रम विभाग, कृषि विभाग, भूमि संबंधित, गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, केसीसी लोन, पेयजल सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीणों से आवेदन लिया जायेगा और ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ भी योग्य लाभुकों को दिया जाएगा।

रमना थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता। रमना

क्षेत्र में हो रही लगातार सड़क दुर्घटना के मद्देनजर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रखंड के भगोड़ीह पंचायत में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मेहता एवं पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों एवं ग्रामीणों के समक्ष मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के बारे में जानकारी दी गई। स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन बिना कोताही के किया जाय। जैसे हेलमेट, सीट बेल्ट एवं गति सीमा के अंदर वाहन चलाना। यातायत नियमों का पालन किये बिना वाहन को नहीं चलायें, ताकि वाहन दुर्घटना एवं दुर्घटना से होने वाले मृत्यु को टाला जा सके। साथ ही समाज में आज भी डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम जैसी कुरीतियां के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया।

बेटा गांव में दो हाथियों ने बरपाया कहर

चार घरों को कर दिया क्षतिग्रस्त, फसलों को भी पहुंचाया नुकसान

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत बेता गांव में शुक्रवार रात दो हाथियों ने एक साथ पहुंचकर जमकर कहर बरपाया। इस दौरान हाथियों ने चार घरों को क्षतिग्रस्त करते हुए कई किसानों के खलिहानों में रखी धान की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया।

हाथियों ने रामजी सिंह, राजमुनि सिंह, लगगन सिंह व धनुकी सिंह के घरों को तोड़ दिया। वहीं रविंद्र सिंह के खलिहान में रखे धान के सैकड़ों बोझे को हाथियों ने सफाचट कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 12:00 बजे दो हाथी गांव में जमकर उत्पात मचाया। चार खप्रैल घरों को क्षतिग्रस्त करते हुए कई किसानों के खलिहान में रखी धान की फसल को सफाचट कर दिया। पीड़ित किसानों ने वन विभाग से नुकसान का आकलन कर अविलंब मुवावजे की मांग की है। वहीं घटना की सूचना पर राजद प्रखंड अध्यक्ष चंद्रिका यादव ने पीड़ितों के घर पहुंच कर स्थिति का जायजा लेते हुए वन विभाग से मिलकर अभिलंब पीड़ितों को मुवावजा दिलाने की बात कही। पूछे जाने पर चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम उक्त गांव में पहुंच चुकी है और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। पीड़ितों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा जरूर मिलेगा।

पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया के नेतृत्व में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को खरौंधी बाजार में खुद थाना प्रभारी ने अपने वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र से लोगों को जागरूक किया। उनके द्वारा वाहन चालकों से अनुरोध किया जा रहा है कि मोटर वाहन अधिनियम का पालन अवश्य करें। बिना हेलमेट बाइक नहीं चलाएं। शराब पीकर वाहन नही चलाएं। बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन नहीं चलाएं। गाड़ी चलाते समय आवश्यक कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन पेपर, इन्सुरेंस, प्रदूषण, फिटनेस आदि साथ रखें। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों को मदद अवश्य पहुचाएं। घायलों को मदद पहुचाने वालों को पुलिस प्रशासन पुरस्कृत करेगा।

साथ ही लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जगह जगह पोस्टर भी लगाया गया है। सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन जागरुकता अभियान चला रहा है।

सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का निर्देश दिया गया है। साथ ही थाना प्रभारी द्वारा स्कूली बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार वाहन चेकिंग भी किया जा रहा है।

परती कूशवानी में अबुआ आवास का सत्यापन शुरू

केतार। प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन प्रखंड कार्यालय कर रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम के द्वारा आवेदनों के सत्यापन के लिए टीम गठित की गयी है। शनिवार को अबुआ आवास के सत्यापन के लिए पंचायत समिति सदस्य रेशमी देवी,पंचायत सचिव अशोक कुमार के द्वारा पंचायत भ्रमण के करके आवेदनों का जांच की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए पंचायत सचिव अशोक कुमार ने कहा कि शिविर में बड़े पैमाने पर अबुआ आवास के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। इसलिए योग्य लाभुकों का चयन के लिए प्रखंड कर्मियों व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से घर-घर जाकर आवेदन का सत्यापन किया जा रहा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रेशमी देवी, दिन दयाल गुप्ता, वार्ड सदस्य रविन्द्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अवैध कब्जा रोकने को लेकर सीओ और थाना प्रभारी को सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। केतार

प्रखंड क्षेत्र के कूशवानी गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को अंचलाधिकारी नंदजी राम व थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को लिखित आवेदन देकर अवैध निर्माण कार्य रोकने का आग्रह किया है। आवेदन में उल्लेख किया है की कूशवानी गांव में आम-अवाम का रास्ता बंद कर लखपति देवी का भूमि पर जबरन कब्जा करते हुए जयशंकर साह वगैरह के द्वारा अवैध तरीके से घर का निर्माण किया जा रहा है।

इससे पूर्व ग्रामीणों और भाकपा माले के नेताओं के द्वारा इसके विरोध में 2 नवम्बर को अनिश्चितकालीन धरना दिया गया था। तब अंचल निरीक्षक नागेन्द्र पाठक और कर्मचारी प्रकाश कुमार ने 15 दिनों के भीतर भूमि विवाद को निपटाने का आश्वासन

कूशवानी गांव में आम अवाम का रास्ता बंद कर अवैध तरीके से घर का निर्माण किए जाने का लगाया आरोप

देकर धरना को खत्म कराया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी भूमि विवाद का निपटारा करते हुए भूमि का सीमांकन नहीं किया गया। इस कारण जयशंकर साह वगैरह के द्वारा उक्त भूमि पर रात्रि में मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने निमार्ण कार्य को रोकते हुए उक्त लोगों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अन्यथा पुनः धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। आवेदन देने वालों में भाकपा माले के प्रखंड सचिव कामरेड दिलीप गुप्ता, त्रिभुवन सिंह, राजेंद्र चेरों, गुपूत चेरों सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

खेलकूद मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक/बालिका) प्रतियोगिता का शुभारंभ

चित्तविश्राम ने मंगर दह को एक गोल से दी मात

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

उच्च विद्यालय चित विश्राम के मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक बालिका) प्रतियोगिता 2023 -24 खेलकूद युवा कार्य निदेशालय झारखंड के तहत पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चित्तविश्राम पंचायत के मुखिया सनिधा सोनी तथा बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया।

चित्तविश्राम की टीम ने मंगर दह की टीम को 1 गोल से पराजित किया। इस अवसर पर मुखिया संनिधा सोनी ने कहा कि खेल जीवन का आवश्यक अंग है। आज के युवा खेल से दूर हो रहे

हैं इसलिए उनका संतुलित विकास भी नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में इससे प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिलेगा। बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने कहा कि इस तरह का आयोजन सरकार एवं मुख्यमंत्री की एक अच्छी पहल है। फुटबॉल जो गांव में मृतप्राय होते जा रहा है वह दुनिया का सबसे पसंदीदा और लोकप्रिय खेल है। फुटबॉल से युवा न केवल अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि खेल से अपना करियर भी बना सकते हैं। प्रखंड स्तरीय आयोजन समिति के सदस्य उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने कहा कि खेल को अनुशासित तरीके से सभी खिलाड़ी खेलें और अपने गांव को झारखंड तक पहुंचायें। इस अवसर पर नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, पूर्व खिलाड़ी संजय पांडेय, वरीय शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, कमलेश पांडेय, तनवीर आलम, राहुल पांडेय, प्रखंड प्रभारी अखिलेश प्रसाद सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रमना। बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को चुनाव से संबंधित साक्षरता हेतु जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। अधिकारियों के द्वारा छात्राओं को खेल के माध्यम से जागरूक किया गया। इसमें भूल भुलैया, राउंड एंड राउंड, सांप सीढ़ी, बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी छात्राओं को दी गई। साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। मौके पर मुख्य रूप से जेई मनदीप प्रसाद, जेई रवि कुमार, एई कुश कुमार केशरी, बीएफटी फूलचंद राम, पंचायत सेवक हुसैन अंसारी, आंगनवाड़ी सेविका सह बीएलओ फूलकुमारी देवी आदि मौजूद थे।

गागर में सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार ने किया मगध कोयला खदान का दौरा

बालूमाथ। प्रधानमंत्री के सलाहकार तरूण कपूर एनटीपीसी एवं मगध कोयला खदान के अपने दो दिवसीय दौरान शनिवार को मगध माइंस पहुंचे। पहले दिन उन्होंने एनटीपीसी टंडवा का दौरा किया और मगध सीसीएल और एनटीपीसी पावर प्लांट की समीक्षा के लिए एनटीपीसी गेस्ट हाउस में एक समीक्षा बैठक की। दूसरे दिन शनिवार को उन्होंने मगध कोयला खदान का दौरा किया। तरूण कपूर के आगमन पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, परियोजन पदाधिकरी सदाला सत्यानारायणा सहित मगध परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मगध कोयला खदान और निमार्णाधीन एनटीपीसी कोयला कन्वेयर परियोजना का निरीक्षण किया। मौके पर पीएम प्रसाद, अध्यक्ष, कोल इंडिया, डॉ. बी वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीसीएल आदि मौजूद थे।

'आधी आबादी वन भूमि पर आश्रित'

कुंदा(चतरा)। कुदा प्रखंड कार्यालय परिसर में वन पट्टा को लेकर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन वनाधिकार अधिकार अधिनियम जागरूकता समिति के जिला प्रभारी अशोक भारती, कुंदा प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष लालदेव सींग भोक्ता, प्रखंड प्रभारी बसंत भारती, समाजसेवी रंजीत भोक्ता व मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वन भूमि पर आश्रित जीवकापार्जन करने वाले व्यक्तियों को वन अधिकार अधिनियम की जानकारी दी। कहा की प्रखंड क्षेत्र की लगभग 50 प्रतिशत आबादी जीविकोपार्जन के लिए वन भूमि पर आश्रित है। उनके पास इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। इसके बावजूद सरकार द्वारा इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। वन भूमि पर आश्रित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि आगामी चुनाव में वैसे प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन देंगे जो हमारे अधिकार दिलाने में सहयोग करेंगे। वहीं ग्रामीणों ने सरकार से वन भूमि पर आश्रित परिवारों को खेती करने के लिए वन पट्टा के माध्यम से पर्याप्त भूमि प्रदान करने की मांग की।

10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

बरवाडीह। उकामाड़ पंचायत में झारखंड जलछाजन योजना से 10 दिवसीय बांस उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार से प्रारंभ हुआ। 9 से 18 दिसंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला तकनिकी विशेषज्ञ, बुद्धदेव पाल, उकामाड़ मुखिया पूनम देवी, जलछाजन कर्मी अजित यादव, अनिल प्रसाद, गौतम पटेल ने संयुक्त रूप से किया। तकनीकी विशेषज्ञ बुद्धदेव पाल ने बांस के महत्व और इसके जीवन में उपयोगिता के बारे में कहा कि बांस की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अपने स्तर पर योगदान देने के लिए प्रेरित किया और आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी से लाभान्वित होकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकेंगे।

10 बोरा डोडा लदे बोलेरो व कार जब्त

कुंदा। पुलिस नेथाना क्षेत्र के अंतर्गत मरगड्डा पंचायत के टीटहीभर जंगल से 10 बोरा डोडा लदे बोलेरो वाहन व अर्बन क्रूजर कार को जब्त किया है। तस्कर भारी मात्रा में डोडा लदे वाहन को टीटहीभर के रास्ते बाहर ले जाने के फिराक में थे, लेकिन इसी बीच तस्करी की सूचना पुलिस को लग गई।मौके पर पुलिस पहुंची तो तस्कर वाहन लेकर भागने लगे, जिसे टीटहीभर गांव स्थित मुख्य सड़क से बोलेरो वाहन में लदा भारी मात्रा में डोडा बरामद किया। मौके से एक अन्य वाहन अर्बन क्रूजर कार को भी पुलिस ने जब्त कर जेसीबी की मदद से वाहन को थाना लाया।

भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस : आलोक

लातेहार। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद 300 करोड़ रुपये के संदर्भ में मेदनीनगर विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया ने लातेहार जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह की उपस्थिति में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी यादव, वरिष्ठ नेता नरेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री बंशी यादव व पंकज सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पांडेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला देवी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्विनी सिंह, ओबीसी जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य आशा देवी, मनिका मंडल सोशल मीडिया प्रभारी विकास साहू आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस को कहा भ्रष्टाचार की जननी

टंडवा। सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने शनिवार को टंडवा में अपने आवास में प्रेसवार्ता आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सांसद धीरज साहु के अवैध तरीके से उपार्जित 300 करोड़ रुपये के अकूत संपत्ति पर आयकर विभाग की कार्रवाई पर कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार का रोज नया कीर्तिमान रच रही है। जो भारत के इतिहास में रिकॉर्ड बन गया है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व समेत सभी जनप्रतिनिधि भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं। विधायक ने साहु की गिरफ्तारी कर संसद की सदस्यता रद्द करने की मांग की।

मेरी कहानी मेरी जुबानी में छलका लाभुकों का दर्द, खोली प्रशासन की पोल

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा

प्रखंड क्षेत्र के गाडिलौंग पंचायत भवन में आयोजित विकसित भारत यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने किया। इसके पश्चात मेरी कहानी मेरी जुबानी में केंद्र सरकार की योजनाओं से जुड़े लाभुकों ने अपनी बातों को रखा। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये। गाडिलौंग मुखिया सबिदा खातुन को स्वच्छ भारत मिशन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा टीम समेत अन्य संबंधित

पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम के दौरान नागेश्वर बरई ने पीएम किसान योजना के लाभ से कई योग्य लाभुकों के वंचित होने का मामला उठाया। वहीं कामता निवासी गुलजार अंसारी ने मनरेगा वेंडरों द्वारा मैटेरियल आपूर्ति में 42 प्रतिशत राशि कटौती कर लेने की बात कही। बताया कि कूप निर्माण में आवंटित 3.85 लाख रुपये में से 1.80 लाख रुपये वेंडर द्वारा काट लिया जाता है। इन आरोपों से मौके पर मौजूद जिला व प्रशासन प्रशासन के अधिकारी असहज दिखाई दिए। इसपर प्रधानमंत्री के सलाहकार सलाहकार तरुण कपूर ने मामले पर समुचित जांच व कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।

पीएम के सलाहकार ने किया परियोजना का किया निरीक्षण

टंडवा। प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर दो दिवसीय दौरे पर प्रखंड पहुंचे। उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। कपूर ने शुक्रवार देर रात सीसीएल व एनटीपीसी पॉवर प्लांट का निरीक्षण करते हुए अद्यतन स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ मगध परियोजना से एनटीपीसी प्रोजेक्ट तक कोयले की आपूर्ति हेतु निमार्णाधीन कन्वेयर बेल्ट के निर्माण स्थल का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ सुधीर दास, एनटीपीसी परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु कुमार पांडा, सीजीएम खनन मुख्यालय अनिमेष जैन, निदेशक ईंधन शिवम श्रीवास्तव, पीओ एस सत्यनारायण सदाला आदि मौजूद थे।

'राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से होता है विवादों का निपटारा'

राष्ट्रीय लोक अदालत में सात बेंचों ने किया 3472 वादों का निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण में झालसा एवं नालसा के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार, कटुम्ब न्यायालय राजीव आनंद, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितिय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा एवं अधिवक्ता संध लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर पर अखिल प्रधान ने कहा कि विवाद समाज में सघर्ष उत्पन्न करता है, परंतु लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है, जहां न कोई हारता है और न कोई जीतता है, यहां विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है। राष्ट्रीय लोक अदालत का सिद्धांत त्वरित न्याय से है। न्याय होते हुए भी दिखायी पड़नी चाहिए। इसके लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। एसबीआई के क्षेत्रीय

प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने के कहा कि आम जनमानस के कठिनाई को देखते हुए नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। अधिवक्ता संध लातेहार के अध्यक्ष श्री राजमणी प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 7 बेंच बनाए गए थे, जिनमें इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-3472 वादों का निष्पादन किया गया तथा कुल 16943620 रुपये की वसूली की गई। 106 लाभुकों को चेक प्रदान किया गया। मोटरवाहन दुर्घटना वाद के तहत एक मामले में 4,50,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया। मौके पर लातेहार व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारीगण पर प्रधान न्यायधीश, कटुम्ब न्यायालय राजीव आनंद, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितिय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. नसीर अहमद, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शशि भूषण शर्मा, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार, सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष एवं सदस्य, अधिवक्तागण, संतोष कुमार मिश्रा, अनुमंडल पुलिस अधिकारी, लातेहार, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार सिंह, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, कर्मी, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरकार आपके द्वार शिविर में उमड़ पड़ी लोगों की भीड़

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नोनगांव पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, बीडीओ मोनी कुमारी व मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पहुंचे लोगों ने जरूरत के अनुसार फॉर्म भरकर संबंधित स्टॉल में जमा भी किया, लेकिन संबंधित साइट नहीं खुलने व लॉगिन नहीं हो पाने के कारण अबुआ आवास सहित कई अन्य योजनाओं के लिए आवेदन देने पहुंचे लाभुक मायूस होकर वापस लौटे। हालांकि मुखिया ने शिविर में पहुंचे लोगों से अपील करते हुए लगभग सभी लोगों का आवेदन जमा करवाया। उन्होंने कहा कि साइट खुलते ही सभी आवेदनों को जांच कर ऑनलाइन कर दिया जाएगा। शिविर में नोनगांव पंचायत के ग्राम संगठनों के बीच आजीविका कार्यों के लिए ग्यारह लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। इस दौरान कई जरुरतमंदों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, कूप निर्माण की स्वीकृति पत्र व परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपमुखिया तारा देवी, पंचायत सचिव सुरेश साहू, रोजगार सेवक पुंकेश सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

आवेदनों का डेटा ऑन स्पॉट इंट्री का निर्देश

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घटन प्रमुख अनिता यादव, उपप्रमुख प्रितम यादव, मुखिया बेबी देवी, सतेंद्र कुशवाहा आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा, शिक्षा विभाग, मनरेगा, राजस्व, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल विभाग, आजीविका सेवा गारंटी, वन अधिनियम, स्वास्थ्य विभाग, 15 में वित्त विभाग, अबुआ आवास, बाल विकास परियोजना व बिजली विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। स्लॉट में प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट पोर्टल में डेटा इंट्री करने का निर्देश कर्मियों को दिया गया। साथ ही कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आवास कोआर्डिनेटर, बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

जीएम ने समाप्त कराई मजदूरों की भूख हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

प्रखंड के अंतर्गत संचालित संघमित्रा क्षेत्र के तेतरिया कोल माइंस परिसर में पिछले एक माह से मजदूर यूनियन अध्यक्ष गिरधारी यादव की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इसके बाद शुरू हुई आमरण भूख हड़ताल के दो दिन बाद मजदूर यूनियन का सीसीएल एवं पीएनएपीएल के साथ 6 सूत्री मांगों पर समझौता के साथ हड़ताल समाप्त हुई। 6 सूत्री मांगों में से निकाले गए 21 स्थायी मजदूरों की पुनः कंपनी में वापसी होगी। अगर मजदूर द्वारा किसी प्रकार की कोई गलती होती है तो वर्ष 2021 के समझौते के अनुसार निष्पादन, अगर नियम के विरुद्ध कोई काम होता है तो सीसीएल कंपनी एवं यूनियन प्रतिनिधि द्वारा बैठक कर निष्पादन, तेतरिया माइंस से लेकर बालूमाथ मुरपा मोड़ तक प्रतिदिन सड़क पर जल छिड़काव, दो स्कूल बस, ऑक्सीजन युक्त एम्बुलेंस आदि पर समझौता हुआ। इस दौरान सीसीएल जीएम कमल मांझी, पीओ के एल यादव, जिप सदस्य प्रियंका देवी, मुखिया विमला देवी, पसस रीना देवी, कंपनी प्रतिनिधि शंभू प्रसाद सिन्हा, स्थानीय ट्रक ओनर एसोसिएशन अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अलावा सीसीएलकर्मी व विस्थापित भूरैयत, मजदूर उपस्थित रहे।

586 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड की केचकी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मनिका विधायक राम चंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर 1633 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 586 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में विधायक ने सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 32 छात्राओं को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। 14 योग्य लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। 8 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। 400 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लुंगी का वितरण किया गया।

आपके द्वार कार्यक्रम में आए 355 आवेदन

बारियातु। प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत खेल मैदान में शनिवार को मुखिया रानो देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, राजयसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझू, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, मुखिया देवी, पंसस उमेश उरांव, बीपीओ रवि यादव, पंचायत सेवक अरविंद पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं को लेकर करीब 355 आवेदन प्राप्त हुए। जेएसएलपीएस द्वारा समूह के दस सदस्यों के बीच आइडी कार्ड, 15 लाभुकों के बीच धोती साड़ी-लुंगी व 20 गरीब असहाय के बीच कंबल, पांच छात्रों के बीच फुलोझानो योजना स्वीकृति प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, मो शमीम, शशि पूनम कुजूर आदि मौजूद थे।

विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण

चंदवा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को अलौदिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र, कंबल, धोती-साड़ी, रोजगार गारंटी कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल आदि लाभ दिया गया। कार्यक्रम में कई सरकारी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें अबुआ आवास, जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, जमीन म्यूटेशन, जमीन मापी, ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन, राशन कार्ड संशोधन आदि से जुड़े आवेदन पत्र प्राप्त किये गए। शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन अबुआ आवास से प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदन में से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर आवास कोआर्डिनेटर कुशध्वज कुमार, प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, जेएसपीएल के मुजीब आलम, प्रखंड कर्मी आदि मौजूद थे।

गुहार जनप्रतिनिधयों ने टोरी अनुभाग अभियंता को सौंपा ज्ञापन

आरओबी बनने तक इमरजेंसी रास्ता खोलने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर मोटरसाइकिल की इमरजेंसी रास्ते को रेलवे विभाग की ओर से बंद किये जाने के मामले में शनिवार को वरीय अनुभाग अभियंता रेलवे टोरी को उनके कार्यालय में प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता अयुब खान, द्वारिका ठाकुर, हाफीज शेर मोहम्मद, अनिल प्रजापति, प्रयाग पाठक ने ज्ञापन सौंपकर इमरजेंसी रास्ता खोलने की गुहार लगाई।

ज्ञापन में कहा गया है कि रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप कील ठोंक कर

एमरजेंसी रास्ता को बंद कर दिया गया है। रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने पर आमजन इमरजेंसी में इसी पतले रास्ते से मोटरसाइकिल पर बिठाकर मरीज और बच्चों को रेलवे क्रॉसिंग पार करते थे। उक्त रास्ते को बंद कर दिए जाने से आम लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। मोटरसाइकिल से अस्पताल जाने वाले पेसेंट अब इलाज के लिए मोटरसाइकिल से अस्पताल नहीं जा पाएंगे, उन्हें घंटों जाम का सामना करना पड़ेगा। अभिभावकों को भी अपने बच्चों को मोटरसाइकिल पर विद्यालय लाने ले जाने में काफी परेशानी होगी, उन्हें घंटों रेलवे क्रॉसिंग खुलने का इंतजार करना पड़ेगा। मरीज लिए एम्बुलेंस क्रॉसिंग जाम पर घंटों फंसे रहते हैं। जाम में फंसकर सैकड़ों मरीज असमय अपनी जान गंवा चुके हैं। अब इमरजेंसी रास्ता बंद कर दिए जाने से मोटरसाइकिल पर सवार अस्पताल जाने वाले मरीजों के जीवन पर रेलवे विभाग ने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इमरजेंसी रास्ता बंद कर रेलवे विभाग मोटरसाइकिल से और पैदल चलने वालों को रोक दिया है। विभाग जानबूझ कर सारे रास्ते बंद कर रहा है। वह चाहता है कि लोग परेशान रहे। रेलवे प्रशासन को कभी भी प्रखंड वासियों की सुविधाओं की कोई चिंता रही ही नहीं है, उन्हें सिर्फ अपने राजस्व की चिंता है, ये मानवता और इंसानियत को भी भुल गए हैं।

इमरजेंसी रास्ता बंद होने से ग्रामीणों में रेलवे विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। शिष्टमंडल ने लोगों को हो रही परेशानी से आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार को भी अवगत कराया है। शिष्टमंडल में शामिल लोगों ने आरओबी बनने तक इमरजेंसी रास्ते को खोलने की मांग की है।

गिद्धौर आदर्श ने इलेवन वारियर चतरा को 78 रन से दी शिकस्त

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर

प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच में शनिवार को आठवां मैच गिद्धौर आदर्श बनाम इलेवन वारियर चतरा क्रिकेट टीम के बीच मैच खेला गय। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए गिद्धौर आदर्श की टीम ने 30 ओवर में आठ विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा किया। गिद्धौर की ओर से उज्जवल राज ने 76 रन, हैप्पी यादव ने 55 व बिंदु कुमार ने 36 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इलेवन वारियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मो. नजीर व ओम कुमार ने तीन-तीन विकेट लिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी इलेवन वारियर टीम ने 24.3 ओवर में सभी विकेट खो कर

मात्र 162 रन ही बना पाया। इस प्रकार गिद्धौर आदर्श टीम ने इलेवन वारियर को 78 रन से हरा दिया। चतरा के रूपेश कुमार ने सर्वाधिक 52 रन की पारी खेली। गिद्धौर की ओर से गेंदबाजी करते हुए राहुल उर्फ गोलू कुमार ने चार व उपेंद्र सिंह ने दो विकेट चटकाए। राहुल को 11 रन व चार विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैंच में चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सचिव मनोज सहाय, सह सचिव आशुतोष भारती, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, जिला क्रिकेट लीग के अध्यक्ष प्रेम राणा, कोषाध्यक्ष मिथलेश कुमार, सदस्य राहुल वर्धन, संतोष कुमार निराला, सोनू कुमार सिंह, मनोज कुमार कुशवाहा, अखिलेश कुमार, विनोद दांगी, यदुनंदन पांडेय उपस्थित थे।

गागर में सागर

सेन्हा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में बोलेरो व मैजिक वाहन क्षतिग्रस्त

सेन्हा। सेन्हा थाना क्षेत्र में रात्रि लगभग 11 बजे सेन्हा रामनगर में लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में मैजिक मालवाहक एवं बोलेरो की टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गयेद्ध घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ रामनगर पहुंच क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त करते हुए थाना ले गये और घटना का जायजा लिया। विदित हो कि मैजिक मालवाहक के चालक अनियंत्रित वाहन को संभालने में असमर्थ रहा और रामनगर के समीप रास्ता के किनारे खड़ी बोलेरो में टक्कर मार दी। बताया जाता है कि बोलेरो में या समीप किसी व्यक्ति के होने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। साथ ही दुर्घटना के दौरान मैजिक मालवाहक द्वारा गाड़ी को धक्का मारने के पश्चात पलट गया। उसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उठाया गया और घटना की सूचना सेन्हा थाना को दी गई। घटना में मैजिक मालवाहक के चालक बाल-बाल बचा। वहीं पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने किया मदरसा का दौरा

लोहरदगा। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने कुडु प्रखंड अंतर्गत ग्राम बारीडीह में मदरसा मुफीदुल इस्लाम का दौरा कर इस मदरसा के नाजिम मौलाना हुसैन साहब से सारी जानकारी ली। मौलाना साहब ने बताया कि इस मदरसा में 200 से अधिक बच्चे तालीम हासिल करते हैं। यहां इस्लामिक शिक्षा के साथ-साथ स्कूली शिक्षा भी दी जाती है। यहां से हर साल वोस्टानिया फोकानिया एवं मौलवी के लिए छात्र शामिल होते है। आग्रह किया कि अधिक बच्चे होने के कारण बच्चों के बैठने और रहने में काफी परेशानी होती है। बच्चों के लिए क्लास रूम, छात्रावास अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से निर्माण कराने की मांग की। इस पर कुरैशी ने आश्वस्त कराया कि इस दिशा में बहुत जल्द प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत क्लासरूम एवं छात्रावास निर्माण कराने की दिशा में पहल की जाएगी। एमएसडीपी का नाम बदलकर प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम कर दिया गया है। अब इसी के तहत वो सारे अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े काम जो एमएसडीपी के तहत होता था, होता रहेगा। मौके पर नसीम अंसारी, मुनीम अंसारी रौनक इकबाल, प्रवेज आलम, शहजाद अंसारी मौलाना अख्तर, जुबैर अंसारी आदि उपस्थित थे।

एनजीओ द्वारा सफाई कार्य कराने का कर्मचारियों ने किया विरोध

लोहरदगा। झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ की एक आम बैठक नगर परिषद पुराना कार्यालय में सम्पन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से लोहरदगा नगर परिषद में एनजीओ के द्वारा सफाई कार्य कराने का कर्मचारियों ने विरोध किया। तमाम उपस्थित कर्मियों ने कहा कि एन जी ओ आने का मतलब हमलोगों पर अघोषित रूप से आरोप लगाया जा रहा है कि हमलोग सही रूप से सफाई कार्य नहीं करते हैं।जबकि लोहरदगा नगर परिषद सफाई कार्य में दो-दो बार पारितोषिक पा चुका है।एक बार तो महामहिम राष्ट्रपति महोदय स्वंय उपायुक्त महोदय लोहरदगा को दिल्ली बुलाकर अपने कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किये। अभी भी लोहरदगा नगर परिषद सफाई के मामले में अव्वल है।इसलिए नगर प्रशासक लोहरदगा/उपायुक्त से अनुरोध है कि एन जी ओ के बदले अपने कार्यरत सफाई कर्मियों से ही सफाई कार्य करवाया जाय। इससे सरकारी राशि का भी दुरूपयोग नहीं होगा। कार्यक्रम में काफी संख्या में सफाई कर्मीगण शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश कुमार सिंह ने की।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 2575 वादों का निष्पादन, 4.30 करोड़ की प्राप्ति

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार वर्ष के आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष -सह- उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेश तिवारी, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार, बार के अध्यक्ष श्री प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या -1 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहदुर पाल के नेतृत्व में गठित किया गया।

बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में बेंच संख्या 2 गठन किया गया था। बेंच संख्या - 3 सुलहनीय दांडिक वादों के लिए सुचिता निधि तिग्गा के नेतृत्व में गठित किया गया। बेंच संख्या -4 मोटर वाहन अधिनियम के केस वाणिज्य कैसे सर्टिफिकेट केस आदि के लिए वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी के नेतृत्व में। विभिन्न बैंकों के ऋण संबंधी समस्याओं, बीएसएनल आदि के लिए न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल एवं राज कल्याण के नेतृत्व में बेंच संख्या -5 एवं 6 का गठन किया गया था । जबकि उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए बेंच संख्या - 7 का गठन श्री नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2575 केसों का निष्पादन किया गया, जबकि 4.30 करोड़ रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 205 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। आज के कार्यक्रम का संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट सुचिता निधि तिग्गा के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय गान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ वर्ष के अन्तिम राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया।

स्कूटी सवार दो लोगों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला, गंभीर

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

पटेल चौक निवासी राजेश साहू को शुक्रवार के रात्रि लगभग 8:00 बजे अपराधियों ने चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के लिये वह स्वयं गुमला सदर अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। उसके पेट, पीठ, चेहरा सहित उनके शरीर के अन्य हिस्सों में लगभग 7 से 8 चाकू के गहरे जख्म लगे हैं। सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची।

पुलिस को दिये बयान में घायल राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को रात्रि लगभग आठ बजे मैं अपने घर के नजदीक स्थित पटेल चौक के पास खड़ा था। इसी क्रम में एक युवक ब्लू रंग की एक स्कूटी में सवार होकर बड़ाइक मोहल्ला गली से आया और मुझे अपने पास बुलाया। मैं उसके पास नहीं गया, तो वह वापस बड़ाइक मोहल्ला की तरफ

युवके के पेट, पीठ, चेहरा सहित शरीर के अन्य हिस्सों में लगभग 7 से 8 चाकू के गहरे जख्म पाए गए, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

चला गया और लगभग 5 मिनट बाद वह पुणः अपने एक सहयोगी को लेकर मेरे पास आया और अपनी कमर से चाकू निकालकर मुझ पर लगातार ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। मुझे चाकू मारने वाले का नाम पवन वर्मा (पिता स्व. टुन्नू वर्मा) है। उक्त युवक पहले बड़ाइक मुहल्ला गुमला में रहता था और बाद में वह अपना घर बेचकर कहीं अन्यत्र चला गया था, फिर भी वह बराबर गुमला आता रहता है। उसके साथ जो दूसरा युवक आया था, उसका नाम मैं नहीं जानता हूं।

केंद्रीय टीम विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अनुश्रवण के निमित्त पहुंची मसमानो गांव

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत के मसमानो गांव स्थित स्कूल मोड़ के निकट विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी सेविका, आयुष्मान भारत, बैंकिंग के अलावे अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए।

मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल 39 लोगों ने अपना बीपी, शुगर का जांच कराया। वहीं आयुष्मान भारत के तहत 25 लोगों का आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका के सहयोग से मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी के द्वारा गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम के अनुश्रवण के निमित्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से दो सदस्य टीम उक्त कार्यक्रम स्थल पहुंची। दो सदस्य टीम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के एचएम 3 के डायरेक्टर (आईएएस) डॉ सरोज कुमार, एनएचएम के कोऑर्डिनेटर डॉ शशांक शर्मा शामिल थे। वहीं टीम के साथ अन्य सहयोगी प्रोटोकोल ऑफीसर डॉ लाल मांझी, एसईओ डॉ राकेश दयाल, मीडिया परामर्श अजय शर्मा, एसपीएम अकय मिंज भी शामिल थे। टीम ने उक्त कार्यक्रम में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधा संबंधी जानकारी ली। स्टॉक दवा, परिवार सर्वे, सहिया को मिलने वाले सहयोग राशि, प्रत्येक दिन भेजी जाने वाली रिपोर्ट, स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट सहित अन्य मामले पर जानकारी लिया। कई सवाल जवाब से विभाग के पदाधिकारी बचते रहे। टीम ने स्वास्थ्य संबंधी मामले पर कई दिशा निर्देश भी दिए। इसके पश्चात क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया। जिसमें राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मसमानो के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें प्रथम 6 विजेता बच्चों को कॉपी-पेन देकर पुरस्कृत किया गया। मसमानो पंचायत में खाता खतियान ऑनलाइन में बेहतरीन के लिए मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भंडरा अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव, मसमानो पंचायत मुखिया ममता कुमारी, उप मुखिया अशोक कुमार, बीपीओ अभिषेक किशोर, 15वित्त आयोग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष अग्रवाल, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, रविंद्र उरांव, कनीय अभियंता रवि तिग्गा, डॉ सोनिमा अग्रवाल, संदीप भगत, रितु कुमारी, तेजा उरांव, शिक्षक विनोद उरांव, अनुप राम, श्रवण राम, एली लकड़ा सहित काफी संख्या में गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

उपायुक्त ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा शनिवार को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिन्दूओं के बारे चुनाव कार्यालय से आये कर्मचारी से जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गेट पर लगी सील को भी अपने समक्ष खुलवाया और

निरीक्षण के उपरांत दोबारा ताले पर सील लगवाई। इस निरीक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, कोषागार पदाधिकारी, राजनीतिक दलों की ओर से आजसू पार्टी के विलियम कुजूर, बीजेपी के अनिल उरांव, सीपीआई (एम) नागेंद्र वर्मा, राजद के सुनील कुमार मेहता, जिला कांग्रेस के शकील अहमद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाल मुकुंद लोहरा समेत निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा के कर्मी भी उपस्थित थे।

Govt. of Jharkhand
Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

Notice Inviting Tender

Tender NoticeNo. : GNP-02/2023-24 Dated : 09.12.2023

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पताः — कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समयः — दिनांक 04.01.2024 को कार्यालय अवधि में।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः — कार्यालय, नगर परिशद गढ़वा।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः — दिनांक 05.01.2024 को 02 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थानः — कार्यालय, नगर परिशद गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः — दिनांक 08.01.2024 को 12 बजे अपराहन् से।
7. निविदाधीण कार्य विवरणीः

क्रमांक	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधण की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	मद
01	वार्ड 11 में कुश सिंह के घर से भुनेश्वर सिंह के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	383702.00	8000.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
02	वार्ड 11 में छोटे लाल तापी के घर से हरिनाथ सिंह एवं दिवाकर तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	840500.00	17000.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
03	वार्ड 11 में चिनिया रोड शिव मंदिर पी0सी0सी0 पथ से दिनेश्वर सिंह एवं अभिमन्यु सिंह के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	210123.00	4300.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
04	वार्ड 11 में शैलेश सिन्हा के घर से रामाशीष तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	630400.00	13000.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
05	वार्ड 11 में गढ़वा चिनिया मुख्य सड़क से रमेश सिन्हा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	191900.00	4000.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
06	वार्ड 11 में कृष्णा बैठा के घर से बीरबल राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	566418.00	11500.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
07	वार्ड 14 में धनन्जय सिंह के घर से सत्येन्द्र तिवारी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	639400.00	13000.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
08	वार्ड 14 में पी0एच0ई0डी0 चाहरदिवारी से नागेश्वर भुईयां के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	602634.00	12100.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
09	वार्ड 14 में रविन्द्र के घर से कृष्णा के जमीन तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	573237.00	11500.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
10	वार्ड 14 में विश्वनाथ राम (छठ घाट) के घर से कामेश्वर राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	411600.00	8300.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
11	वार्ड 18 में ब्रहम् कुवां में गोपाल सोनी के घर से मनोज महतो के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	411600.00	8300.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
12	वार्ड 14 में शिव मंदिर सहिजना से अनिल सिन्हा के घर एवं अजीत सिन्हा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	411555.00	8300.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
13	वार्ड 14 में सहिजना से अनिल सिंह के घर तक एवं उमेश सहाय के घर से के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	213131.00	4300.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
14	वार्ड 18 में प्रदीप दास के घर से काशीनाथ केशरी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	485047.00	9800.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
15	वार्ड 18 में सरजू राम के घर से राजू राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	345417.00	7000.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
16	वार्ड 18 में राजेन्द्र मेहता के घर से उमेश सोनी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	411555.00	8300.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
17	वार्ड 18 में दबगर मुहल्ला से चापानल से जगदीश प्रसाद के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	227900.00	4600.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
18	वार्ड 20 में देवीशरण राम के घर से दीपक सोनी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	712900.00	14300.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
19	वार्ड 20 में शिवप्रसाद के घर से राजू के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	411600.00	8300.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
20	वार्ड 21 में सीताराम के घर से विजय सोनी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	418909.00	8500.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
21	वार्ड 21 में टंडवा पानी टंकी से सोनी हाउस तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	852506.00	17100.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
22	वार्ड 21 में रामकेवल मेहता के घर से प्रमोद केशरी के घर एवं संजु पासवान के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	779014.00	15600.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
23	वार्ड 21 में अनिल दास के घर से रामदेव राम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	178200.00	3600.00	1000.00+ 18% GST	02 माह	परिवहन मद
24	वार्ड 21 में सरजू के घर से वंशी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	595300.00	12000.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद
25	वार्ड 21 में पपु बैठा के घर से जगदीश बैठा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण।	595289.00	12000.00	5000.00+ 18% GST	03 माह	परिवहन मद

Note :1. विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्त को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर परिशद गढ़वा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. Helpline Number of E-Procurement cell-8409053313, 9431141644

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR **313139** (Urban Development) 23-24 (D)

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लें युवा : प्रखंड प्रमुख

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

शहीद पांडे गणपत राय के जन्म स्थल भौरों पंचायत के भौरों गांव मे शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का विधिवत उद्घटान प्रखंड प्रमुख बरिया देवी,बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद,मुखिया सुमंती तिग्गा ने दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि सरकार सभी बुजुर्ग , विधवा और दिव्यांग को पेंशन दे रही है। अतिरिक्त हरा राशन कार्ड राशन जारी कर लोगों को अनाज दे रहे हैं । गरीबों को धोती -साड़ी मिल रहा है। बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहें, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहायता दे रहे हैं। हजारों नौजवानों को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां दे रहे हैं तो स्वरोजगार करने के इच्छुक युवाओं को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होने कहा की किसानों- पशुपालकों और श्रमिकों के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना व मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी कई योजनाएं चल रही हैं।

बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग ना अपने बीडीओ- सीओ को पहचानते थे। ब्लॉक कार्यालय कहां है, इसकी भी जानकारी नहीं होती थी। ऐसे में भला वे योजनाओं को कैसे जानेंगे और उसका लाभ कैसे लेंगे, इसे सहज समझ सकते हैं। लेकिन सरकार ने ह्लआपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत गांव-पंचायत में शिविर लगा रही है। जिससे ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजना का लाभ दिया जा रहा है उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की इन शिविरों में आएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम मे भौरों के तीन महिला समूहों को 14 लाख का ऋण दिया गया । जबकि स्वरोजगार करने के इच्छुक युवा को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैटरी चलित टेम्पो दिया गया । दर्जनों लाभुकों को कंबल,धोती साडी,पेंसन आदि परिसम्पति का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख बरिया देवी,बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा,सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, मुखिया सुमंती तिग्गा, सीआई अरुण प्रसाद,बीईईओ जयनाथ महतो, बीपीएम विजय प्रसाद, महिला प्रसार पदाधिकारी नीता सरकार, डॉक्टर ओम उपस्थित थे।

लाभुकों के बीच बकरी का किया गया वितरण

सेन्हा। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना व कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चार लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप कल्याण विभाग से रुदैन उरांव व पुनी देवी तथा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के माध्यम से मुनी उराइन और सुनीता उरांव के बीच 4-4 बकरी और 1-1 बकरा का वितरण किया गया। वहीं लाभुकों को बताते हुए विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बनें। साथ ही कहा कि सरकार ग्रामीणों का उत्थान करने के उद्देश्य से जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन्न तरह की जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, पशु चिकित्सक, बाबुसाहेब सिंह, सूरज राम आदि मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–37/2019 के प्रा0 अभियुक्त 1. संजय गोदराम पिता सरयू यादव सा0 देवगन थाना छतरपुर जिला पलामू एवं 2. संजय भोक्ता उर्फ संजय सिंह भोक्ता पिता शिवलोचन भोक्ता सा0+थाना छकरबंधा जिला गया (बिहार) बिंदेश्वर राम पिता बिलास राम सा0 पंडरीया थाना हरिहरगंज जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुरः– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंजः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 313131Police(23-24)#D

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

– शुद्धि पत्र –

इस कार्यालय के पत्रांक 2037/जि0प0, दिनांक 02.12.2023 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0–47/23–24 (PR No. 312575 District (23-24)#D) में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12/12/2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 12.12.2023 से 18.12.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 19.12.2023 अपराह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – श्री दीपक कुमार, जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9308931001

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 313126District(23-24)#D

एक नजर

अमेजन ने फर्जी रिटर्न से लाखों डॉलर की चोरी करने वाले पर मुकदमा किया

सैन फ्रांसिस्को। अमेजन ने आरईकेके नामक एक समूह पर मुकदमा दायर किया है, जो व्यवस्थित रिफंड दुरुपयोग के माध्यम से अमेजन के ऑनलाइन स्टोर से लाखों डॉलर के उत्पाद चुराने के लिए जिम्मेदार है। खुदरा चोरी हमेशा से एक समस्या रही है जो ऑनलाइन और भौतिक खुदरा विक्रेताओं को समान रूप से परेशान करती है। मुकदमा में कहा गया है, खुदरा चोरी के एक रूप में व्यवस्थित रिफंड धोखाधड़ी शामिल है, जो ग्राहकों और बिक्री भागीदारों को कुशलतापूर्वक सेवा देने की अमेजन की क्षमता को कमजोर करती है। आरईकेके एक टेलीग्राम चैनल संचालित करता है जिसके 30,000 से अधिक फॉलोअर हैं, जहां वे बेशर्मी से रिफंड सेवाओं का विज्ञापन करते हैं, जिन्हें वे पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि वे धोखाधड़ी हैं।

एफपीआई प्रमुख बैंकों में खरीदार बन गया है

नई दिल्ली। एफपीआई ने दिसंबर में भारत में बड़ी वापसी की है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, भले ही एफपीआई ने नवंबर में भारत में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश किया, लेकिन वे नकदी बाजार में 368 करोड़ रुपये के विक्रेता रहे। दिसंबर में नकदी बाजार में बड़ी खरीदारी के साथ यह बदल गया है। उन्होंने कहा कि एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 8 दिसंबर तक प्राथमिक बाजार के माध्यम से निवेश सहित भारत में कुल निवेश 26,605 करोड़ रुपये है। 2024 के आम चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता के संकेत, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास गति, मुद्रास्फीति में कमी, अमेरिकी बांड पैदावार में लगातार गिरावट और ब्रेंट क्रूड में सुधार ने स्थिति को भारत के पक्ष में कर दिया है।

अडाणी समूह उत्तराखंड में सीमेंट, स्मार्ट मीटर कारोबार में 2.5 करोड़ का निवेश करेगा

देहरादून। अडाणी समूह उत्तराखंड में सीमेंट संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने और स्मार्ट बिजली मीटर लगाने में 2,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। समूह केनिदेशक प्रणव अडाणी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-उत्तराखंड में कहा कि समूह का सिटी गैस संयुक्त उद्यम 200 राज्य परिवहन व्यवसायों को पर्यावरण-अनुकूल सीएनजी में परिवर्तित करेगा। उन्होंने कहा, सीमेंट क्षेत्र में, हम उत्तराखंड में अंबुजा सीमेंट्स की मौजूदा क्षमता का विस्तार करने के लिए 1,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगे। उन्होंने कहा, हम अपने रूड़की संयंत्र की क्षमता को मौजूदा 12 लाख टन प्रति वर्ष से अगले वर्ष के अंत तक 30 लाख टन प्रति वर्ष तक ले जाने के लिए 300 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। हम प्रति वर्ष 40 लाख टन की क्षमता वाले एक ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने के लिए लगभग 1,400 करोड़ रुपये का निवेश भी करेंगे।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़ोतरी जारी

चार महीने में दोबारा 600 बिलियन डॉलर का आंकड़ा हुआ पार

एजेंसी। नई दिल्ली

अगस्त 2023 के बाद अब 1 दिसंबर 2023 तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 604 बिलियन डॉलर हो गया है। इससे पहले 11 अगस्त 2023 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के आंकड़े को पार हुआ था। कल आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारतीय करेंसी रुपया अन्य करेंसी की तुलना में ज्यादा स्थिर रही है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ रहा है। अगस्त 2023 के बाद अब 1 दिसंबर 2023 को देश का फॉरेक्स रिजर्व बढ़कर 604 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे पहले 11 अगस्त 2023 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार किया था। अक्टूबर 2021 में, देश की विदेशी मुद्रा भंडार 642 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ ऑल टाइम हाई पर था। 24 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का फॉरेक्स रिजर्व 597.935 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

क्या होता है विदेशी मुद्रा भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार का मतलब इसके नाम से ही पता चल रहा है। इसका मतलब अन्य देश की करेंसी का भंडारण। भारत का केंद्रीय बैंक यानी आरबीआई फॉरेक्स रिजर्व में पैसों के साथ-साथ अन्य परिसंपत्तियां भी रखता है ताकी जरूरत पड़ने पर लोन का भुगतान किया जा सके। विदेशी मुद्रा भंडार एक या अधिक मुद्राओं में रखा जाता है। अधिकांश विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में और कुछ यूरो में रखे जाते हैं।

अन्य मुद्राओं की तुलना में भारतीय करेंसी अधिक स्थिर : कल एमपीसी के बैठक में हुए फैसलों को सुनाते हुए आरबीआई शक्तिकांत दास ने अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और मजबूत अमेरिकी डॉलर के बावजूद, 2023 में ईमर्जिंग मार्केट इकोनॉमी (एटए) की तुलना में भारतीय रुपये ने कम अस्थिरता रही है।

एफपीआई ने जारी रखा निवेश

शक्तिकांत दास के मुताबिक 2023-24 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) इनफ्लो 6 दिसंबर तक 24.9 बिलियन डॉलर रहा है। इसके अलावा फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (ऋक्क) अप्रैल-अक्टूबर 2023 में घटकर 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, पहले 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उचार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 1.79 डॉलर यानी 2.42 फीसदी की उछाल के साथ 75.84 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.89 डॉलर यानी 2.73 फीसदी की बढ़त के साथ 71.23 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में इनफ्लो 22% घटा एसआईपी के जरिए निवेश नए हाई पर पहुंचा

एजेंसी। नई दिल्ली

नवंबर में इक्विटी फंड निवेश एक महीने में 22 प्रतिशत गिर गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के अनुसार इक्विटी फंड में निवेश महीने-दर-महीने 22 प्रतिशत गिरकर 15536 करोड़ रुपये हो गया। अक्टूबर में कुल निवेश 19957 करोड़ रुपये और सितंबर में 14091 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा एसआईपी के जरिए निवेश ऑल टाइन हाई पर पहुंच गया। नवंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 22% घटा इनफ्लो, नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचा के जरिए निवेश पिछले महीने यानी नवंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में मासिक आधाक पर 22 प्रतिशत निवेश घटा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक महीने-दर-महीने इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 22 फीसदी घटकर 15,536 करोड़ रुपये रह गया है। अक्टूबर में कुल निवेश 19,957 करोड़ रुपये था और सितंबर में कुल निवेश 14,091 करोड़ रुपये था। दिवाली उत्सव और बैंक छुट्टियों के कारण संभवत नवंबर में इक्विटी शुद्ध प्रवाह प्रभावित हुआ है एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के माध्यम से इनफ्लो पिछले महीने 17,073 करोड़ रुपये के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया।

33 महीनों से इनफ्लो जारी

नवंबर के भले ही कम इक्विटी सेगमेंट में कम इनफ्लो यानी कम निवेश हुआ है लेकिन नवंबर के निवेश को मिला दें तो यह लगातार 33वां महीना है जब इनफ्लो जारी है। सभी कैटेगरी के इक्विटी सेगमेंट में इनफ्लो देखने को मिला है। आपको बता दें कि पिछले महीने 6 नए म्यूचुअल फंड लॉन्च हुए जिन्होंने कुल 1,907 करोड़ रुपये जुटाए।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अगली किस्त दिसंबर और फरवरी में जारी करेगी सरकार

मंत्रालय के मुताबिक तीसरी किस्त में आप 18 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच निवेश कर पाएंगे।

एजेंसी। नई दिल्ली

सोने में निवेश का एक सुनहरा अवसर है। केंद्र सरकार दिसंबर में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) स्कीम की एक किस्त जारी करेगी, जबकि फरवरी में एक अन्य किस्त जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 की तीसरी और चौथी किस्त दिसंबर और फरवरी में जारी होगी। मंत्रालय के मुताबिक तीसरी किस्त में आप 18 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच निवेश कर पाएंगे। वहीं, चौथी किस्त 12 फरवरी से 16 फरवरी, 2024 के बीच निवेश के लिए खुलेगी। मंत्रालय ने फिलहाल एसजीबी के तीसरे और चौथे किस्त को जारी करने की तारीख का ऐलान किया है। स्कीम की तीसरी किस्त का इश्यू प्राइस सोने के औसत दाम के हिसाब से बाद में किया जाएगा। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 की पहली किस्त 19-23 जून के बीच और दूसरी किस्त 11-15 सितंबर के बीच खुली थी। इस योजना के तहत न्यूनतम एक ग्राम सोने में निवेश किया जा सकता है, जबकि अधिकतम सीमा चार किलोग्राम तक है। वहीं, ट्रस्ट और संस्थाएं एक साल में 20 किलोग्राम सोना खरीद सकते हैं। बॉन्ड की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, निर्दिष्ट डाकघरों और शेयर बाजारों बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के जरिए की जाएगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में अगर आप ऑनलाइन माध्यम से निवेश करते हैं, तो आपको इश्यू प्राइस में प्रति ग्राम 50 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इस स्कीम के तहत आप सोने में कुल आठ साल के लिए निवेश कर सकते हैं, मगर इसमें पांच साल के बाद एग्जिट लेने का विकल्प भी मिलता है।

आईफोन कंपनी का जल्द अधिग्रहण करेगा टाटा समूह

नई दिल्ली। टाटा समूह जल्द ही एपल के लिए ठेके पर आइफोन बनाने वाली कंपनी का अधिग्रहण करने जा रही है। इस संबंध में समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है और अगस्त तक इसका मालिकाना हक टाटा के पास आ जाएगा। हालांकि इस मामले पर टाटा, विस्ट्रान और एपल के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दक्षिण कर्नाटक में विस्ट्रान कार्प की फैक्ट्री का अधिग्रहण टाटा समूह करने वाला है। इस सौदे की संभावित कीमत 60 करोड़ डॉलर से अधिक है। यहां 10,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, जो नवीनतम आइफोन 14 माडल को असेंबल करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विस्ट्रान ने राज्य समर्थित वित्तीय प्रोत्साहन हासिल करने के लिए मार्च 2024 तक कारखाने से कम से कम 1.8 अरब डॉलर मूल्य के आइफोन की थोक बिक्री की प्रतिबद्धता जताई है।

यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा बढ़ी डिजिटल लोन में लाए जाएंगे नियामक

एजेंसी। नई दिल्ली

आरबीआई ने शुक्रवार को यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के नियम में बदलाव करते हुए आम जनता को बड़ी राहत दी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि समय-समय पर यूपीआई लेनदेन सीमा की समीक्षा होती रहती है और अब अस्पताल व शैक्षणिक संस्थानों में यूपीआई भुगतान सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। अभी यूपीआई से एक बार में एक लाख रुपये तक का भुगतान किया जा सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने समय-समय पर यूपीआई लेनदेन सीमा की समीक्षा होती रहती है और अब अस्पताल व शैक्षणिक संस्थानों में यूपीआई भुगतान सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। अभी यूपीआई से एक बार में एक लाख रुपये तक का भुगतान किया जा सकता है। ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों या अस्पतालों की फीस कई बार यूपीआई से भरना कठिन हो जाता है और किसी दूसरे माध्यम का सहारा लेना पड़ता है।

ई-मैंडेट्स की बढ़ी सीमा

आरबीआई गवर्नर ने रेकरिंग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए ई-मैंडेट्स की सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक करने का भी एलान किया। क्रेडिट कार्ड व अन्य प्रकार के नियमित भुगतान के लिए लोग इस सुविधा का इस्तेमाल करते हैं। अभी ई-मैंडेट्स के जरिये 15,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर ओटीपी के जरिये सत्यापन करना होता है।

अब आरटीजीएस की जरूरत नहीं,मोबाइल से भेजें 5 लाख तक रकम

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने अस्पतालों में इलाज और शैक्षणिक संस्थानों में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के जरिये भुगतान की सीमा एक बार में एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी है. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मॉनिटरी पॉलिसी मीटिंग में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए यूपीआई लिमिट बढ़ाने का ऐलान किया. आरबीआई के नए फैसले के बाद हॉस्पिटल और शिक्षा संस्थानों में अब यूपीआई की मदद से ज्यादा पेमेंट किया जा सकेगा. देश में यूपीआई के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लगातार प्रयासरत रहा है केंद्रीय बैंक के उठाए कदमों की वजह से हर महीने यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या लगातार बढ़ रही है. आरबीआई ने यूपीआई में ऑफलाइन ट्रांजेक्शन से लेकर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दिया है।

विदेश

इजरायली सेना घायल फिलिस्तीनियों को अस्पताल नहीं ले जाने दे रहा : गाजा

एजेंसी। तेल अवीव

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि इजरायली सेना घायल फिलिस्तीनियों को अस्पतालों में ले जाने की अनुमति नहीं दे रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल केदरा ने कहा कि इजरायली सेना उन क्षेत्रों से घायलों और शहीदों को निकालने के लिए एम्बुलेंस के आगमन को रोक रही है, जहां उसके सैन्य बल मौजूद हैं। घायलों का खून बह रहा है और उन्हें अस्पताल ले जाने की अनुमति नहीं है। आईडीएफ स्कूलों और आवासीय इलाकों में पूरे परिवारों का नरसंहार कर रहा है। बयान में कहा गया है कि पिछले घंटों के दौरान केवल 313 लोगों के शव और केवल 558 घायल लोग ही अस्पतालों में पहुंचे और बड़ी संख्या में पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे और सड़कों पर हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इजरायली आक्रमण की शुरूआत के बाद से इजरायली आक्रमण में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17,487 हो गई है। इजरायली आक्रमण के शिकार 70 फीसदी बच्चे और महिलाएं हैं। इजरायली सेना अभी भी गाजा पट्टी से 36 स्वास्थ्य कर्मियों को गिरफ्तार कर रही थी, जिसमें अल-शिफा अस्पताल के महानिदेशक डॉ. मुहम्मद अबू सल्मिया भी शामिल हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता ने आगे कहा, दक्षिण में स्वास्थ्य की स्थिति बेहद विनाशकारी है। अस्पतालों ने विभागों और गहन देखभाल में अपनी क्षमता खो दी है।

ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह नेता का बेटा मारा गया

तेल अवीव। हिजबुल्लाह ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी सीरिया में संगठन के संचालन के प्रभारी अली मूसा डकडौक का बेटा हसन अली डकडौक कथित तौर पर इजरायली ड्रोन हमले में मारा गया। अली मूसा डकडौक अमेरिकी सेना पर हमला करने के लिए इराक में ईरानी समर्थक लड़ाकों को प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार था। उसे 2007 में इराक में अमेरिकी सेना ने हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया था। मारे गए चार लोग हिजबुल्लाह के थे। जबकि, एक सीरियाई था।

गाजा में खाली कराए गए अस्पताल के आईसीयू में शिशुओं के शव मिले

गाजा सिटी। गाजा में खाली कराए गए अल-नस्त्र अस्पताल के आईसीयू वार्ड में अस्पताल के बिस्तरों पर शिशुओं के क्षत-विक्षत शव पाए गए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन शिशु अस्पताल की मशीनों से जुड़े हुए थे और शवों के बगल में डायपर और दूध की बोतलें मिलीं। एक वीडियो, जिसमें चार क्षत-विक्षत शव देखे जा सकते हैं, 27 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात स्थित समाचार आउटलेट अल मशहद के गाजा रिपोर्टर मोहम्मद बालौशा द्वारा शूट किया गया था। बालौशा ने सीएनएन के साथ वीडियो शेयर किया है। वहां काम करने वाले कई चिकित्सा कर्मचारियों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, इजरायली बलों के निर्देश के अनुसार, अल-नस्त्र अस्पताल को 10 नवंबर को खाली कर दिया गया था। मेडिकल स्टाफ ने कहा कि उन्हें छोटे बच्चों को आईसीयू में छोड़ना पड़ा क्योंकि उनके पास उन्हें सुरक्षित रूप से ले जाने का कोई साधन नहीं था।

छुजियालिंग स्थल पर प्रागैतिहासिक जल संरक्षण सुविधाओं की खोज

एजेंसी। बीजिंग

चीनी राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत ब्यूरो ने पेइचिंग में चीनी सभ्यता खोज परियोजना के पांचवें चरण के नवीनतम शोध परिणाम जारी किए। इससे लोगों को चीनी सभ्यता की उत्पत्ति के चरणबद्ध विभाजन की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई। चीन के प्राचीन साम्राज्य काल का दूसरा चरण लगभग 5200-4300 वर्ष पूर्व था। बड़े पैमाने पर जल संरक्षण सुविधाओं और शहरी स्थलों का निर्माण सामाजिक संसाधनों को जुटाने की बढ़ी हुई क्षमता को दशार्ता है। हुबेई प्रांत में छुजियालिंग साइट यांग्त्जी नदी के मध्य भाग में एक बड़े पैमाने पर नवपाषाण युग साइट समूह है। साइट पर लगभग 5,100 वर्ष पुरानी एक प्रागैतिहासिक जल संरक्षण प्रणाली की खोज की गई, जो चीन में अब तक खोजी गई सबसे प्रारंभिक जल संरक्षण सुविधाओं में से एक है। साथ ही, बड़ी बस्तियों और उच्च-स्तरीय भवन नींवों की भी खोज की गई, जो यांग्त्जी नदी के मध्य भाग में सभ्यता की प्रगति का अध्ययन करने के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रदान करते हैं। नवीनतम पुरातात्विक साक्ष्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि छुजियालिंग स्थल पर कई प्रागैतिहासिक जल संरक्षण प्रणालियां मौजूद थीं। डेटा से पता चलता है कि शुरूआती बांध लगभग 5,100 साल पहले का था, जो चीन में पुरातत्व द्वारा खोजी गई सबसे प्रारंभिक जल संरक्षण सुविधाओं में से एक है।

पर्यावरण संरक्षण ,पर्यटन,शीतकालीन खेल में सहयोग मजबूत करना चाहिए

ऑस्ट्रिया के पूर्व प्रधानमंत्री के साथ साक्षात्कार

एजेंसी। बीजिंग

बीजिंग। ऑस्ट्रिया के पूर्व प्रधानमंत्री वोल्फगैंग ह्यूसेर ने हाल में चीन के क्वांगचो में 'चीन को समझें' शीर्षक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस मौके पर चाइना मीडिया ग्रुप ने उनके साथ साक्षात्कार किया। साक्षात्कार में ह्यूसेर ने कहा कि चीन को समझें शीर्षक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न पक्षों के लिए संपर्क और बातचीत करने का महत्वपूर्ण मंच है। हमने खुलकर विचार-विमर्श किया। चीन एक आधुनिक देश बन गया है। इसकी आधुनिक सभ्यता है। अक्षय ऊर्जा के उत्पादन और निवेश में चीन दुनिया में आगे है। चीन में बुनियादी संस्थापन, रेलगाड़ियां, राजमार्ग और बिजली संयंत्र मौजूद हैं। यह अविश्वसनीय है। निर्माण उद्योग के हर क्षेत्र में चीन अद्भुत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से मुझे समझ में आया कि चीन दो दिशा में बढ़ रहा है। एक है घरेलू बाजार और दूसरा है उच्च गुणवत्ता वाला विकास। मेरी नजर में चीन के पास सफलता की अच्छी संभावना है, क्योंकि चीन में युवाओं की संख्या अधिक है, जो भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। ह्यूसेर ने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा प्रस्तुत विश्व विकास पहल, विश्व सुरक्षा पहल, विश्व सभ्यता पहल और बेल्ट एंड रोड पहल बहुत महत्वपूर्ण हैं। इससे जाहिर होता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चीन बढ़ती हुई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उक्त रचनात्मक पहलें आवश्यक हैं। चीन की तरह ऑस्ट्रिया भी बहुध्रुवीय विश्व का निर्माण करना चाहता है। इसके समर्थन के लिए मजबूत संस्थाओं की जरूरत है। लेकिन, मौजूदा वैश्विक संस्थाएं अपेक्षाकृत कमजोर हैं। अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को स्थिर बनाने में यूरोप और चीन को समान प्रयास करनें होंगे। चीन और ऑस्ट्रिया के बीच सहयोग के बारे में ह्यूसेर ने कहा कि हरित पर्यावरण संरक्षण प्रौद्योगिकी, पर्यटन उद्योग, विशेषकर शीतकालीन खेल में दोनों देशों को सहयोग मजबूत करना चाहिए। जल निपटारे और कृषि क्षेत्र में ऑस्ट्रिया उत्कृष्ट है। हम अपने अनुभव को चीनी किसानों को बताना चाहते हैं।

नवंबर तक श्रीलंका का पर्यटन राजस्व 1.8 अरब डॉलर दर्ज किया गया

कोलंबो। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, श्रीलंका ने इस साल नवंबर तक 1.8 अरब डॉलर का पर्यटन राजस्व दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी अवधि से 78.3 प्रतिशत अधिक है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2023 में पर्यटन से अर्जित राजस्व बढ़कर 20.53 करोड़ डॉलर हो गया, जो नवंबर 2022 के मुकाबले दोगुना है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री अली साबरी ने गुरुवार को संसद को बताया कि देश में अधिक एयरलाइंस आने से 2024 में पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में श्रीलंका में 1,51,496 अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए जो 2023 में आने वाले पर्यटकों की सबसे अधिक मासिक संख्या है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के अनुसार, वर्ष के पहले 11 महीने में श्रीलंका में कुल 12.7 लाख है। पर्यटन श्रीलंका के शीर्ष विदेशी राजस्व स्रोतों में से एक है।

नेपाल ने भैरहवा विमान स्थल के लिए भारत से हवाई रूट देने की मांग दोहराई

एजेंसी। काठमांडू

भैरहवा स्थित गौतम बुद्ध अन्तरराष्ट्रीय विमान स्थल के संचालन के लिए नेपाल ने एक बार फिर भारत से अपना हवाई रूट उपलब्ध कराने की मांग की है। इस विमान स्थल के तैयार होने के दो साल बाद भी इसका नियमित संचालन नहीं हो पाया है। लुम्बिनी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित नेपाल भारत सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन करते हुए नागरिक उड्डयन तथा संस्कृति मंत्री सुदन किरांती ने कहा कि गौतम बुद्ध अन्तरराष्ट्रीय विमान स्थल के संचालन के लिए भारत को हवाई रूट देने को लेकर पुनर्विचार करना चाहिए। नेपाल के लिए भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव की उपस्थिति में मंत्री किरांती ने कहा कि भारत की सहमति और हवाई रूट के बिना इस विमान स्थल का संचालन संभव नहीं है, इसलिए हवाई रूट को लेकर भारत के सकारात्मक जवाब की प्रतीक्षा है।

नेपाल भारत के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक संबंधों का हवाला देते हुए नेपाल के संस्कृति मंत्री ने कहा कि गौतम बुद्ध की जन्मस्थली पर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने और विश्व के कई देशों से पर्यटकों को सीधे लुम्बिनी से जोड़ने के लिए इस अन्तरराष्ट्रीय विमान स्थल का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि नेपाल की जनता, नेपाल की सरकार के तरफ से भारत सरकार से यह आग्रह है कि हवाई रूट देने को लेकर सकारात्मक रूप से विचार करे। जवाब में भारतीय राजदूत ने नेपाल के चौतरफा विकास में भारत के योगदान का जिक्र तो किया पर विमान स्थल के लिए हवाई रूट को लेकर कुछ भी नहीं कहा।

उत्तर कोरिया परमाणु हथियार कार्यक्रम बंद करने के लिए बाध्य

सोल। दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने शनिवार को फिर से पुष्टि की कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम बंद करने के लिए बाध्य है। सोल में बातचीत के बाद, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चो ताए-योंग ने अपने अमेरिकी और जापानी समकक्षों, जेक सुलिवन और ताकेओ अकिबा के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान यह टिप्पणी की। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, चो ने कहा, हमने परमाणु निरस्त्रीकरण और सैन्य सहयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत उत्तर कोरिया के दायित्वों की पुष्टि की, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सख्त कार्यान्वयन को सुरक्षित करने के लिए तीन देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

एक नजर इधर भी

जलवायु परिवर्तन व भारत के प्रयास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण के संबोधन में जलवायु परिवर्तन पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन भी एक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण भारत इन चिंताओं को कम नहीं आंकता है। इसको लेकर भारत सचेत है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी दुबई में इस मसले पर हो रहे मंथन के दौरान आई है। खास बात यह है कि वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी28 में इस मामले में भारत के प्रयासों की तारीफ की गई है। सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में इस साल पिछली बार की तुलना में एक पायदान ऊपर (सातवें स्थान) पहुंच गया और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शुमार है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की गई। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक तैयार करने के लिए 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी की गई। यह देश दुनियाभर में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करते हैं। सूचकांक में भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है। यह अलग बात है कि रिपोर्ट में जलवायु नीति और नवीकरणीय ऊर्जा में पिछले वर्ष की तरह मध्यम रैंकिंग मिली है। महत्वपूर्ण यह है कि सूचकांक में कहा गया है कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। सूचकांक पर आधारित यह रिपोर्ट कहती है, 'हमारा डेटा दिखाता है कि प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस श्रेणी में, देश दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के मानक को पूरा करने की राह पर है। हालांकि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में थोड़ा सकारात्मक रुझान दिखता है, लेकिन यह रुझान बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रहा है।' जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत स्पष्ट दीर्घकालिक नीतियों के साथ अपने राष्ट्रीयस्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। यह नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा घटकों के घरेलू विनिर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। इसके बावजूद, भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतें अभी भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर भारी निर्भरता से पूरी हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने दुबई पहुंचे जर्मनी के नेता और यूरोपीय संसद के सदस्य पीटर लीसे ने भारत के संदर्भ में अहम टिप्पणी कर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा है कि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन बेहद कम है। इसलिए भारत को चीन और अमेरिका जैसे देशों के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने भारत के पक्ष में एक बात यह भी कही कि जब जर्मनी में लोगों के पास दो कार हैं, तो भारतीयों के पास भी एक कार तो होनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होने के बावजूद इस सम्मेलन में भारत को अमेरिका जैसे प्रमुख उत्सर्जकों के साथ जोड़ने के ठोस प्रयास किये गये हैं। यूरोप में तमाम लोग चीन और भारत को और कभी-कभी खाड़ी देशों को एक ही नजर से देखते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह नजरिया पूरी तरह अस्वीकार्य है। इन देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन बहुत कम है। इस हफ्ते की शुरूआत में जारी वैश्विक वैज्ञानिकों की एक टीम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन पिछले साल लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर दो टन कार्बन डाइऑक्साइड तक पहुंच गया, लेकिन यह अब भी वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। इस रिपोर्ट में चेताया गया है कि अमेरिका प्रति व्यक्ति उत्सर्जन चार्ट में शीर्ष पर है। अमेरिका का प्रत्येक व्यक्ति 14.9 टन सीओ 2 उत्सर्जित करता है। इसके बाद रूस (11.4), जापान (8.5), चीन (8), और यूरोपीय संघ (6.2) हैं। दरअसल औसत तापमान, बारिश, बर्फबारी आदि मौसम के विभिन्न आयामों में होने वाले दीर्घकालिक परिवर्तन को जलवायु परिवर्तन कहते हैं। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से धरती के तापमान में होने वाली बढ़ोतरी बारिश की औसत मात्रा में बदलाव लाती है। इससे समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हो जाती है।

■ **मुकुंद**

मानवाधिकार महज एक मजाक बनकर न रह जाये

विश्व युद्ध, आतंकवाद एवं असंतुलित समाज रचना की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस करने की दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने विश्व मानवाधिकार दिवस घोषित किया। प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक 'मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा है, इस वर्ष उसकी 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम 'सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय' है, जो मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के संकल्प को बल देता है। किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। यह दिवस एक मील का पत्थर है, जिसमें समृद्धि, प्रतिष्ठा, न्याय एवं शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित होती है। विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा नस्लवादी भेद मानवाधिकार कार्य के विकास को बड़ी चुनौती दे रहा है। इसी तरह आदिवासी एवं दलितों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार भी मानवाधिकार का बड़ा मुद्दा है। महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़नाएं भी मानवाधिकार के सम्मुख बड़े संकट हैं। बात पेट जितनी पुरानी और भूख जितनी नई है 'मानवाधिकार' की। दुनिया में जहां-जहां भी संघर्ष चल रहे हैं, चाहे सत्ता परिवर्तन के लिए हैं, चाहे अधिकारों को प्राप्त करने के लिए, चाहे जाति, धर्म और रंग के लिए वहां-वहां मानवाधिकारों की बात उठाई जाती रही है। हमारे देश में भी वक्त चाहे राजशाही का था, चाहे विदेशी हुकूमत का और चाहे स्वदेशी सरकार का हर समय किसी न किसी हिस्से में संघर्ष चलते रहते हैं। डेढ़ सौ करोड़ के देश में विचार फर्क और मांगों की लंबी सूची का होना स्वाभाविक है। भारतीय संविधान मानवाधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले के लिये कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं, जैसे- बाल मजदूरी, एचआईवी, एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार आदि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मानवाधिकारों के लिये सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा भी कि एक ऐसे समय में जब पूरी दुनिया विश्व युद्ध की हिंसा में झुलस रही थी, भारत ने पूरे विश्व को 'अधिकार और अहिंसा' का मार्ग सुझाया। भारत आत्मवत सर्वभूतेषु के महान आदर्शों, संस्कारों और विचारों को लेकर चलने वाला देश है। आत्मवत सर्वभूतेषु यानि जैसा मैं हूं वैसे ही सब मनुष्य हैं। मानव-मानव में, जीव-जीव में भेद नहीं है। भारत ने लगातार विश्व को समानता और मानव अधिकारों के जुड़े विषयों पर नया विजन दिया है। बीते दशकों में ऐसे कितने ही अवसर विश्व के सामने आये हैं, जब दुनिया भ्रमित हुई है, भटकी है। लेकिन भारत मानवाधिकारों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है, संवेदनशील रहा है। निश्चित ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चल रहा है। ये एक तरह से मानव अधिकार को सुनिश्चित करने की ही मूल भावना है। तमाम प्रयासों के बावजूद मानव अधिकारों के हनन में हमारा देश पीछे नहीं है। आजादी के इतने सालों बाद भी बंधुआ मजदूरी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सका है। बाल मजदूरी जो एक मासूम की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है, वह भी खुलेआम होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी आज भी मुंह बाए खड़ी हैं। रोटी, कपड़ा और मकान जो लोगों की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं वे भी हमारी सरकार पूरी नहीं कर पा रही हैं। शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, रोजगार का अधिकार, स्वच्छ जीवन का अधिकार- ये सभी बुनियादी अधिकारों का हनन होना आज के तिथि में एक घिनौना पाप है, त्रासदी है, विडम्बना है। अगर आज भी हमारे देश के लोगों को जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर, भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है तो लानत है इस देश के लोगों पर और यहाँ की सरकार पर। सरकारें यदि ईमानदारी से प्रयत्न करती तो इन समस्याओं को सालों पूर्व खत्म कर सकती थी लेकिन नहीं, सरकार और सरकार में बैठे उनके अफसर इनके अधिकारों की रक्षा नहीं करते बल्कि अधिकतर मामलों में अत्याचारियों, बाहुबलियों, अमीरों का साथ देकर बेबस और लाचार लोगों पर बर्बर व्यवहार करते हैं। आज भी देश में बहुत सारे ऐसे जगह हैं जहाँ लोग खुलकर साँस भी नहीं ले पा रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या एक मानवाधिकार की बड़ी समस्या है। इलाज के नाम पर एवं शिक्षा के नाम पर जो लूट-खसोट सरेआम होती है, वह भी मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है। जनता हर दिन राज्य के पुलिस और सैनिकों के मनमाने उपद्रवों की शिकार हो रही हैं। मानव अधिकारों के साथ उनके कर्तव्य भी जुड़े होते हैं, उनका भी पालन अतिआवश्यक है। विश्व मानवाधिकार दिवस इन्ही मानवीय अधिकारों को बरकरार रखने और उनके हनन के खिलाफ आवाज बुलंद करने का सशक्त माध्यम है।

हमारे देश में भी वक्त चाहे राजशाही का था, चाहे विदेशी हुकूमत का और चाहे स्वदेशी सरकार का हर समय किसी न किसी हिस्से में संघर्ष चलते रहते हैं। डेढ़ सौ करोड़ के देश में विचार फर्क और मांगों की लंबी सूची का होना स्वाभाविक है। भारतीय संविधान मानवाधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले के लिये कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया।

इन दिनों

ललित गर्ग

यौन शोषण पीड़ित बच्चों को कब मिलेगा न्याय?

केंद्र सरकार की तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में 2,43,237 मामले लंबित थे। अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाय तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। अरुणाचल प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में 25 से ज्यादा साल तक का समय लग सकता है। साथ ही 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। ये चौंकाने वाले तथ्य विधि एवं कानून मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर केंद्रित इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) की ओर से जारी शोधपत्र 'जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' में उजागर हुए हैं। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिये फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन और हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि देने के बावजूद इस शोधपत्र के निष्कर्षों से देश के न्यायिक तंत्र की क्षमता और दक्षता पर सवालिया निशान उठ खड़े होते हैं। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जायेंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों जैसी विशेषीकृत अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। इनका गठन 2019 में किया गया और भारत सरकार ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसे 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपये की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। इन फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि वे इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लेंगी लेकिन इन अदालतों में आये कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया। इसका अर्थ यह है कि एक मुकदमे के निपटारे पर नौ लाख रुपये का खर्च आया। शोधपत्र के अनुसार, 'प्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन आंकड़ों से लगता है कि गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं।' सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ बलात्कार है। उधर, वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि देश में रोजाना 4,442 नाबालिग लड़कियों को शादी का जोड़ा पहना दिया जाता है। इसका मतलब यह है कि देश में हर मिनट तीन बच्चियों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में बाल विवाह के रोजाना सिर्फ तीन मामले दर्ज होते हैं। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह को रोकने के लिए देश में मजबूत नीतियों, कड़े कानूनों और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद सजा की मामूली दरों को गंभीर चिंता का विषय करार दिया। भुवन ऋभु ने कहा, 'कानून की भावना को हर बच्चे के लिए न्याय में रूपांतरित होने की जरूरत है। अगर बच्चों के यौन शोषण के आरोपियों में महज तीन प्रतिशत को ही सजा मिल पाती है तो ऐसे में कहा जा सकता है कि कानूनी निरोधक उपाय नाकाम हैं। अगर पीड़ित बच्चों को बचाना है तो सबसे जरूरी चीज यह है कि बच्चों और उनके परिवारों की सुरक्षा की जाए, उनके पुर्नवास और क्षतिपूर्ति के इंतजाम किये जाएं और पूरा न्यायिक तंत्र निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जैसी ऊपरी अदालतों तक मुकदमे का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करे।' यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को एक समयबद्ध और बच्चों के प्रति मैत्रीपूर्ण तरीके से न्याय दिलाना सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के निपटारे के लिए आईसीपीएफ ने कई अहम सिफारिशें की हैं।

शोधपत्र के अनुसार, 'प्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी। गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं।' सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ बलात्कार है।

■ **विनायक दास**

है न विचित्र बात !

कहां गये वे पुश्तैनी फैमिली डॉक्टर

अगर आपकी उम्र 45-50 साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में वे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे। वह रोगी की सारी व्यथा को सुनने के बाद सही दवाई बताता था। क्योंकि उसे रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी हुआ करती थी। बहुत अवसरों पर तो इनमें पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उसे ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्त सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लिनिकों, नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने। उनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। वह फैमिली डॉक्टर से बिलकुल ही अलग होता है। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वह अपना डॉक्टर का बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाता था। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाश्ता करने के बाद ही जाता। लेकिन, अब वह परंपरा पूरी तरह से खत्म हो गई है। बिहार के बेगूसराय में डॉ. अमृता सैकड़ों परिवारों की फैमिली डॉक्टर हुआ करती थीं। बीती दीवाली से पहले उनके निधन से उनके अनगिनत रोगी शोक में डूब गये। जानी-मानी गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमृता डेंगू संक्रमण का शिकार हो गयी। प्रतिभाशालिनी डॉक्टर थीं अमृता मैडम क सहृदय और संवेदनशील चिकित्सक थी। हरेक रोगी का पूरे मन से इलाज करती। डॉ. अमृता गरीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करती थीं। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। नियति की क्रूरता का कोई उत्तर नहीं मिलता। वह सच में एक समर्पित फैमिली डॉक्टर थीं। श्रमिकों के शहर कानपुर के रहने वाले मित्र बताते हैं कि वहां पर कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तो तभी जांच करायेंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उल्टियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाता। राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशयन के साथ-साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लिनिक में 'तमस' जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे। भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता। सुबह से शाम तक रोगी आते-जाते रहते। उनमें महिलाएं ही अधिक होतीं। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद डॉ.कुसुम ने 'अपना होप' नाम से क्लिनिक खोला था। उनका बांझ स्त्रियों के इलाज में महत्वपूर्ण शोध था। डॉ.कुसुम देश की उन पहली चिकित्सकों में थी, जिन्होंने सैकड़ों निःसंतान दम्पत्तियों को कृत्रिम गर्भाधान विधि से संतान सुख दिया था। वह महिला बांझपन के लक्षण, कारण, इलाज, दवा, उपचार पर निरंतर अपने रिसर्च पेपर देश-विदेश में होने वाले सम्मेलनों में प्रस्तुत कर ही रही थीं।

■ **आर.के. सिन्हा**

जो प्रतिपल विकसित होता है- वही ब्रह्म, वही शब्द

शब्द आत्म अभिव्यक्ति के उपकरण होते हैं। वे मन की बात कहने के माध्यम हैं। प्रत्येक शब्द का गर्भ होता है। इस गर्भ में शब्द का अर्थ छिपा होता है। शब्द अपने स्थान के अनुसार भी अर्थ बदलते रहते हैं। शब्द मुस्कराते हैं। कभी-कभी वे संकोची भी जान पड़ते हैं और कभी-कभी अपने अर्थ के प्रभाव में सबको आच्छादित भी करते हैं। शब्दों की अपनी महिमा है। प्रकृति सृष्टि का अपना संसार है। प्रकृति की अभिव्यक्ति सांसारिक रूपों में होती है। समृद्ध भाषाओं में प्रकृति की प्रत्येक अभिव्यक्ति के लिए अलग अलग शब्द हैं। कहना कठिन है कि शब्द के भीतर सारा संसार समाया हुआ है या संसार के भीतर सारे शब्द समाये हुए हैं। शब्द संसार के सभी रूपों के प्रतिनिधि हैं। शब्द हंसते हुए दुख और विषाद को कम भी करते हैं। हर्ष और विषाद भी शब्दों के माध्यम से प्रकट होते हैं। शब्द ज्ञानकोष के आज्ञाकारी जान पड़ते हैं। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान शब्दों में प्रकट हुआ है। इस तरह हमारे सामने दो संसार प्रकट होते हैं। एक संसार रूपों का और दूसरा संसार शब्दों का। कदाचित इसीलिए व्यास जी ने शब्द को ब्रह्म कहा। संस्कृत में ब्रह्म का अर्थ है सतत विस्तरमानता। जो प्रतिपल विकसित हो रहा है सतत विस्तारशील है वही ब्रह्म है। वही शब्द है। भारतीय संस्कृति का प्रचार व प्रसार संस्कृत की प्रचुर भाषा सम्पदा में हुआ। शब्द सरस्वती तट पर स्तुतिरूपा था। शब्द मंत्र था। शब्द मुद मोद प्रमोद का वाहक बना। चतुर्दिक शब्द। सामने शब्द, पीछे शब्द, दाएं शब्द, बाएं शब्द। शब्द आकाश का गुण है। शब्द आकाश में था। मंत्र रूप में परम व्योम में था। संप्रति शब्द सामर्थ्य घटी है। चर्चित राजनेता भी शब्द और अपशब्द का भेद नहीं करते। कुछ शील अश्लील में भी फर्क नहीं करते। समाज का वातावरण बिगड़ता है। सुन्दर शब्दों की तुलना में असुंदर शब्द प्रभावी होते जाते हैं। बुरा शब्द अच्छे शब्द को धकियाता है। अच्छा शब्द रिरियाते हुए धक्का खाकर पीछे चला जाता है। इंग्लैंड के अर्थशास्त्री ग्रेशम ने कहा था कि, 'खोटे सिक्के अच्छे सिक्कों को चलन से बाहर कर देते हैं।' अस्तित्व की तरह शब्द संसार भी लगातार विस्तीर्ण हो रहा है। पहले शब्दों की संख्या कम थी। धीरे-धीरे बढ़ती गई। अब विभिन्न भाषाओं में लाखों शब्द हैं। शब्द की जन्म तिथि का पता लगाना कठिन है। आदिम मनुष्य के पास भाषा नहीं थी और न ही समझ में आने वाली बोली। उस समय मनुष्य ने स्वयं को प्रकट करने की इच्छा की। अनुमान है कि संकेतों से मनुष्य ने अपने मित्रों के बीच अपना भाव प्रकट किया होगा। उंगली से संकेत करना, हाथों को हृदय पर रखना, मन की बात रखने के लिए कंधे उचकाना आधुनिक काल में बॉडी लैंग्वेज कहा जाता है। तो भी हाव भाव के माध्यम से पूरा अर्थ प्रकट करना कठिन था। तब मनुष्य का ध्यान प्रकृति के अंतसंगीत की तरफ गया होगा। कुछ ध्वनिमूलक संकेतों से बात आगे बढ़ी होगी। चार्ल्स डारविन ने ऐसे तथ्यों की ओर संकेत किया है। ध्वनियों के संयोजन से संगीत का जन्म हुआ होगा और शब्दों के संयोजन से गीतों का जन्म। दुनिया के सारे गीत शब्दों से बनते हैं और संगीत ध्वनि संयोजन से। इसीलिए संगीत का अर्थ नहीं होता और गीत का अर्थ होता है। जहां-जहां अर्थ वहां-वहां शब्द। जहां-जहां शब्द वहां-वहां अर्थ। अथर्ववेद के एक सुन्दर मन्त्र में सरिताओं से कहा गया है, 'हे सरिताओं आप नाद करते हुए बहती हैं इसलिए आप का नाम नदी पड़ा है।' पहले जल प्रवाह फिर जल प्रवाह की ध्वनि और उसका नाद फिर जल तरंग की अनुभूति और फिर नदी। मनुष्य की तरह नदियां भी प्रसन्न या उदास होती हैं। मनुष्य नदियों को प्रसन्न बहते हुए देखते हैं। शब्द भी प्रसन्न होते हैं। शब्द प्रसन्नता के इस प्रवाह से काव्य का जन्म होता है। यहां भी शब्द की महत्ता है। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान और दर्शन शब्द के माध्यम से सार्वजानिक सम्पदा बना है। शब्द वस्तुतः वाणी के अंश होते हैं। वाणी वाक्य है। शब्दों के अर्थपूर्ण संयोजन से वाक्य बनते हैं। वाक्य शक्ति हैं और वाणी उसका प्रकट रूप। कुछ शब्द स्वयं पूर्ण होते हैं। शब्द ब्रह्म हैं और उपनिषदों में ब्रह्म रस बताया गया है। रसो वै सह। कुछ शब्द नीरस भी होते हैं लेकिन अपने मूल स्वभाव से नीरस नहीं होते। उन्हें रसपूर्ण या नीरस बनाना शब्द प्रयोगकर्ता पर निर्भर है। सामान्यतः अर्थ और नाम ज्ञान के मौलिक आधार हैं। सभी रूप प्रकृति की अभिव्यक्ति हैं। उनका नामकरण मनुष्य का कौशल है। ऋग्वेद के ज्ञानसूक्त में कहा गया है कि, 'पहले रूपों के नाम रखे गये। विद्वानों ने सार असार को अलग किया।' सभी नाम शब्द हैं लेकिन सभी शब्द नाम नहीं हैं। शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार ने वाणी को विराट कहा था। शब्द की देह अक्षर है। अक्षर अविनाशी है। इसलिए शब्द भी अमर हैं लेकिन शब्द भी मनुष्य की तरह बूढ़े होते हैं। शब्द भाषा की काया होते हैं। शब्द जीवन का प्रवाह हैं। प्रेम शब्दों में प्रकट होता है। अस्तित्व का रस भी शब्दों के माध्यम से मिलता है। जीवन की मधुमयता भी शब्दों में प्रकट होती है। मधु आपूरित शब्द जीवन को मधुमय बनाते हैं। नीरस व अप्रिय शब्द जीवन को आहत करते हैं। अथर्ववेद में मधुर शब्दों की इच्छा व्यक्त की गई है। ऋषि की प्रार्थना है कि, 'हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मध्य भाग मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम तेजस्वी वाणी भी मधुरता के साथ बोलें।' शब्द वस्तु या पदार्थ नहीं होते। वे अपना अर्थ ढोते हुए ध्वनि तरंगों से प्रकट होते हैं। अच्छा है कि शब्द पदार्थ नहीं होते वरना बड़ी कठिनाई होती। हम अपने मित्रों के साथ प्रायः 16-20 घंटे गप मारते हैं। शब्द प्रयोग करते रहते हैं। शब्द अगर पदार्थ होते तो उन्हें सुरक्षित रखने की जगह नहीं होती। शब्द पदार्थों का वर्गीकरण भी कठिन होता। सरस शब्द, नीरस शब्द, शालीन शब्द, क्रुद्ध और आक्रामक शब्द। मृदु और तिक्त शब्द आदि तमाम तरह के शब्द अलग रखने पड़ते और अपशब्द अलग। कभी कभी शब्दों अपशब्दों में लड़ाई होती। तब शब्द जीतता या अपशब्द कहना कठिन होता। गाली भी शब्दों से बनती है। संभवतः हिंसक उपायों से बचने के लिए कुछ समझदार विद्वानों ने शब्द को गाली बनाया था। शब्द बोलना आसान है। शब्द से गाली बनाना कठिन है। गाली के रचनाकारों के सामने चुनौतीपूर्ण स्थिति रही होगी। शब्द संयोजन में क्या जोड़ें? क्या घटाएं कि शब्द गाली बने। गालियां प्रायः सम्बंधित व्यक्ति के लिए नहीं होती। वे उसकी माता या बहन के विरुद्ध होती हैं। सम्बंधित व्यक्ति अपनी माता व बहन की आत्मीयता में कुपित होते हैं। लेकिन भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में विवाह आदि मांगलिक कार्यक्रमों में महिलाएं वर पक्ष को गलियां देती हैं। ये गलियां उत्तेजित नहीं करती। वातावरण को सरस करती हैं। दोनों पक्ष शब्दरस, शब्द मोद व शब्दलीला का आनंद लेते हैं। गाली वाले शब्द आनंद आपूरित करते हैं। शब्द आनंददाता हैं। ज्ञानवाहक हैं। दर्शन के साधक हैं।

कहना कठिन है कि शब्द के भीतर सारा संसार समाया हुआ है या संसार के भीतर सारे शब्द समाये हुए हैं। शब्द संसार के सभी रूपों के प्रतिनिधि हैं। शब्द हंसते हुए दुख और विषाद को कम भी करते हैं। हर्ष और विषाद भी शब्दों के माध्यम से प्रकट होते हैं। शब्द ज्ञानकोष के आज्ञाकारी जान पड़ते हैं। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान शब्दों में प्रकट हुआ है। इस तरह हमारे सामने दो संसार प्रकट होते हैं। एक संसार रूपों का और दूसरा संसार शब्दों का। कदाचित इसीलिए व्यास जी ने शब्द को ब्रह्म कहा। संस्कृत में ब्रह्म का अर्थ है सतत विस्तरमानता।

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

अरेंज मैरिज में फैमिली से भरपूर स्पोर्ट मिलता है

एक समय था कि शहर से लेकर गांव-कस्बे तक के लोग, लड़के-लड़कियों के माता-पिता खुद संबंध तलाशते थे। सभी पहलुओं की जांच-परख करने के बाद ही शादी-विवाह रचाते थे। पहले जहां माता-पिता स्वयं अपने निर्णयों पर बच्चों की सहमति की परवाह नहीं करते थे। आज विवाह से संबंधित उनके स्वतंत्र निर्णय पर अपनी रजामंदी दे देते हैं। क्योंकि वह पहले की अपेक्षा अब उतने परंपरागत विचारधारा वाले नहीं रहे। साथ ही अब वह अपने बच्चों की भावनाओं को समझने लगे हैं। जैसा कि नाम से ही प्रतीत होता है कि प्रेम-विवाह एक ऐसा संबंध है। जिसका आधार केवल युवक और युवती के बीच का आपसी प्रेम होता है। इसके तहत दो व्यक्ति एक-दूसरे के प्रति पूरी तरह समर्पित हो जाने के बाद, परिवार वालों की रजामंदी के बगैर भी अपना पूरा जीवन साथ बिताने के लिए राजी हो जाते हैं। प्रेम-विवाह जैसे संबंधों में लड़के और लड़कियां व्यक्तिगत तौर पर विवाह करने का निर्णय कर लेते हैं। ऐसे में माता-पिता व परिवार वालों की भूमिका नाम मात्र रह जाती है।

आज कल के लड़के-लड़कियां परिवार वालों को इगनोर करते हुए अपनी मनमर्जी से अपने जीवन का फैसला कर लेते हैं। उनको यह लगता है कि उनके माता-पिता उनके दुश्मन हैं। वो जो कर रहे हैं। वो सब कुछ सही है। लव मैरिज जहां एक अच्छी शादी साबित होती है वहीं इसके कुछ नेगेटिव इफेक्ट्स भी होते है। दरअसल, जब आप किसी से प्यार करते हो। आपको उस व्यक्ति में खामियां दिखाई नहीं देती है। साथ ही रिलेशनशिप में डेट प्लान करने, लंच, डिनर आराम, बेबी में इतने खो जाते हैं कि वो शादी के बाद एक खुशहाल जीवन के लिए जरूरी बातों पर अपने पार्टनर से चर्चा करना भी जरूरी नहीं समझते। इसलिए शादी के बाद कई समस्याएं सामने आने लगती हैं। जिनके कारण रिश्ते में दरार पड़ने लगती है। ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच अगर कोई विवाद उत्पन्न हो तो वह पूर्ण रूप से उनका आपसी मसला बन जाता है। हालांकि पर्याप्त समय बिताने के कारण दोनों पक्षों में आपसी संबंध इतना परिपक्व हो जाता है कि वे एक-दूसरे के गुणों और दोषों को समझने लगते हैं। लेकिन अरेंज मैरिज में लोगों को पार्टनर की फैमिली से भरपूर स्पोर्ट मिलता है। क्योंकि जब आपका पार्टनर आपके परिवार की पसंद का होता है तो वो उन्हें इज्जत तो देते ही हैं साथ ही जीवन के हर सख-दुख में उनका साथ भी देते हैं। लव मैरिज की सबसे अच्छी बात ये होती है कि पार्टनर्स को एक-दूसरे की खूबियों के साथ खामियों की भी जानकारी होती है। लव मैरिज में आप अपने पार्टनर को पहले से ही समझते हैं। इसलिए शादी के बाद आपको पार्टनर को जानने में ना रूचि होती है और ना ही जरूरत है। लेकिन अरेंज मैरिज में शादी के बाद पार्टनर को जानना, समझना, रोमांस करना काफी इंटरेस्टिंग होता है। धीरे- धीरे ये खूबसूरत एहसास प्यार का रूप ले लेता है और शादी का रिश्ता काफी मजबूत हो जाता है।

❖ तुषार घोष

शादी लव हो या अरेंज दोनों की अपनी विशेषताएं व खामियां होती हैं

भले ही लव मैरिज जैसा संबंध आधुनिक युग और पाश्चात्य संस्कृति की देन हो, लेकिन वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों के मद्देनजर अब यह एक प्रासांगिक व्यवस्था बन गई है। हालांकि विवाह जैसा संबंध दो परिवारों को भी समान रूप से प्रभावित करता है। लेकिन मूलरूप से यह एक ऐसी संस्था है जो केवल पति-पत्नी से ही संबंधित होती है। इसमें विवाद होना कोई ऐसी घटना नहीं है जो केवल लव मैरिज या परंपरागत विवाह से ही संबंधित है। विवाह का मौलिक महत्व दो व्यक्तियों के जीवन को सुचारू रूप से चलाना और उन्हें आत्मिक सुख प्रदान करना होता है। लव मैरिज के फलस्वरूप दो व्यक्ति एक-दूसरे के साथ को सहज महसूस करते हैं और अपना भविष्य एक-दूसरे के साथ सुरक्षित महसूस करते हैं। इसमें कोई बुराई नहीं देखी जानी चाहिए। शादी जीवनभर का रिश्ता होता है। शादी को लेकर ज्यादातर लोग इस बात की कन्फ्यूजन में रहते हैं कि आखिर उन्हें अपने घर वालों की पसंद के व्यक्ति से शादी करनी चाहिए या अपनी पसंद के। शादी लव हो या अरेंज दोनों की अपनी विशेषताएं और खामियां होती हैं। हालांकि कुछ लोगों को तो अपना हमसफर मिल जाता हैं। इसलिए उन्हें शादी का निर्णय लेने में ज्यादा परेशानी नहीं होती। लेकिन जो लोग अभी भी अपने जीवनसाथी की तलाश में हैं। लव मैरिज में पार्टनर्स के बीच पहले से ही बहुत प्यार होता है। इसलिए अगर कभी किसी बात पर अनबन हो भी जाती है तो वो खुद से सुलाह कर लेते हैं। क्योंकि उन्हें इस बात की अच्छे से जानकारी होती है कि उनके पार्टनर को किस बात पर गुस्सा आता है और उस गुस्से को कैसे शांत किया जा सकता है। हर शादी में कभी ना कभी कुछ समस्याएं सामने आ ही जाती हैं। लेकिन अपनी पसंद से शादी करने वाले लोग उन समस्याओं को अपने परिवार वालों के साथ शेयर नहीं कर पाते। क्योंकि शादी का फैसला उनका खुदका होता है। जिस वजह से हर दुविधा का उन्हें खुद ही रास्ता निकालना होता है।

शादी जीवन का सबसे महत्वपूर्ण फैसला होता है

शादी एक विशाल पेंटिंग की तरह है जहां आप अपनी गतिविधियों को ब्रश करते हैं और अपनी प्रेम कहानी बनाते हैं। समस्या समाधान की है जहां यह महसूस करना महत्वपूर्ण है कि आप हर दिन अपने दम पर जी सकते हैं। इसलिए कुछ गलतफहमियों का मिल-जुलकर समाधान निकालना जरूरी है। यह विवाह के आवश्यक भागों में से एक है। विवाह में संचार भी बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। इस प्रकार जोड़े को मित्र बनकर व्यवहार करना चाहिए। वास्तव में मित्र बनकर रहना चाहिए। दंपत्ति के बीच कोई रहस्य नहीं होना चाहिए और किसी को भी कुछ छिपाना नहीं चाहिए। इसलिए दोनों व्यक्तियों को वही करना चाहिए जो उन्हें सहज लगे। यह सोचने की जरूरत नहीं है कि शादी कठिन है। इसलिए यह आपको हर समय व्यस्त और दुखी महसूस कराती है। विवाह का अनुभव सफल या असफल हो सकता है। सच कहें तो सफल विवाह का कोई रहस्य नहीं है। यह व्यक्ति को ढूंढने और सभी मतभेदों और खामियों का आनंद लेने के बारे में है। जिससे आपका जीवन सहज हो जाता है। एक अच्छी शादी एक ऐसी चीज है जिसे दो प्यार करने वाले लोगों द्वारा बनाया जाना चाहिए। इस प्रकार यह समय-समय पर नहीं होता है। हमरा मानना है कि शादीशुदा लोग अविवाहित लोगों की तुलना में कम उदास और ज्यादा खुश रहते हैं। सामान्य तौर पर विवाह को एक पुरुष और एक महिला के बीच एक बंधन-प्रतिबद्धता के रूप में वर्णित किया जा सकता है। साथ ही यह बंधन प्रेम, सहिष्णुता, समर्थन और सद्भाव से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है। साथ ही परिवार बनाने का अर्थ सामाजिक उन्नति के एक नए चरण में प्रवेश करना है। शादियां महिलाओं और पुरुषों के बीच नए रिश्ते स्थापित करने में मदद करती हैं। साथ ही यह हमारे समाज में सर्वोच्च और सबसे महत्वपूर्ण संस्थान माना जाता है। जब भी हम शादी के बारे में सोचते हैं तो सबसे पहली चीज जो हमारे दिमाग में आती है वह है लंबे समय तक चलने वाला रिश्ता। साथ ही हर किसी के लिए शादी उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण फैसला होता है। क्योंकि आप अपना पूरा जीवन उस एक व्यक्ति के साथ जीना चुन रहे हैं। इस प्रकार जब लोग शादी करने का निर्णय लेते हैं तो वे एक प्यारा परिवार बनाने, एक साथ अपना जीवन समर्पित करने और अपने बच्चों का एक साथ पालन-पोषण करने के बारे में सोचते हैं। मानव जाति का चक्र ऐसा ही है।

❖ ओम प्रकाश प्रजापति

शादी विवाह माता पिता के मन से करने पर समस्या शून्य के बराबर

विवाह जैसा महत्वपूर्ण संबंध दो लोगों को परस्पर उत्तरदायी बना देता है। वहीं प्रेम-विवाह में उत्तरदायित्व का महत्व और अधिक इसीलिए बढ़ जाता है। क्योंकि साथ-साथ पर्याप्त समय बिताने के कारण दोनों में भावनात्मक लगाव, परंपरागत विवाह से कहीं अधिक होता है। लेकिन देखा यह जाता है कि समय के साथ-साथ आपसी जुड़ाव की भावना में भी कमी आने लगती है। इसके परिणामस्वरूप लोग एक-दूसरे के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भूलने लगते है और संबंध के स्थायी बनाये रखने में दूसरे की भूमिका को प्रधान मानते हैं। एक समय था जबकि विवाह के संबंध में युवक और युवतियों की सहमति नहीं ली जाती थी। ऐसे में वे अपने संबंध को अपने परिवारवालों का आदेश मात्र मानकर उम्र भर उसका बोझ ढोने के लिए बाध्य होते थे। जबकि प्रेम-विवाह में ऐसी किसी भी जटिल स्थिति की संभावना के लिए स्थान शून्य के बराबर होता है। वैवाहिक संबंध में शामिल जोड़े आपसी सहमति और खुशी के साथ संबंध का निर्वाह करते हैं और पारस्परिक अपनापन कम नहीं होने देते। वर्तमान समय में महिलाएं भी पुरुषों के ही समान शैक्षिक और व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। ऐसे में उनकी पसंद-नापसंद और अपने साथी के प्रति उनकी अपेक्षाएं किसी भी संबंध निर्धारण हेतु एक बहुत बड़ा मानक बन जाती हैं। आमतौर पर यह देखा जाता है कि आज के दौर में जब युवक और युवतियां एक साथ पढ़ते और काम करते हैं तो ऐसे में भावनात्मक रूप से वे दोनों एक-दूसरे के साथ जुड़ जाते हैं। परिणामस्वरूप दोनों में प्रेम संबंध स्थापित हो जाता है और जब यह प्रेम-संबंध अधिक गहरा हो जाता है तो दोनों विवाह करने का निर्णय ले लेते हैं। प्रेम विवाह जैसे संबंध पूर्ण रूप से दो व्यक्तियों की आपसी समझ पर आधारित होते हैं। जिनका आधार केवल प्रेम ही नहीं बल्कि पारस्परिक विश्वास और सम्मान होता है। ऐसे में स्वाभाविक ही है कि दोनों अपनी प्राथमिकताओं को जान कर ही विवाह जैसे बड़े निर्णय को लेने की पहल करते हैं। परिणामस्वरूप दोनों के खुशहाल जीवन की संभावनाएं काफी हद तक बढ़ जाती हैं।

❖ अरुण कुमार

लव हो या अरेंज, शादी विश्वास का बन्धन है

एक सर्वे के मुताबिक पलामू सहित पूरे भारत में लगभग 70 फीसदी लोग अरेंज मैरिज करने में यकीन रखते हैं। क्योंकि अरेंज मैरिज में आप पार्टनर का चयन भावनाओं में आकर नहीं बल्कि अच्छे से विचार करके अपनी पर्सनालिटी, बैकग्राउंड, स्टेटस से मैच करता हुआ साथी चुनते हैं। जहां पहले बच्चे खासतौर पर महिलाएं पूर्ण रूप से अपने माता-पिता के आदेशों पर ही निर्भर होती थीं। लेकिन आज के दौड में बच्चे आत्मनिर्भर बन अपने अच्छे-बुरे को समझने लगी हैं। इस कारण वह यह भली प्रकार समझते हैं कि उनके लिए कैसा जीवन साथी उपयुक्त रहेगा। इसी आधार पर अगर वह प्रेम-विवाह करने का निर्णय लेती हैं तो यह बात स्वाभाविक है कि यह उनका अपना स्वतंत्र और व्यक्तिगत निर्णय होता है। इसके अलावा एक दूसरे को जानने और समझने के बाद दोनों मे औपचारिकता जैसी भावना समाप्त हो जाती है। दोस्ती का अहम रिश्ता स्थापित हो जाता है। जिसके फलस्वरूप वे दोनों एक-दूसरे के साथ अपेक्षाकृत अधिक सहज हो जाते हैं। हर शादी में कभी ना कभी कुछ समस्याएं सामने आ ही जाती हैं। लेकिन अपनी पसंद से शादी करने वाले लोग उन समस्याओं को अपने परिवार वालों के साथ शेयर नहीं कर पाते। क्योंकि शादी का फैसला उनका खुद का होता है। इससे व्यक्ति तनाव में आ जाता है और एक प्यार भरा रिश्ता टूटने लगता है। लव मैरिज की

तरह अरेंज मैरिज में कई समस्याएं हो सकती है। दरअसल अरेंज मैरिज में आपको पार्टनर के स्वाभाव, उनकी पसंद ना पसंद, अनके अतीत की कुछ जानकारी नहीं होती है। अचानक पार्टनर का छुपा हुआ रूप सामने आने से रिश्ते की चमक फीकी पड़ सकती है। लव कपल के बीच ज्यादा अच्छी केमिस्ट्री होती है। दोनों एक दूसरे को अच्छे से समझते हैं। एक दूसरे की पसंद ना पसंद को पहले से ही जानते हैं। शादी के बाद उनका ये प्यार और गहरा हो जाता है। शादी लव हो या अरेंज, ये तभी सफल होती है। जब दो लोग एक दूसरे से प्यार के साथ एक दूसरे की इज्जत भी करते हैं। शादी को खुशहाल बनाए रखने के लिए अपने पार्टनर पर विश्वास करना बहुत जरूरी है। जितना हो सके छोटी-छोटी समस्याओं को इग्नोर करें। एक दूसरे से अपने प्यार का इजहार जरूर करें और अपने पार्टनर के कुछ अच्छा करने पर उनकी तारीफ जरूर करें। ऐसे रिश्ते में मिठास बनी रहेगी और आपका शादीशुदा जीवन सुखमय बना रहेगा।

❖ वेद प्रकाश

हमारा समाज लव मैरिज शादी को अच्छी नजरों से नहीं देखता

शादी का रिश्ता बहुत प्यारा और पवित्र होता है। चाहे वह लव मैरिज हो या अरेंज, दोनों में प्यार और विश्वास होना बेहद जरूरी है। अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि लव मैरिज और अरेंज मैरिज में से कौन सी ज्यादा अच्छी है। कुछ लोग यह धारणा बना लेते हैं कि लव मैरिज में व्यक्ति एक दूसरे के बारे में पहले से सब कुछ जानता है। ऐसे में आगे का जीवन बेहद बोरिंग हो जाता है। वहीं कुछ लोग यह भी धारणा बनाते हैं कि अरेंज मैरिज में एक दूसरे को नहीं जानते ऐसे में अगर भविष्य में उनके विचार नहीं मिले तो क्या होगा। इस कशमकश में लोग लव मैरिज और अरेंज मैरिज के बीच में अटक कर रह जाते हैं और परिवार के दबाव में आकर कोई भी कदम उठा लेते हैं। सबसे पहले पता होना जरूरी है कि लव मैरिज और अरेंज मैरिज में से कौन सा बेहतर है। शादी कोई भी हो इसमें प्यार और भरोसे की नींव होना जरूरी है। तभी जाकर ये अटूट रिश्ता बनता है। हर शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते हैं लेकिन कुछ मामलों में अरेंज मैरिज की तुलना में लव मैरिज में कुछ ज्यादा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उम्मीदों का बोझ लव मैरिज में कहीं ज्यादा होता है और इसलिए अरेंज मैरिज की तुलना में लव मैरिज आसानी से टूट जाता है। प्यार में अक्सर लोग अंधे हो जाते हैं और उन्हें पूरी दुनिया सिर्फ खूबसूरत ही लगती है। उन्हें लगता है कि शादी के बाद भी वो हमेशा इसी तरह खुश रहेंगे लेकिन जब असलियत से सामना होता है तो वो खुद को संभाल नहीं पाते हैं। भले ही कितनी ही धूम-धाम से आपने लव मैरिज की हो लेकिन जब आप कल्पना की दुनिया से बाहर आते हैं तो लगता है जैसे कि पूरी दुनिया ही उजड़ गई। बहुत ज्यादा उम्मीद लगाना लव मैरिज के टूटने का मुख्य कारण होता है। शादी से पहले तक कपल एक दूसरे को काफी समय देते हैं और शादी के बाद भी एक-दूसरे से यही उम्मीद करते हैं। लव मैरिज हो या अरेंज, शादी के बाद चीजें बदल ही जाती हैं। अरेंज मैरिज में समझौते करना आसान होता है लेकिन लव मैरिज में जब ये उम्मीदें टूटती हैं तो बहुत झटका लगता है। ऐसा लगने लगता है जैसे कि शादी से प्यार खत्म हो गया। दूरियां ज्यादा बढ़ जाने पर रिश्ता खत्म होने की संभावना भी बढ़ जाती है। अक्सर जब लोग किसी से प्यार करते हैं तो दिन-रात उसी के सपने देखने लगते हैं। वो सही-गलत का अंतर भी समझना भूल जाते हैं। समाज में आज भी कई लोग लव मैरिज को अच्छी नजरों से नहीं देखते हैं। लड़के या लड़की की जिद में आकर वो इस रिश्ते के लिए मंजूरी दे भी दें तो भी इसे पूरे दिल से नहीं स्वीकार कर पाते हैं। मर्जी के बिना शादी करने से बड़ों का साथ उस तरह नहीं महसूस होता है जैसा कि अरेंज मैरिज में। लव मैरिज में शादी के बाद की मुश्किलों को लोग खुलकर अपने पेरेंट्स या बड़ों से शेयर नहीं कर पाते हैं और अकेले-ही इस दबाव को झेलते हैं। जब लोग जल्दबाजी में आकर शादी का फैसला करते हैं तो वो यहीं गलती कर बैठते हैं। पार्टनर को पूरी तरह जानने-समझने के बाद ही शादी का फैसला करना चाहिए। अक्सर लोग आकर्षण को प्यार समझ कर शादी का फैसला करते हैं लेकिन भूल का एसास उन्हें शादी के बाद होता है। ऐसी स्थिति में शादी बहुत दिनों तक नहीं चल पाती है।



❖ अभय कुमार यादव

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

माता-पिता अपनी बेटी के प्रेम से नहीं, ठगे जाने से डरते हैं

आज के माता-पिता को अपने प्राणों से अधिक बेटियों की चिन्ता सताने लगी हैं। वह अपनी बेटियों की ओर देखने वाली हर अच्छी-बुरी आँख से डरते हैं। बेटियों को लोगों की दृष्टि से बचाना पिता का प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य बन जाता है। जो पिता अपना यह कर्तव्य नहीं निभा पाता समाज में उसके लिए तिरस्कार तय हो जाता है। यह तिरस्कार आज तक चल रहा है। पलामू सहित पूरे देश का एक सामान्य पिता अपनी बेटी के प्रेम से नहीं डरता वह अपनी बेटी के लूटे जाने से डरता है। उसके ठगे जाने से डरता है। घर से भागी हुई लड़कियों के समर्थन में खड़े होने वालों का गांव व शहर अपने हजार विमर्शों में एक बार भी इस मुद्दे पर बोलना नहीं चाहता। क्योंकि भागने के साल भर बाद ही लड़की के प्रति उस बदनामी के भाव जिसे लड़की प्रेम समझ बैठी थी। आज जिले के हर रेडलाइट एरिया में मर रही लड़कियां प्रेम के नाम ही फंसाई जाती हैं। इसी बात को लेकर बेटी का भागना पिता की मृत्यु से अधिक पीड़ादायक से कम नहीं होता है। वह इस दुनिया का सबसे अधिक टूटा हुआ व्यक्ति होता है। पहले तो वह महीनों तक घर से निकलता नहीं है और फिर जब निकलता है तो हमेशा सर झुका कर चलता है। अपने आस-पास मुस्कुराते हर चेहरों को देख कर उसे लगता है। जैसे लोग उसी को देख कर हंस रहे हैं। वह जीवन भर किसी से तेज स्वर में बात नहीं करता। क्योंकि वह डरता है कि कहीं कोई उसकी भागी हुई बेटी का नाम न ले ले। वह जीवन भर डरा रहता है। वह रोज मरता रहता है। प्रेम के नाम पर मासूम लड़कियाँ नहीं जानतीं कि वे अपने लिए और अपने पिता के लिए कैसा अथाह दुःख खरीद रही हैं। समझता है उनका निरीह पिता। भागी हुई लड़कियों का पिता इस सृष्टि का सबसे निरीह पुरुष होता है। लव मैरिज के नाम पर अपनी माता-पिता का विरोध करना किस हद तक सही है। आप अगर किसी को खुशी नहीं दे सकते तो दुःख देने का भी आपका हक नही बनता है। अभी तो आप अपने मन की कर लेते हैं। पर जब आपको अपने घरवाले की जरूरत होगी तब आप के साथ कोई नही होगा। एक बात हमेशा याद रखें कि जब आप किसी का अकेलापन दूर करते हैं तब आपको भी रिटर्न्स मिलता है। वरना इस धरती पर कोई किसी की फोकट में सहायता नही करता है।

❖ गुड्डू कुमार

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले प्रधानमंत्री मोदी

महिलाओं की एक ही जाति है, कुछ लोग कर रहे हैं बांटने का काम

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों को देश की बहुत बड़ी आबादी के अभाव में रहने और मुसीबतों एवं तकलीफों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना नाम लिए विपक्षी दलों पर देश की महिलाओं को भी जातियों में बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करते हुए विपक्षी दलों पर महिलाओं को बांटने (जाति आधार पर) का आरोप लगाते हुए कहा कि सभी महिलाओं को एक रहना है। आजकल लोग हमारी महिलाओं के बीच में भी दरारें कर रहे हैं, उन्हें बांटने की कोशिश कर रहे हैं। यह सही नहीं है। सब महिलाएं एक हैं और महिलाओं की एक ही जाति है।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर हमला जारी रखते हुए कहा कि अगर विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ की बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता, तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों में न रहती। उन्होंने कहा कि देश में हाल में हुए विधान सभा चुनावों के परिणामों की आज भी बहुत चर्चा हो रही है। इन चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में ही दम है। जनता को विपक्षी दलों के झूठे वादे पर भरोसा नहीं है। वे सभी मतदाताओं के आभारी हैं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनके लिए देश का हर गरीब, देश की हर माता-बहन-बेटी, देश का हर किसान, देश का हर युवा वीआईपी है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके परिवारजन तक पहुंचने का उनके सेवक का यह प्रयास है। वे आपके गांव तक आ रहे हैं, गाड़ी के माध्यम से आ रहे हैं। इसलिए कि आपके सुख-दुख का साथी बनूं, आपके आशा-आकांक्षाओं को समझूं। उसको पूरा करने के लिए सरकार की पूरी शक्ति लगाऊं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है, हिंदुस्तान के कोने-कोने में दिख रहा है, चाहे उत्तर हो, दक्षिण हो, पूरब हो, पश्चिम हो। बहुत ही छोटा गांव या बड़ा गांव हो, लोग गाड़ी को खड़ी करके सारी जानकारियां लेते हैं। नारी शक्ति हो, युवा शक्ति हो, किसान हो या फिर गरीब, विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति इनका समर्थन अद्भुत है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को उनकी सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है। जब ये लाभ मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है। जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है। पहले जो भीख मांगने की मनःस्थिति रहती थी, अब वो गई। सरकार ने लाभार्थियों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं-मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। यह बहुत बड़ी बात है कि इतने कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तब ही हम हर लाभार्थी तक पहुंच पाएंगे, क्योंकि हमें देश को आगे बढ़ाना है।

देश की 7.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि 10 वर्ष के परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछली छमाही में भारत की 7.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पिछले 10 वर्षों के परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम है। भारत गहरे लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यापार और वाणिज्य की ऐतिहासिक परंपरा वाला देश है। भारत में प्रत्येक निवेशक या कंपनी के लिए अवसरों की सबसे विविध श्रृंखला मौजूद है। प्रधानमंत्री ने यह बात आज (शनिवार) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फिनटेक से संबंधित ग्लोबल थॉट लीडरशिप प्लेटफॉर्म इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण में कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि भारत ग्लोबल साउथ को नेतृत्व देने के लिए मजबूत स्थिति में है। कुछ हफ्ते पहले वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने कहा कि भारत में लालफीताशाही कम हुई है और निवेश के लिए बेहतर माहौल है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत की ग्रोथ स्टोरी ने दुनिया को दिखाया है कि जब पॉलिसी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जब गुड गवर्नेंस के लिए पूरी ताकत लगाई जाए, जब देश और देशवासियों का हित ही आर्थिक नीतियों का आधार हो, तो क्या नतीजे मिलते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था ने इस वित्तीय वर्ष के पहले 6 महीने में ही 7.7 प्रतिशत की दर से प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत से उम्मीद लगाए हुए है और ये ऐसे ही नहीं हुआ है। ये भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी को नए युग की वैश्विक वित्तीय, प्रौद्योगिकी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गिफ्ट सिटी में 21वीं सदी की आर्थिक नीतियों की मंथन होना, गुजरात का गौरव बढ़ाने वाला है। भारत आज विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते फिनटेक बाजार में से एक है। फिनटेक में भारत की ताकत गिफ्ट आईएफएससी के विजन से जुड़ी हुई है, जिसके कारण ये स्थान फिनटेक का एक उभरता हुआ केंद्र बन रहा है। गिफ्ट सिटी में दुनिया के लिए ग्लोबल फिनटेक वल्ड का गेट-वे और फिनटेक लेबरोटरी बननी की क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में गरबा नृत्य को शामिल करने के लिए गुजरात के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुजरात की सफलता देश की सफलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन भी एक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण भारत भी इन चिंताओं को कम नहीं आंकता है। इसको लेकर हम सचेत हैं।

'सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया है'

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि आर्थिक विकास लिंग तटस्थ होना चाहिए। सरकार ने पहले की उस कहानी को सफलतापूर्वक बदल दिया है जिसमें अर्थव्यवस्था के विकास का श्रेय अकेले पुरुषों के योगदान को दिया जाता था।

शीर्ष व्यापार मंडल फिक्की की 96वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, "महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता रही है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास न केवल पुरुषों के बल पर हो, बल्कि नारी शक्ति के आधार पर भी हो।" महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों को गिनाते हुए सिंह ने कहा, "लड़कियां अब सैनिक स्कूलों में पढ़ रही हैं, जबकि महिला अधिकारियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब महिलाओं को लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, युद्धपोतों पर तैनात किया जा रहा है और सीमा पार अग्रिम चौकियों पर तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा, अग्निपथ योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा लड़कियां सशस्त्र बलों में शामिल हो रही हैं।"

मंत्री ने कहा कि भारत एक वैश्विक विकास इंजन के रूप में उभरा है और दुनिया को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय विकास की कहानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक अरब से अधिक भारतीयों की कड़ी मेहनत और क्षमता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार की परिवर्तनकारी नीतियों और कार्यक्रमों ने भारतीय विकास की कहानी को शक्ति दी है, जिसके विभिन्न पहलू आज की दुनिया को आकार दे रहे हैं।

मंत्री ने कहा, "भारत ने प्रतिबद्धता जताई है कि उसका विकास पर्यावरणीय क्षरण की कीमत पर नहीं होगा। हमने हरित विकास का रास्ता चुना है। हमने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किये। हमने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन बनाया है। हमने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पहल की है।

उत्तराखंड पॉलिसी मेकर की भूमिका निभाएगा : शाह

एजेंसी। देहरादून

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड वैश्विक निवेशक सम्मेलन में कहा कि आने वाले दिनों में उत्तराखंड पॉलिसी मेकर की भूमिका निभाएगा। यहां आईटी, पर्यटन और आयुष के क्षेत्र में ढ़ेर सारी संभावनाएं हैं। पूरे देश की जिम्मेदारी है कि छोटे राज्यों का प्रयोग सफल बनाने के लिए आगे आएं। वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तराखंड डेस्टिनेशन का यह समापन नहीं है बल्कि शुरूआत है। जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ढाई लाख करोड़ के लक्ष्य को रखा था, उस समय भी आश्चर्य किया रहा था, लेकिन आज साढ़े तीन लाख करोड़ के एमओयू होना मायने रखता है। यह उत्तराखंड ही नहीं देश के लिए खुशी का विषय है।

अमित शाह ने सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए 41 श्रमिकों के सफल ऑपरेशन के लिए मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के चेहरे की अद्भुत शांति और उनका कार्य नेतृत्व की क्षमता राज्य के लिए उपयोगी साबित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ममता 17 को दिल्ली होंगी रवाना, पीएम से करेंगी मुलाकात

सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 17 दिसंबर को दिल्ली जा रही है। दिल्ली वह प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए जा रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर यह बात कही। दरअसल, राज्य की मुख्यमंत्री इस समय उत्तर बंगाल के सात दिवसीय दौरे पर है। कार्शियांग की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद बागडोगरा हवाई अड्डे के रास्ते अलीपुरद्वार के लिए रवाना होने के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री से मिलने के लिए दिल्ली जा रही है। जिसके लिए उन्होंने वे पहले ही पीएम को पत्र लिख चुकी है। उन्होंने कहा कि 18, 19 या 20 दिसंबर किसी भी दिन वे पीएम से मुलाकात कर सकती है।

FILMY हलचल

रश्मिका 13 को अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 : द रूल' की शूटिंग करेंगी शुरू



हाल ही में रिलीज हुई रणबीर कपूर-स्टारर फिल्म 'एनिमल' में अपने काम के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया पाने वाली रश्मिका मंदाना 13 दिसंबर को तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ अपनी फ्रेंचाइजी फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' की शूटिंग शुरू करेंगी। इंडस्ट्री के एक सूत्र के मुताबिक, एक्ट्रेस हैदराबाद में सीक्वल की शूटिंग करेंगी। फिल्म के पहले पार्ट में, एक्ट्रेस ने श्रीवल्ली की भूमिका निभाई और नेशनल क्रश बन गईं, अल्लू अर्जुन के शानदार डांस ने गाने को एक बड़ा हिट बना दिया। एक्ट्रेस के शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए, सूत्र ने कहा, फिल्म 'एनिमल' के लिए मिल रहे प्यार और तारीफ से रश्मिका मंदाना बेहद खुश हैं। 'एनिमल' की भारी सफलता के तुरंत बाद, रश्मिका 13 दिसंबर को हैदराबाद में ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'पुष्पा 2 : द रूल' की शूटिंग शुरू करेंगी। एक्ट्रेस अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म में श्रीवल्ली के अपने आइकोनिक किरदार को दोहराएगी।" रश्मिका ने हाल ही में फिल्म में गीतांजलि के अपने किरदार के लिए एक लंबा नोट लिखा और उसके लिए अपना प्यार व्यक्त करते हुए उसे परिवार का शक्ति केंद्र बताया। एक्ट्रेस महिला प्रधान फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' में भी नजर आएंगी।

'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग' के सीक्वल की चाहत रखती हैं जूलिया रॉबर्ट्स

लॉस एंजेलिस। एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने वॉच व्हाट हैपन्स लाइव पर कहा, 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग' में बहुत सारे लोग हैं, और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी...। होल्च एंडी कोहेन ने कहा, आपको क्या लगता है माइकल को 'माई बेस्ट फ्रेंड वेडिंग' में किससे शादी करनी चाहिए थी? डेडलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, रॉबर्ट्स ने कहा,"निश्चित रूप से, जूल्स से है।

राम के अवतार में नजर आए प्रदीप पांडेय चिंटू बहुचर्चित फिल्म 'हिंदुस्तानी' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की बहुचर्चित फिल्म "हिंदुस्तानी" का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया। प्रदीप पांडेय फिल्म के ट्रेलर में अलग ही अंदाज में नजर आए हैं। चिंटू इस फिल्म में राम का किरदार निभा रहे हैं, जो अधर्म और अन्याय के खिलाफ धर्म और न्याय को स्थापित करता है। इस फिल्म के निमार्ता विजय कुमार यादव हैं, जिन्होंने चिंटू को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि इस शानदार फिल्म का ट्रेलर चिंटू और उनके फैंस के लिए बर्थडे गिफ्ट है। फिल्म की पूरी टीम की ओर से प्रदीप पांडेय को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। फिल्म की कहानी अलग-अलग हिस्सों में रोमांच पैदा करती है। फिल्म मानव तस्करी से लेकर दहेज हत्या जैसे संवदेनशील मुद्दों को एक अलग अंदाज में छूती नजर आई है। इन सबके बीच चिंटू का किरदार बेहद अहम और देखने लायक है। यह फिल्म का ट्रेलर है, पूरी फिल्म किस लेवल की होगी। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ट्रेलर रिलीज के साथ वायरल हो गया है और यह दर्शकों में फिल्म के प्रति गजब का आकर्षण पैदा कर रही है। इस फिल्म में चिंटू की स्टाइल भी धांसू है।

तेलंगाना के पूर्व सीएम को बीआरएस विधायक दल का नेता चुना गया

एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव को शनिवार को बीआरएस विधायक दल का नेता चुना गया। विधानसभा का पहला सत्र शुरू होने से ठीक पहले हुई बैठक में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों ने उन्हें सर्वसम्मति से नेता चुना। 119 सदस्यीय विधानसभा में 39 विधायकों के साथ बीआरएस मुख्य विपक्षी दल है।

विस के नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

तीसरी तेलंगाना विस का पहला सत्र शनिवार को शुरू हुआ। एमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने प्रोटेम स्पीकर के रूप में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई। हालांकि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक नियमित स्पीकर के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उसके बाद उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने शपथ ली। इसके बाद विधायकों ने शपथ ली। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव सर्जरी के चलते शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए। उन्होंने शपथ लेने के लिए विधानसभा सचिव से एक दिन का समय और मांगा। उधर, भाजपा विधायक विधानसभा की बैठक से दूर रहे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ विधायकों की जगह अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया। भाजपा विधायकों ने आज प्रोटेम स्पीकर की मौजूदगी में शपथ नहीं ली। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी का कहना है कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक नियमित स्पीकर के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे।

कांग्रेस : राजस्थान-मिजोरम के चुनाव नतीजों को लेकर की समीक्षा बैठक

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान और मिजोरम के हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी को मिली हार की समीक्षा के लिए शनिवार को अलग-अलग बैठकें कीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। मिजोरम के लिए समीक्षा बैठक पहले हुई। इसके बाद राजस्थान के चुनाव नतीजों को लेकर समीक्षा बैठक की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं राजस्थान के लिए हुई समीक्षा बैठक में भाग लिया। कांग्रेस के मिजोरम प्रभारी भक्त चरण दास ने बाद में कहा, हमने मिजोरम चुनाव के हर पहलू पर चर्चा की, जिसमें जमीनी स्तर और राज्य स्तर पर राज्य की संगठनात्मक संरचना के साथ-साथ चुनाव के दौरान हुए विभिन्न घटनाक्रम शामिल थे। उन्होंने कहा, हमने अपनी भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इन सभी मामलों पर गहन चर्चा की गई।

विशेष अदालत | **पॉक्सो के दो लाख 43 हजार मामले लंबित**

निपटारे में औसतन लगेगा नौ साल का समय

एजेंसी। नई दिल्ली

तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में दो लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे।

एक शोधपत्र 'जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' के अनुसार अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में औसतन नौ साल का समय लगेगा। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। यह शोध-पत्र इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने जारी किया है। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक- स्पेशल अदालतों के गठन किया था। हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि जारी की जाती है। फास्ट ट्रैक - स्पेशल अदालतों जैसी विशेष अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। केंद्रीय योजना के रूप में इसे वर्ष 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपए की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लिया जायेगा। लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया।



एक नजर

कडरू पेरिश ने जरूरतमंदों के बीच बांटा गर्म कपड़े व अनाज

रांची। सीएनआई हॉली ट्रीनिटी चर्च कडरू पेरिश की ओर से शनिवार को खूंटी के सुदूर गॉव सैदबा डौडीह में सहायता शिविर लगाया गया। इस शिविर में तीन गॉव के सौ परिवारों को अनाज, कंबल एवं गर्म वस्त्र प्रदान किये गये। इसके अलावा गरीब व जरूरतमंदों को अनाज के रूप में आटा, तेल, दाल, चीनी, बिस्कुट, साबुन, नमक और चायपत्ती आदि प्रदान किये गये। ठंड से बचाने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक के बीच वस्त्रों का वितरण किया गया। सहायता शिविर में रेव्ह सिकंदर नाग, प्रवीण तिर्की, अनहिरण कुजूर, मनोज तिग्गा, अनुज तिग्गा, मनोहर तोपनो, नोवेल कच्छप, जसमीन टोप्पो, स्नेहलता कुजूर, मेडलीन तिर्की, रीता हेमरोम और माइकल पन्ना आदि के साथ पेरिश के सदस्यों ने सहयोग किया।

डीसी के निर्देश पर चेशायर होम में कंबल का किया गया वितरण

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शनिवार को रांची के सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा की ओर से बरियातु स्थित चेशायर होम में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, प्रोबेशनर डिप्टी कलेक्टर, त्रिभुवन सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से चेशायर होम में कुल 65 कंबल का वितरण दिव्यांग जनों के बीच किया गया।

सुबह व शाम को जाम से समय की बर्बादी पैदल चलने वाले राहगीर भी परेशान

जाम के कारण रातू रोड में रेंगती है गाड़ियां चरमरा गयी है ट्रैफिक व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रातू रोड में फ्लाइओवर का निर्माण चल रहा है। इसके लिए पिलर आदि का कार्य समाप्त होकर अब उपर सड़क के लिए प्लेटफार्म बनाने का काम चल रहा है। हालांकि नीचे में रखे अधिकांश निर्माण सामाग्री को हटा लिया गया है। इसके बावजूद रातू रोड से गुजरने वाले लोगों को सड़क जाम से राहत नहीं मिल रही है। इस रोड में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरायी हुई है, जिस कारण वाहनों को रातू रोड दुर्गा मंदिर से लेकर पिस्का मोड़ तक रेंगना पड़ता है। सुबह से शाम तक इस रोड में जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे वाहन चालकों के साथ यात्रियों और आम लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुबह से शाम तक स्थिति ऐसी रहती है कि जाम के कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि सड़क को जाम से बचाने और सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए न्यू मार्केट से लेकर पिस्का मोड़ तक जगह जगह ट्राफिक पुलिस की तैनाती की गयी है, जो नाकाफी महसूस हो रही है।

कब्रिस्तान के पास से शुरू हो जाती है जाम

न्यू मार्केट से पिस्का मोड़ जाने के क्रम में वाहनों को कब्रिस्तान के पास से ही जाम का सामना करना पड़ता है। कब्रिस्तान के बगल से खादगढ़ा जाने वाली सड़क में वाहनों के आने और जाने के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। इस मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी है, इसके बावजूद सड़क जाम से लोगों को राहत नहीं मिलती है। यदि ट्रैफिक के जवान मोड़ पर नहीं रहे तो फिर तो अच्छी खासी लग जाती है और लोगों का काफी समय बर्बाद होता है।

रॉग साइड पर वाहन चलना बड़ी समस्या

रातू रोड में सड़क के बीचों बीच निर्माण समाग्री और वाहनों के पार्किंग भी जाम की बड़ी समस्या बन गयी है। जाम रहने की स्थिति में सड़क के दोनों ओर ज्यादातर बाइक और कुछ संख्या में कार भी रॉग साईड पर चलने लगते है। जिसे रोकने में ट्रैफिक के जवान हमेशा विफल नजर आते है। सड़क जाम का यह एक बड़ा कारण बना हुआ है।

सीएम हेमंत सोरेन भी जाम में फंसे

रांची। शहर के अति व्यस्त सड़क व संवेदनशील किशोरगंज चौक से ठीक पहले मुख्यमंत्री के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा. दरअसल सीएम हेमंत सोरेन देवघर से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लैंड करने के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए थे. जैसे ही उनका काफिला हरमू मुक्तिधाम से आगे बढ़ा सड़क जाम थी. ट्रैफिक बाधित रहने के कारण सीएम के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा . वहीं सीएम की सुरक्षा में तैनात अधिकारी दौड़ पड़े. जिसके बाद किशोरगंज ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक के जवान भी हरकत में आए. जिसके बाद जाम हटवाया गया और काफिले को गंतव्य के लिए रवाना किया गया

लोगों ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में खामियां है कारण

रातू रोड में पिछले एक साल से भी अधिक समय से जाम का दंश झेल रहे रातू रोड के लोग विशेषकर दुकानदार ज्यादा ही परेशान है। लोगों का कहना है कि पूरे रूट में सुबह से शाम तक जाम की स्थिति रहती है तो इसके लिए जिला प्रशासन को गंभीर होना चाहिए। लेकिन जाम से मुक्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से कोई विशेष व्यवस्था नहीं होने से हमलोग जाम की स्थिति झेल रहे है। इस रूट में वाहनों का भारी दबाव है, ऐसे में 10-12 ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और जवानों से ट्रैफिक कंट्रोल कैसे हो सकती है। रातू रोड को जाम से बचाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।

पिस्का मोड़ से कब्रिस्तान तक रेंगती है गाड़ियां : चरमायी ट्रैफिक व्यवस्था के कारण न्यू मार्केट से पिस्का मोड़ जाने वाले और पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट आने वाले वाहनों को रेंगना पड़ता है। कब्रिस्तान से लेकर पिस्का मोड़ तक यह स्थिति बनी रहती है। स्थिति ऐसी है कि एक किलोमीटर का सफर तय करने के लिए करीब 20-25 मिनट का समय लगा जाता है। कभी कभी तो इससे भी अधिक समय बर्बाद होता है।

सुबह और शाम को लगता है जबरदस्त जाम : सुबह स्कूल, कॉलेज, कार्यालय और काम में जाने और शाम को लौटने वाले लोगों की संख्या अधिक रहती है। ऐसे लोग ऑटो या फिर अपने वाहन से सवारी करते है। इस कारण सुबह और शाम को रातू रोड में वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। जिस कारण जबरदस्त जाम लगता है। जाम के कारण लोगों का काफी समय बर्बाद भी होता है।

माही ने मॉडर्न इंग्लिश स्कूल को किया सम्मानित

रांची। मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) ने हिंदपीड़ी छोटा तालाब स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वैसे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिन्होंने 11 नवंबर को कडरू स्थित माही द्वारा हज हाउस में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मेले में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक राजकुमार को मेले से संबंधित मेमोरी फोटो एवं स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से नवाजा गया। मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा एवं सांस्कृतिक मेले के मंच का सफलतापूर्वक संचालन करने वाली जाकिरा सालेहा कमाल को भी मेमोरी फोटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरफराज अहमद और मुस्तकीम आलम ने भी अपने विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन मो सलाहउद्दीन एवं धन्यवाद ज्ञापन सरवर इमाम खान ने किया। मौके पर हाजी नवाब, अशफाक गुडडू, नैय्यर परवेज डाईमंड, परवेज कमाल आदि मौजूद थे।

बाबूलाल से मिली मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड डॉ.मंजरी

रांची। अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ इच्छा शक्ति और अपने विश्वास के बल पर रांची की बेटी मंजरी प्रिया गुप्ता ने एक मुकाम हासिल किया है। रांची के संत जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने वाली मंजूरी प्रिया गुप्ता गोल्ड मेडलिस्ट रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता से मुलाकात किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने उन्हें शुभाशीष देते हुए कहा कि वह महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण है। डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता ने बाबूलाल मरांडी से मुलाकात के दौरान कहा कि वह देश की सेवा करना चाहती है। महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही हूं। आगे काम करना चाहती हूं। महिलाओं हर काम कर सकती हैं पर इसके लिए दृढ़ निश्चय की जरूरत है। देश सेवा शिक्षा दर बढ़ाकर भी की जा सकती है। बताते चले कि डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड 2021 दुबई में की विजेता हैं। संयुक्त राष्ट्र से मानद डॉक्टरेट, विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग की सक्रिय सदस्य हैं। उन्हें सरकार द्वारा भारत गौरव सम्मान सहित 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

444 करोड़ रुपए से अधिक रुपए की हुई वसूली, 41 बेंचों का हुआ था गठन

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 95 हजार से अधिक वादों का हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाताञ रांची

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष एस चंद्रशेखर के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि न्यायायुक्त अरूण कुमार राय और प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय त्रषिकेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर आरडीबीए के अध्यक्ष शंम्भू प्रसाद अग्रवाल, आरडीबीए के सचिव संजय विद्रोही, न्यायिक पदाधिकारी, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। स्वागत भाषण एवं मंच का संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लोग अदालत में आपसी सहमति से विवाद का निपटारा हो जाता है। इससे समय और पैसे की बचत होती है। लोक अदालत त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से किया जाता है। जिसके तहत छोटे और सुलहनीय मामलों को निपटारा किया जाता है। जिससे दोनों पक्षों को लाभ होता है।

मेगा इंपावरमेंट कैंप का हुआ था आयोजन : राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के पूर्व झालसा के निर्देश पर रांची के सभी प्रखंडों के लिगल-एड-क्लिनिक में मेगा इंपावरमेंट कैंप का आयोजन भी किया गया था। मेगा इंपावरमेंट कैंप के दौरान रांची जिला प्रशासन के सहयोग से 7,97,325 लाभुकों के बीच 150 करोड़ रुपए से अधिक की परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया।

लोक अदालत के लिए 41 बेंच का हुआ था गठन : राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 24 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 17 बेंच का गठन किया गया था।

95 हजार मामलों का निष्पादन किया गया : आज आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 95 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया।

रेलवे के 273 में 101 विवादों का हुआ निष्पादन

यह भी ज्ञात हो कि राष्ट्रीय लोक अदलात की पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक के दौरान 08 दिसंबर को रेलवे न्यायालय में प्ली बारगेनिंग स्पेशल कैंप का भी आयोजन किया गया था। जिसमें यह भी ज्ञात हो कि रेलवे न्यायालय में कुल पेंडेंसी 273 वादों में से 101 वादों का निपटारा भी सफलतापपूर्वक प्ली बारगेनिंग स्पेशल कैंप में किया गया।

मूलवासी सदान मोर्चा की विचार गोष्ठी आज

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की विचार गोष्ठी रविवार को कोकर स्थित ऑकेजन बैंक्वेट हॉल में होगी। विचार गोष्ठी में 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने और आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत मूलवासी सदान मोर्चा ने एक विचार गोष्ठी आज रांची में आज आयोजित किया है। विचार गोष्ठी दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए पूरे राज्य में अपना दौरा और कार्यक्रम जारी रखे हुए है। सदानी झंडा घर-घर में लगाने का काम भी ग्रामीण क्षेत्रों में जोरों से चल रहा है।

छात्रों के उद्यमिता विकास व लोगों का प्रशिक्षण हुआ सुविधाजनक

बीएयू में अब पूरे साल होगा बटन मशरूम का उत्पादन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के पौधा रोग विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन केंद्र में पूरे साल मशरूम का उत्पादन किया जायेगा। इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्ष 2022-23 में तत्कालीन कुलपति की पहल पर इस यूनिट के संसाधन क्षेत्र में अनेक सुधार से यह संभव हो पाया है। इस यूनिट का आईसीएआर नाहेप कास्ट परियोजना के सौजन्य से जीर्णोद्धार के साथआधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिससे यूनिट में मशरूम उत्पादन और प्रशिक्षण में काफी गुणात्मक सुधार आया है। प्रभारी डा एन कुदादा ने बताया कि अब सालों भर विभिन्न प्रकार के मशरूम का उत्पादन संभव हो गया है । यूनिट में सुविधाओं के विस्तार से कृषि स्नातक छात्रों के उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को बल मिला है। डा कुदादा ने बताया कि चालू मौसम में बड़े पैमाने पर बटन मशरूम का उत्पादन किया जा रहा है। यूनिट में बटन मशरूम के उत्पादन में करीब दस गुणी बढोतरी हुई है। अब हर दिन औसतन 50 किलो शुद्ध एवं ताजे बटन मशरूम का उत्पादन हो रहा है। जिसे 200 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है।

पृष्ठ एक के शेष

नक्सलियों को विस्फोटक पहुंचाने वाला...
गिरफ्तार नक्सली समर्थक नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ पहुंचाने, लेवी वसूलने, राशन पहुंचाने के अलावा पुलिस गतिविधियों की सूचना देने का काम करता था। गिरफ्तार समर्थक के खिलाफ कुरूमगढ़, गुमला और घाघरा में एक-एक मामले दर्ज हैं।

पलामू में असलहे के साथ तीन गिरफ्तार...
पास बाइक छोड़कर भागने लगे। जिन्हें खदेड़कर पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उपरोक्त तीनों अपराधियों की पहचान हुई। तीनों ने नकली सोना बेचने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे लूटपाट करने एवं हथियार बनाकर बेचने की बात स्वीकार की है। एसपी ने बताया कि राजा चन्द्रवंशी का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ चैनपुर थाना में दो मामले दर्ज हैं। मौके पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं एएसआई अभिमन्यु सिंह उपस्थित थे।

झारखंड को वर्ष 2025 तक एक...
इस कार्यक्रम के तहत अब तक लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने में हम कामयाब रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बने झारखंड का 23 वर्षो से ज्यादा हो चुके हैं। लेकिन इस दौरान अधिकारी आपके गांव नहीं गए। क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया। वे आज योजनाओं की गठरी लेकर आपके दरवाजे पर आ रहे हैं। आपको सिर्फ इतना करना है कि इस गठरी से अपनी जरूरत की योजनाओं को चुनें और अपने घर के अंदर ले जाएं तथा खुद को सशक्त बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बने।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार वजूद में आई तो उसके कुछ ही महीने बाद कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। सारी व्यवस्थाएं ठप हो गई । ऐसे हालात में भी हमारी सरकार जीवन और जीविका बचाने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी रही। किसी को भूख से मरने नहीं दिया। जब कोरोना की रफ्तार कम हुई, तो हमने विकास को रफ्तार देने का काम शुरू किया। इस बीच सुखाड़ से भी सामना करना पड़ा। इन विपरीत परिस्थितियों में भी हम विकास को गति दे रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए सरकार की संकल्पित है। हमारी सरकार ने फिलहाल 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले हैं , जिनकी संख्या को बढ़ाकर पांच हजार करने का लक्ष्य है। पोस्ट छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति में भी तिगुना इजाफा किया गया है। बच्चियों की पढ़ाई न छूटे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए भी सरकार आर्थिक सहायता दे रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। सरकारी विभागों में खाली पड़े हजारों पद भरे जा चुके हैं। कई पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। निजी क्षेत्र में भी अब तक 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मेला के माध्यम से ऑफर लेटर दिया जा चुका है। इसके साथ मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार द्वारा पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और मजदूरों के साथ सरकार हमेशा खड़ी है। उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। हर खेत में पानी पहुंचे ताकि किसान वर्षभर खेती कर सकें। इसके लिए मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का काम तेज गति से चल रहा है।मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं का दिया तोहफामुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 255 करोड़ 54 लाख 01 हजार रुपये की 64 योजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के 5721 लाभुकों के बीच 07 करोड़, 97 लाख 66 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

अंतिम व्यक्ति का विकास ही विकसित...
जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विनोद कुमार सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, अविनाश कुमार वर्मा, जिला पार्षद प्रमोद कुमार सिंह, शिव कुमार मिश्रा, जिला प्रतिनिधि विजय ओझा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बीडीओ चंदेश्वर प्रसाद सिंह के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर भाजपा के पड़वा मंडल अध्यक्ष जमुना सिंह, सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर मेहता, पंकज तिवारी, सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, सुभाष मेहता आदि मौजूद रहे।

'इंडिया गठबंधन' को सनातन, राम मंदिर...
साथ ही यह आरोप भी लगाएगी कि कांग्रेस देश को उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बांटना चाहती है। राहुल गांधी समेत कई विपक्षी दलों के जातीय जनगणना और ओबीसी आरक्षण के राग के खिलाफ मोर्चा संभालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कह चुके हैं कि इस चुनाव (विधान सभा चुनाव) में देश को जातियों में बांटने की भरपूर कोशिश हुई। लेकिन, वह लगातार कहते रहे कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान है और इन चारों जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित भारत बनाएगा। विपक्षी गठबंधन की एकता और नीति पर सवाल खड़ा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह भी कह चुके हैं कि सिर्फ कुछ परिवारवादियों के मंच पर एक साथ आ जाने से फोटो कितनी ही अच्छी निकल जाए, देश का भरोसा नहीं जीता जाता, देश की जनता का दिल जीतने के लिए राष्ट्र सेवा का जज्बा होना चाहिए। घमंडियां गठबंधन में रत्ती भर भी वह नजर नहीं आता है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी भाजपा गांधी परिवार, कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों पर सवाल उठाती रहेगी। कांग्रेस राज्य सभा सांसद धीरज साहू के घर से बरामद करोड़ों के कैश की खबर को शेयर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को स्वयं एक्स पर पोस्ट कर लिखा था, ₹देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें।जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

मेट्रो की दौड़ में शामिल झारखंड में...
सभी जूझते हैं। अब रांची के ट्रैफिक पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से वहां जाम की समस्या बिल्कुल आम हो चुकी है। आने वाले वर्षों में जब वहां की जनसंख्या पचास लाख के करीब होगी तो हम वहां कैसे रह पाएंगे? अब जरूरत इस बात की है कि वहां मेट्रो परियोजना प्रारम्भ की जाए। मेट्रो सेवा आरम्भ होने से निश्चित रूप से वहां बहुत सुविधा होगी। अब राँची झारखण्ड की राजधानी है। हम आपके माध्यम से यह प्रस्ताव दे रहे हैं कि पिस्का मोड़ से नगरी होते हुए ओरमांझी होते हुए टाटीसिलवे, नामकुम होते हुए एक लाइन स्टेशन और एयरपोर्ट तक हो और दूसरी लाइन हटिया, धुर्वा होते हुए एक मेट्रो रेल परियोजना चलाई जाए, ताकि आने वाले दिनों में जो औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्र है, शैक्षणिक संस्थाएं हैं, उन्हें सुविधा हो। हमारे यहां उद्योग, शैक्षणिक संस्थान बहुत है। अब नया राँची शहर बृहद हो रहा है। महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि वहां जल्दी से जल्दी मेट्रो परियोजना आ जाए, ताकि हम जैसे पिछड़े लोगों को, जैसे कि हमारा जो ग्रोइंग स्टेट है, उसे आगे बढ़ाने में मदद मिले। नए वर्ष में नई सरकारें राज्य और केंद्र में आनेवाली है तब देखना है इस पिछड़े राज्य में मेट्रो चलकर इसे मेट्रो की दौड़ में शामिल करेगी या ऐसे ही सबकुछ चलता रहेगा।

नगर निगम के ठेकेदार पर नौ लाख रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज

रांची। बालाजी फैब के संचालक उमेश कुमार राय ने नगर निगम के ठेकेदार अंजनी कुमार सिंह उर्फ अंजनी के खिलाफ नौ लाख रुपए धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। नामकुम थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि ठेकेदार ने पेवर ब्लॉक लेकर उसकी राशि का भुगतान नहीं किया। बकाया राशि मांगने पर ठेकेदार ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। उमेश ने पुलिस को बताया कि उनकी फैक्ट्री नयाटोली पलांडू में है। दिसंबर 2022 में आरोपी अंजनी उनकी फैक्ट्री पहुंचा और पेवर ब्लॉक का ऑर्डर दिया। कहा कि उन्हें 20 लाख रुपए के पेवर ब्लॉक लगाने का नगर निगम से ठेका मिला है। आपूर्ति से पहले आरोपी ने उन्हें 4.80 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। इस एवज में उमेश ने पेवर ब्लॉक की सप्लाई भी कर दी। शेष राशि नौ लाख रुपए आरोपी ने नहीं दिया। दबाव बनाने पर आरोपी ने उन्हे जान से मारने की धमकी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा बगैर आधिकारिक पुष्टि के बदनाम करने का करेगा विरोध

कंपनी में कई लोग हैं आरोप सिर्फ सांसद धीरज साहू पर क्यों

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कहा है कि आयकर विभाग की छापेमारी में बरामद राशि बलदेव साहू और ग्रुप ऑफ कंपनीज के है। इस ग्रुप में सांसद धीरज साहू सहित 6 भाई, उनके परिजन और मित्र भी शामिल है। लेकिन राज्यसभा सांसद धीरज साहू को राजनीतिक रूप से बदनाम किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि यह फर्म व अन्य कई व्यापार दशकों से चल रहा है। उड़ीसा में शराब का उत्पादन एवं रिटेल और होलसेल पर चलता है। श्री गुप्ता ने बताया कि रिटेल का सैकड़ों शराब दुकानें है। जिसमें अधिकांश पैसे नगद बिक्री से प्राप्त होते है। यह मामला आयकर से संबंधित है। फाइनेंशियल स्टेटमेंट बैलेंस शीट और प्रॉफिट लॉस अकाउंट देखने का चीज है। अभी तक किसी भी आयकर के बड़े अधिकारियों ने इस पैसे के संदर्भ में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वैसी स्थिति में राज्यसभा सांसद धीरज साहू का नाम लेकर सामाजिक और राजनीतिक रूप से बड़े पैमाने पर बदनाम किया जा रहा है। जिसे राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सब ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि धीरज साहू वैश्य पिछड़े समाज से आते हैं। इनका पूर्वजों का इतिहास काफी पुराने समय से धनाढ्य परिवार है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का मानना है कि पैसे का जांच पड़ताल हो। लेकिन जिस तरह से धीरज साहू के नाम को बदनाम किया जा रहा है और बिना सरकारी कर्मियों के आधिकारिक बयान के इतर कई तरह के कहानी गढ़े जा रहे हैं।

हजारों करोड़ लेकर भागने वालों पर पीएम ने क्यों नहीं किया ट्वीट

रांची। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को लेकर प्रधानमंत्री के ट्वीट को प्रदेश कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। नेताओं ने कहा प्रधानमंत्री के ट्वीट के बाद से तो भाजपा नेताओं में सनसनी फैलाने और बयानबाजी की होड़ मच गई है। देश के हजारों करोड़ों रुपए लेकर बड़े-बड़े व्यापारी इस देश से लेकर फरार हो गए, उनको लेकर प्रधानमंत्री ने आज तक कोई ट्वीट नहीं किया। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तो इसके तार सोनिया गांधी, राहुल गांधी, हेमंत सोरेन से तो जोड़ा ही है। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा पैसा रखने के तरीके पर सवाल उठाया जा सकता है। लेकिन पैसा अवैध है, गलत है, डकैती की गई है या हवाला का है। ऐसी खबरें फैलाकर पूरे परिवार को बदनाम करना उचित नहीं है।

एक नजर

पंजाब हॉकी क्लब और नामधारी इलेवन फाइनल में

नई दिल्ली । घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी और नामधारी इलेवन ने पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैम्पियनशिप 2023 - (जोन ए) के सातवें दिन शनिवार को सब जूनियर वर्ग और जूनियर वर्ग में अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीते। सब जूनियर वर्ग के पहले सेमीफाइनल में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी ने एचएआर हॉकी अकादमी को 2-2 (5-3 शूटआउट) से हराया। शूटआउट में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी के गोलकीपर दिशू ने मोनू के एक शॉट को रोका जबकि कुणाल, जतिन, युवराज सिंह, निशांत और ताशु ने गोल किए और शूटआउट 5-3 से जीतकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कप्तान इंद्रजीत सिंह (3', 21', 26') ने हैट्रिक बनाई, चरणजीत सिंह (8', 10') ने दो गोल किए। फाइनल में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी का मुकाबला राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी से होगा, जबकि 10 दिसंबर को सब जूनियर वर्ग में तीसरे/चौथे स्थान के मैच में एचएआर हॉकी अकादमी का मुकाबला राजा करण हॉकी अकादमी से होगा।

युगांडा ने मेजबान केन्या को हराकर सेसाफा अंडर18 खिताब जीता

नैरोबी। युगांडा ने अतिरिक्त समय के बाद मेजबान केन्या को 2-1 से हराकर झील के किनारे के शहर किसुमू में 2023 सेसाफा (पूर्वी और मध्य अफ्रीका फुटबॉल संघों की परिषद) अंडर18 चैंपियनशिप जीत ली। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कड़े मुकाबले में जूनियर क्रेन्स के लिए चार्ल्स बातीबे दो गोल के साथ हीरो रहे। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद मेजबान टीम ने 65वें मिनट में बढ़त ले ली जब सिफास ओवुओर ने इब्राहिम वानजाला की शानदार मदद से गोल कर दिया। हालाँकि, यह खुशी अल्पकालिक थी। अतिरिक्त समय शुरू होने के कुछ क्षण बाद, बातिबे ने एक गोल करके केन्या को चौंका दिया जो विजयी साबित हुआ। युगांडा ने सेमीफाइनल में रवांडा को 1-0 से हरा दिया, जबकि केन्या ने अतिरिक्त समय के बाद पेनल्टी शूटआउट में तंजानिया को हराया।

लुंगी एनगिडी भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

डरबन । दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी बाएं पार्श्व टखने में मोच के कारण भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की पुरुष टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्यूरन हेंड्रिक्स को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। सीएसए ने अपने बयान में कहा कि 27 वर्षीय एनगिडी को चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है और वह अपनी प्रांतीय टीम में लौट आएंगे जहां वह प्रोटियाज मेडिकल टीम की देखरेख में मोमेंटम मल्टीप्ली टाइटन्स के साथ अपने पुनर्वास से गुजरेंगे। सेंचुरियन में 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए दो टी20 में भाग लेने के बाद एनगिडी के 14 से 17 दिसंबर तक चार दिवसीय मैचों के दौर में खेलने की उम्मीद थी।

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) दूसरा सीजन 22 फरवरी से होगा शुरू

एजेंसी। मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए एक समय सीमा की पहचान की है, जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च के बीच होने की संभावना है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च तक होने की संभावना है। हालांकि पांच टीमों की लीग के लिए विशिष्ट स्थान को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि लीग एक केंद्र के बजाय कई स्थानों पर आयोजित की जा सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में शनिवार को होने वाली डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले इस जानकारी पर चर्चा की गई। ऐसा माना जाता है कि पांच प्रतिद्वंद्वी टीमों- दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स को बीसीसीआई द्वारा इस अस्थायी समय सारिणी के बारे में सूचित कर दिया गया है। लीग के उद्घाटन संस्करण में, मुंबई ने सभी मैचों की मेजबानी की।

डब्ल्यूपीएल नीलामी में काश्वी गौतम को गुजरात ने 2 करोड़ में खरीदा

मुंबई। मुंबई में चल रहे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में चंडीगढ़ की 20 वर्षीय हरफनमौला खिलाड़ी काश्वी गौतम सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी बन गई हैं। काश्वी को गुजरात जायंट्स ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा। काश्वी तेज गेंदबाज व बल्लेबाज की भूमिका निभाती हैं। काश्वी ने 2020 में डोमेस्टिक मैच में अरूणाचल प्रदेश के खिलाफ 4.5 ओवर में 12 रन देकर 10 विकेट चटकाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खिंचा था।काश्वी ने चैलेंजर ट्राफी 2021 में अंडर-19 में एक मैच में अर्धशतक लगाया था व 2 विकेट लिए थे। डोमेस्टिक सीजन 2022-23 में उन्होंने 5 मैच में 8 विकेट लिए और 192 रन बनाए हैं। काश्वी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड के साथ सबसे मंहगी खरीदे जाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

डब्ल्यूपीएलः वृंदा दिनेश को यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपये में खरीदा

मुंबई। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी प्रक्रिया मुंबई में शुरू हो चुकी है। अब तक की प्रक्रिया में भारत की अनकैप्ड बल्लेबाज वृंदा दिनेश ने सबको आश्चर्य में डाल दिया। वृंदा, जिनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपये थी, को यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदा। इसी के साथ वह नीलामी में खरीदे जाने वाली दूसरी सबसे मंहगी खिलाड़ी बन गईं। कर्नाटक की सलामी बल्लेबाज वृंदा को उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। इस साल की शुरूआत में, उन्होंने सीनियर महिला वनडे प्रतियोगिता में कर्नाटक के लिए लाजवाब प्रदर्शन किया। वह 11 पारियों में 47.70 की औसत से 477 रन बनाकर जसिया अख्तर और प्रिया पुनिया के बाद तीसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं।

एनाबेल सदरलैंड पर लगी ऊंची बोली, 2 करोड़ रुपये में दिल्ली ने खरीदा



मुंबई। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी प्रक्रिया मुंबई में शुरू हो चुकी है। अब तक की प्रक्रिया में 30 लाख के बेस प्राइस वाली ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को दिल्ली कैपिटल्स ने कुल 2 करोड़ रुपये में खरीदा है। यह अब तक की एक दिन की सबसे ऊंची बोली है। सदरलैंड के अलावा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड को गुजरात जायंट्स ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा, जो दिन की दूसरी सबसे अधिक बोली है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 40 लाख रुपये में खरीदा है। उनका बेस प्राइस 30 लाख था। नीलामी में अच्छी शुरूआत के बाद अब तक भारती फुलमाली, मोना मेश्राम, वेदा कृष्णमूर्ति, पूनम राउत, प्रिया पूनिया, देविका वैद्य, एस.मेघना, डिएंड्रा डाटिन, चमारी अट्टापट्टू, बेस हीथ, सुषमा वर्मा, एमी जोन्स और टैमी ब्यूमोंट अनसोल्ड रहे।

लुइस सुआरेज ने जीता गोल्डन बॉल का पुरस्कार

एजेंसी। रियो डी जनेरियो

उरुग्वे के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने 2023 ब्राजीलियाई सीरी ए के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए गोल्डन बॉल का पुरस्कार जीता है। सीजन की धीमी शुरूआत के बाद, सुआरेज ने शानदार स्कोरिंग करते हुए 33 खेलों में 17 गोल किये और 11 गोलों में सहायता की। इस वर्ष सभी प्रतियोगिताओं में, पोर्टो एलेग्रे क्लब के लिए उन्होंने 26 गोल किया और 17 सहायता प्रदान की। पूर्व लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड के खिलाड़ी ने पुरस्कार प्राप्त करने पर कहा, मैं लगभग 37 साल का हूं, यह वह वर्ष है जब मैंने अपने करियर में सबसे अधिक मैच खेले हैं। यह वह वर्ष भी था जब मैं अपने परिवार से सबसे अधिक दूर था। यह पुरस्कार उनका है।'सुआरेज ने शुरूआत में ग्रेमियो के साथ दो साल का करार किया था, लेकिन जुलाई में अपने अनुबंध पर फिर से बातचीत करने के बाद वह क्लब को इस महीने छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। हाल के सप्ताहों में, ग्रेमियो के प्रशंसकों ने उनके सोशल मीडिया पेजों पर उनसे रुकने की अपील की है।

मुंबई सिटी ने पेट्र क्रैटकी को मुख्य कोच नियुक्त किया

एजेंसी। मुंबई

मुंबई सिटी ने शनिवार को पेट्र क्रैटकी को क्लब का नया मुख्य कोच घोषित किया। क्रैटकी, जो सिस्टर क्लब मेलबर्न सिटी से आए हैं, 2024-25 सीजन के अंत तक अपनी नई भूमिका में मुंबई सिटी में शामिल होंगे। चेक गणराज्य में जन्मे क्रैटकी ने राइट बैक के रूप में 15 साल के खेल करियर का आनंद लिया और ऑस्ट्रेलिया में हीडलबर्ग यूनाइटेड के साथ अपना करियर खत्म करने से पहले म्लाडा बोलेस्लाव और स्लोवन लिबरेक सहित कुछ सबसे बड़े चेक क्लबों का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद क्रैटकी एक अकादमी कोच के रूप में ए-लीग टीम मेलबर्न सिटी में शामिल हो गए और एनपीएल सीनियर्स में उन्हें कोचिंग देने से पहले, एनपीएल2 में क्लब के डेवलपमेंटल स्क्वाड का कार्यभार संभाला। पेट्र क्रैटकी ने कहा, ह्लमैं मुंबई सिटी एफसी में इस नए अवसर को अपनाने और सिटी फुटबॉल ग्रुप के हिस्से के रूप में काम करना जारी रखने के लिए उत्साहित हूं।

टी20 विश्व कप में विराट व रोहित टीम का हिस्सा होंगे या नहीं कहना जल्दबाजी

एजेंसी। सूरत

पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा को लगता है कि बीसीसीआई प्रबंधन और चयनकर्ता 2024 में टी20 विश्व कप से पहले टीम का पूरी तरह से आकलन करने के लिए दो या तीन और टूर्नामेंट ले सकते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार से शुरू होने वाली टी20 सीरीज में आमने-सामने होने के लिए तैयार हैं। मेहमान कमोबेश उसी टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका गए हैं, जिसने वनडे विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान टीम से जुड़ेंगे। हालाँकि, ओझा को लगता है कि भारत की सीमित ओवरों की टीम में कोहली और रोहित के भविष्य के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। एक विशेष साक्षात्कार में, ओझा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे प्रबंधन और चयनकर्ता युवाओं को यह देखने का मौका दे रहे हैं कि नए खिलाड़ी किसी भी स्थिति में विभिन्न भूमिकाओं में कैसे तालमेल बिठा सकते हैं। ओझा ने जोर देकर कहा, यह कहना जल्दबाजी होगी कि रोहित और विराट सफेद गेंद के सेटअप का हिस्सा नहीं हैं। थिंक और मैनेजमेंट को रोहित और विराट की क्षमता के बारे में पता है। अभी नए खिलाड़ियों को मौका दिया जा रहा है, उन्हें समझा जा रहा है। किसी भी स्थिति में वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे। जैसा कि उन्होंने 2023 एकदिवसीय विश्व कप से पहले नए खिलाड़ियों को आजमाकर किया था और जब शोपीस इवेंट आया, तो सभी को भूमिका के बारे में स्पष्टता थी। इसलिए मुझे लगता है कि इसीलिए भूमिका को फिर से परिभाषित किया जा रहा है, इसलिए यह कहना बहुत जल्दी होगा विराट और रोहित सफेद गेंद वाली क्रिकेट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

मजबूत टीम सुनिश्चित करना चाहती है आरसीबी ल्यूक विलियम्स

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को पता चल जाएगा कि शनिवार को मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी के दौरान कब और कहां पैडल उठाना है, क्योंकि मुख्य कोच ल्यूक विलियम्स ने टीम की तैयारियों पर भरोसा जताया है और महत्वपूर्ण घटना के लिए व्यापक योजना बनायी है। अतीत में महिला बिग बैश लीग और महिला हंड्रेड चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दुनिया के सबसे सफल कोचों में से एक विलियम्स नीलामी के लिए उत्साहित हैं और उनका लक्ष्य आगामी सीजन के लिए एक मजबूत टीम बनाना है। विलियम्स ने नीलामी से पहले टिप्पणी की, हमने संगठित होने में काफी समय बिताया है।

गेंदबाजी में सुधार व टेस्ट क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान के लिए बीबीएल छोड़ा : शादाब खान

एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी शादाब खान ने अपने गेंदबाजी कौशल को निखारने और टेस्ट टीम में वापसी के उद्देश्य से चार दिवसीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) अनुबंध से अलग होने के पीछे के कारण का खुलासा किया है। शादाब ने क्रिकेट पाकिस्तान से कहा, बिग बैश कॉन्ट्रैक्ट छोड़ने के पीछे का मकसद सबसे पहले चार दिवसीय क्रिकेट खेलकर अपनी गेंदबाजी में सुधार करना है और दूसरा अच्छा प्रदर्शन करके टेस्ट टीम में वापसी करना है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, 25 वर्षीय खिलाड़ी को भरोसा है कि लंबे खेल प्रारूप में खेलने से उन्हें अपने कौशल को और अधिक बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मैंने राष्ट्रीय टी20 खेलने के कारण बिग बैश अनुबंध नहीं छोड़ा; बल्कि मेरा ध्यान चार दिवसीय क्रिकेट खेलने पर अधिक था। क्योंकि मुझे लगा कि मुझे अपनी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, और वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने से आएगा। शादाब ने यह भी कहा कि वह खुद को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह ट्रैक पर वापस आने और राष्ट्रीय टीम में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। शादाब ने बताया, मैंने चार दिवसीय क्रिकेट खेलने और अपनी गेंदबाजी में सुधार करने के लिए खुद में निवेश करने की कोशिश की है। अगर मेरी गेंदबाजी में सुधार होता है और इसके साथ ही अगर मेरी बल्लेबाजी में भी सुधार होता है, तो यह पाकिस्तान टीम के लिए फायदेमंद होगा। आगामी विश्व कप के साथ अपने उद्देश्यों को संरेखित करने के लिए, शादाब ने कहा कि वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने को एक स्मार्ट कदम और अपने कौशल में निवेश के रूप में देखता है।

सिकंदर, कर्टिस व जोश आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन के दोषी

एजेंसी। हरारे

जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा और आयरलैंड के खिलाड़ी कर्टिस कैंपर और जोश लिटिल पर गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच पहले टी20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि इन तीनों को खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कार्मिक के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। रजा के हरफनमौला प्रयासों की बदौलत जिम्बाब्वे ने यह मैच एक विकेट से जीत लिया था। रजा पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और दो डिमेरिट अंक प्राप्त हुए हैं। इसका मतलब है कि आईसीसी आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके संचित अवगुण अंक चार तक पहुंचने के बाद उन्हें मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के शेष दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है। रजा की अनुपस्थिति में इस शनिवार और रविवार को आयरलैंड के खिलाफ शेष दो टी20 मैचों के लिए सीन विलियम्स जिम्बाब्वे के कप्तान के रूप में खड़े होंगे।

वनडे टीम में अयाबोंगा खाका,मारिजैन कैप और नादिन डी क्लार्क की वापसी

जोहान्सबर्ग। तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका के साथ-साथ ऑलराउंडर मारिजैन कैप और नादिन डी क्लार्क की बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला वनडे टीम में वापसी हुई है। ये तिकड़ी क्रमशः आराम और चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में नहीं खेल पाई थी। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच वनडे मैच 16 से 23 दिसंबर तक ईस्ट लंदन, पोचेफस्ट्रूम और बेनोनी में होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ टाई श्रृंखला में अपना टी20 पदार्पण करने के बाद युवा एलिज-मैरी मार्क्स के लिए पहला वनडे कॉल-अप भी है। क्लो ट्रायोन, जो कमर की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टी20ई श्रृंखला से बाहर हो गई थी।

डब्ल्यूएफआई का चुनाव 21 दिसंबर को होगा, परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

रिटर्निंग पोलिंग ऑफिसर ने शनिवार को पुष्टि की कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव 21 दिसंबर को होंगे और वोटों की गिनती के बाद उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को रद्द करने के बाद आया है, जिससे नए डब्ल्यूएफआई गवर्निंग बॉडी के चुनाव की प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त हो गया है। चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ₹चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची की तैयारी और प्रदर्शन तक के सभी चरण (7 अगस्त को) पूरे हो चुके थे और मतदान, वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा जैसी विभिन्न गतिविधियां बाकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन आदेश हटा दिया है और इसलिए शेष चरण जैसे मतदान आदि अब निम्नलिखित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार को फिर से शुरू होंगे।आवश्यकताओं और शर्तों के साथ-साथ भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रकाशित मॉडल दिशानिर्देश, 2011 का अनुपालन करेंगी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्लूडब्लू) ने समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को अस्थायी रूप से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था ।

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जो सोलोमन का 93 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जो सोलोमन का शनिवार को 93 साल की उम्र में निधन हो गया। विंडीज क्रिकेट ने एक्स पर लिखा, अत्यधिक दुखद समाचार। गुयाना और वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज जो सोलोमन का आज निधन हो गया। वह उस रन आउट के लिए प्रसिद्ध थे जिसके कारण 1960 में गाबा में प्रसिद्ध टेस्ट टाई हुआ था। हम उनके परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।" अपने करियर में उन्होंने 1958 से 1965 के बीच कैरेबियाई टीम के लिए 27 टेस्ट खेले और 34 की औसत से 1326 रन बनाए। हालांकि उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से शुरूआत की और 26 साल की उम्र में डेब्यू किया और जल्द ही टीम में अपनी जगह बना ली।

प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग, 12 वां संस्करण संपन्न

बीआईटी मेसरा की कंप्यूटर सुपर किंग्स टीम बनी विजेता

एजेंसी। रांची

बीआईटी मेसरा में चले प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग-2023 के 12 वॉ संस्करण का विजेता कंप्यूटर सुपर किंग्स बना। उसने रॉयल चैलेंजर्स की टीम को सात विकेट से हराया। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में पांच विकेट खोकर 122 रन बनाया। जिसमें कप्तान चंचल ने 43 रन, आलोक ने 22 और कमल ने 25 रन का योगदान दिया। कंप्यूटर सुपर किंग्स के गेंदबाज जितेंदर ने दो विकेट लिया। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंप्यूटर सुपर किंग्स टीम को भी जीत के लिए अंतिम ओवर तक संघर्ष करना पड़ा। जिसके बाद कंप्यूटर सुपर किंग्स 14.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कंप्यूटर सुपर किंग्स ने तीन विकेट पर 126 रन बनाकर मैच जीत लिया। किंग्स के मुस्तफी ने नाबाद 72 रनों की शानदार पारी खेली, जिस कारण रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। 72 रनों की नवाद पारी के लिए कंप्यूटर सुपर किंग्स के मुस्तफी को प्लेयर ऑफ द मैच का आवार्ड दिया गया। विजेता खिलाड़ियों को बीआईटी मेसरा के कार्यवाहक कुलपति कुणाल मुखोपाध्याय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक के निदेशक प्रो विनय शर्मा और प्रोफेसर आरसी झा ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये।

चंचल मिश्रा बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

लीग में सबसे ज्यादा चौका लगाने का पुरस्कार चंचल मिश्रा को दिया गया।

सबसे ज्यादा छक्के लगाने का पुरस्कार मुस्तफी को मिला।

सबसे ज्यादा विकेट लेने का पुरस्कार देवघर से कृष्णा को दिया गया।

अतुल अनदंड मेमोरियल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चंचल मिश्रा को चुना गया।

फुटबॉल खिलाड़ियों की महफिल,'बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड ' का आयोजन

एजेंसी। लंदन

फुटबॉल प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। फीफा की ओर से हर वर्ष आयोजित होने वाले शानदार बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड के आयोजन की घोषणा कर दी गई है। विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने अवॉर्ड प्रोग्राम के आयोजन का ऐलान शुक्रवार को किया है। फीफा ने हालांकि समारोह के लिए चुने गये स्थल के बारे में नहीं बताया। आठ पुरस्कारों के लिए कोचों, कप्तान, पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा मतदान किया जाता है। इसमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी, कोच और गोलकीपर भी शामिल हैं। इस बार बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड का भव्य आयोजन जनवरी में लंदन में आयोजित किया जाना है। इस समारोह का आयोजन 15 जनवरी को होगा। इस अवॉर्ड प्रोग्राम में लियोनल मेस्सी, अर्लिंग हालांड, पेप गार्डियोला, ऐटाना बोनमाटी और एम्मा हायेस जैसे स्टार खिलाड़ी अवॉर्ड के लिए दावेदारी पेश कर रहे है। बता दें कि ये इस पुरस्कार का आठवां चरण है। इस अवॉर्ड समारोह में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, कोचों, गोल और फेयर प्ले के लिए पुरस्कार दिये जायेंगे। तीसरी दफा इनका आयोजन लंदन में किया जायेगा। पहले 2016 और 2017 में भी इन्हें यहां आयोजित किया जा चुका है। फीफा ने हालांकि समारोह के लिए चुने गये स्थल के बारे में नहीं बताया। आठ पुरस्कारों के लिए कोचों, कप्तान, पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा मतदान किया जाता है। इसमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी, कोच और गोलकीपर भी शामिल हैं। साल के सर्वश्रेष्ठ गोल के लिए पुस्कास अवार्ड दिया जाता है। मेस्सी को 2022 में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और एलेक्सिया पुटेलास को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार मिला था।